CMYK

अधिकतम :26°C
न्यूनतम: 12°C

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, गुरुवार 20 नवम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 85 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 28 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी ने मेरठ, कानपुर व मथुरा-वृंदावन की विकास कार्ययोजना की समीक्षा की पेज 2



वनडे रैंकिंग में मिचेल ने ली रोहित की जगह खेल टाइम्स




सोरम में हुई सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत का सामाजिक महत्व सम्पादकीय



भारत को एसयू-फाइटर जेट्स देने को रूस तैयार पेज 12

# राहुल के खिलाफ 272 रिटायर्ड जजों-अफसरों ने लिखा खुला पत्र

■ कहा: कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की साख कमजोर करने की कोशिश कर रही



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग पर लग रहे वोट चोरी के आरोपों पर देशभर के 272 रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने बुधवार को एक खुला पत्र जारी किया है। इसमें लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की गई है। पत्र में 16 पूर्व जज, 123 सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट (14 पूर्व राजदूत सहित) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।

इन रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने खुला पत्र में आरोप लगाया है कि कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की साख कमजोर करने की कोशिश कर रही है। इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अनावश्यक अविश्वास फैलता है। पत्र में यह भी कहा गया कि चुनाव आयोग भारत की चुनाव प्रणाली का सबसे अहम स्तंभ है। उस पर बार-बार सवाल उठाने से जनता का भरोसा कमजोर होता है और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचता है। राजनीतिक मतभेद जरूरी हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार आरोप लगाना देशहित के खिलाफ है। दरअसल, राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप में अब तक तीन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके हैं। उन्होंने आयोग को मोदी सरकार की 'बी टीम' भी कहा था। भाजपा के साथ वोट चोरी करने का आरोप लगाया था। पत्र में कहा गया है कि पहले सेना, फिर न्यायपालिका और संसद पर सवाल उठाए गए और अब चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। यह एक खतरनाक चलन बन गया है, जिसमें चुनावी हार को छिपाने के लिए संस्थाओं की साख पर हमला किया जा रहा है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाया, उसे गद्दारी तक कहा और अधिकारियों को धमकाया, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कोई आधिकारिक शिकायत या हलफनामा पेश नहीं किया। यह सिर्फ राजनीतिक नाराजगी है, जिसका कोई ठोस आधार नहीं है। जब विपक्षी पार्टियां जीतती हैं, तब चुनाव आयोग पर कोई आरोप नहीं लगता, लेकिन हार मिलते ही आयोग को दोषी ठहराना शुरू हो जाता है। यह राजनीतिक अवसरवाद है। टीएन शेषन और एन. गोपालस्वामी जैसे पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों ने आयोग को बेहद मजबूत और निष्पक्ष संस्था बनाया है, इसलिए आज उस पर बेबुनियाद हमले लोकतंत्र के लिए नुकसानदायक हैं।

## भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करना जरूरी नहीं: भागवत

**गुवाहाटी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत और हिंदू एक ही हैं। भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारी सभ्यता पहले से ही इसे जाहिर करती है। गुवाहाटी में एक कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा कि जो भी भारत पर गर्व करता है, वह हिंदू है। हिंदू सिर्फ धार्मिक शब्द नहीं बल्कि एक सभ्यता गत पहचान है, जो हजारों साल की सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ी है। आरएसएस चीफ सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा के लिए असम की राजधानी गुवाहाटी पहुंचे।



पुट्टपर्थी (आंध्र प्रदेश): दिवंगत आध्यात्मिक गुरु श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन द्वारा पीएम मोदी का स्वागत किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### आंध्र प्रदेश: मुठभेड़ में सात माओवादी ढेर

**पडेरू।** आंध्र प्रदेश में अल्लूरी सीताराम राजू जिले के मारेडुमिली गांव के घने जंगलों में बुधवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए। खुफिया विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक महेश चंद्र लड्डा ने बताया कि भीषण मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए। इनमें तीन महिला माओवादी भी शामिल हैं। मृत माओवादियों की पहचान जोगा राव उर्फ टेक शंकर, सीता उर्फ ज्योति, सुरेश, गणेश, वासु, अनीता और शम्मी के रूप में हुई है। मृतक माओवादी जोगा राव उर्फ टेक शंकर दक्षिण क्षेत्रीय समिति का सदस्य और आंध्र-ओडिशा सीमा प्रभारी भी था। एक अन्य मृतक सुरेश माओवादी संचार दल का प्रमुख था, जबकि अनीता जगरकोंडा समिति सदस्य एवं क्षेत्र समिति सदस्य थी। इन सभी मृतक माओवादियों पर इनाम घोषित थे।

### हाईकोर्ट ने उप्र सरकार पर लगाया 15 हजार का हर्जाना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने 11 वर्षों से विचाराधीन एक जनहित याचिका के मामले में विभागीय उदासीनता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्य सरकार पर 15 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। यह मामला मैंगो बेल्ट में पेड़ों के जियो-टैगिंग करवाने का है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने यह आदेश जयंत सिंह तोमर की याचिका पर दिया है। वहीं, आदेश के बावजूद एनएचएआई और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भी जवाब न देने पर भी नाराजगी जताई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने पहले भी पूछा था कि कि क्या मैंगो बेल्ट में पेड़ों के जियो-टैगिंग की वैज्ञानिक पद्धति अपनाई जा सकती है, लेकिन इस बार भी राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने सरकार से निर्देश लेकर जानकारी देने की बात कही।

### राजस्थान में शीतलहर,16 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजस्थान में पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा ठंडा मौसम माउंट आबू रहा। यहां न्यूनतम तापमान जीरो डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा कई शहरों में रात का पारा सामान्य से 5 डिग्री नीचे है। मंगलवार रात 16 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा।

# संसद कोर्ट के फैसले नहीं पलट सकती: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने ट्रिब्यूनल रिफॉर्म एक्ट 2021 के प्रावधान रद्द किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ चार महीने में नेशनल ट्रिब्यूनल कमीशन बनाने का आदेश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 के कुछ महत्वपूर्ण प्रावधानों को रद्द कर दिया और कहा कि यह कानून शक्तियों के बंटवारे एवं न्यायिक स्वतंत्रता के संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन करता है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने विभिन्न न्यायाधिकरणों में नियुक्तियों के संबंध में पूर्व के निर्णयों में बाध्यकारी निर्देशों को लागू करने में बार-बार विफल रहने पर केंद्र सरकार पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। शीर्ष अदालत ने कहा कि 2021 के अधिनियम में पहले निरस्त किए गए प्रावधानों को पुन: लागू किया गया तथा मद्रास बार एसोसिएशन (एमबीए) के कई मामलों में न्यायालय द्वारा चिन्हित दोषों को समाप्त नहीं किया गया। एमबीए द्वारा 2021 में दायर चुनौती को स्वीकार करते हुए, शीर्ष अदालत ने माना कि यह अधिनियम आधिकारिक न्यायिक घोषणाओं को विधायी रूप से खारिज करने के समान है और इसे बरकरार नहीं रखा जा सकता है। इसने दोहराया कि पूर्व एमबीए निर्णयों में निर्धारित निर्देश, जैसे न्यायाधिकरण के सदस्यों के लिए न्यूनतम पांच वर्ष का कार्यकाल और कम से कम दस वर्ष के अनुभव वाले अधिवक्ताओं की पात्रता, तब तक लागू रहेंगे जब तक कि संसद न्यायिक निर्देशों के अनुपालन में नया कानून नहीं बना लेती। पीठ ने केंद्र सरकार को चार महीने के अंदर राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग स्थापित करने का भी निर्देश दिया। इसने आगे स्पष्ट -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली के स्कूलों में स्पोर्ट्स फंक्शन न हों



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नवम्बर-दिसम्बर में स्कूलों में होने वाले स्पोर्ट्स फंक्शन पर रोक लगनी चाहिए। कोर्ट ने यह आदेश सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह के सवाल पर दिया। अपराजिता सिंह ने कहा था कि दिल्ली में मौजूदा वक्त में प्रदूषण के स्तर को देखते हुए ऐसी एक्टिविटी बच्चों को गैस चैंबर में डालने जैसा है। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने आगे कहा कि, वे पॉल्यूशन को लेकर हर महीने सुनवाई करेंगे, ताकि इसका परमानेंट समाधान निकाला जा सके। इसके अलावा कोर्ट ने दिल्ली में ग्रैप-3 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन वर्कर्स को भत्ता/आर्थिक सहायता देने का भी आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि ग्रैप-3-3 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन मजदूरों को भत्ता/आर्थिक सहायता दी जाए।

# अल-फलाह विवि के कुलाधिपति 13 दिन की ईडी हिरासत में




■ 415.10 करोड़ रुपये की अपराध आय अर्जित करने का मामला

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने अल-फलाह विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के अध्यक्ष एवं कुलाधिपति जावेद अहमद सिद्दीकी को कथित धोखाधड़ी वाले मान्यता दावों से जुड़े धनशोधन मामले में 13 दिनों की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया है। यह आदेश मंगलवार देर रात साकेत जिला न्यायालय में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान ने पारित किया।


ईडी ने 14 दिन की हिरासत की मांग करते हुए तर्क दिया था कि सिद्दीकी उस योजना के केंद्र में था जिसमें अल-फलाह विश्वविद्यालय और उसके संबद्ध संस्थानों ने कथित रूप से लगभग 415.10 करोड़ रुपये की अपराध आय अर्जित की थी। एजेंसी के अनुसार, यह राशि एनएएसी मान्यता और यूजीसी मान्यता के झूठे दावों के आधार पर छात्रों से एकत्रित की गई फीस है। ईडी ने तर्क दिया कि इन भ्रामक प्रथाओं का उपयोग छात्रों एवं अभिभावकों को बेईमानी से फीस का भुगतान करने के -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली विस्फोट की जांच में संदिग्ध कार कानपुर में मिली

**नई दिल्ली।** दिल्ली विस्फोट मामले की जांच कर रही एनआईए ने उत्तर प्रदेश के कानपुर के हितकारी नगर से हरियाणा में पंजीकृत एक संदिग्ध कार बरामद की है। एनआईए अधिकारी कार के मालिकाना हक की जांच कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार डा. शाहीन सईद विस्फोट से लगभग 25 दिन पहले कानपुर गई थी। पूछताछ में डा. शाहीन और उसके सहयोगी मुजम्मिल ने कथित रूप से फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला से बम बनाने के लिए रसायन चुराने की बात स्वीकार की। कई छापों के बाद विश्वविद्यालय पहले ही जांच के दायरे में है। इस बीच, एनआईए की व्यापक आतंकवाद- रोधी जांच से पता चला है कि डा. उमर नबी कथित रूप से अतिरिक्त आत्मघाती हमलावरों की भर्ती एवं प्रशिक्षण की कोशिश कर रहा था। जांचकर्ताओं ने पाया कि उसने कम से कम 11 व्यक्तियों को प्रेरक वीडियो वितरित किया था, जिनमें से सात कश्मीर से तथा अन्य उत्तर प्रदेश, केरल और कर्नाटक से थे।

# अनमोल बिश्नोई को 11 दिन की रिमांड पर भेजा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अमेरिका से प्रत्यर्पित लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को एनआईए ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अमेरिका से प्रत्यर्पित लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरते ही एनआईए ने गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद एनआईए की टीम ने आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने 11 दिन की एनआईए रिमांड पर भेज दिया है। गिरफ्तार गैंगस्टर को एनआईए मुख्यालय लाया गया।

अनमोल बिश्नोई दिवंगत एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में आरोपी है। वहीं सलमान खान पर फायरिंग जैसे कई मामलों में वांछित भी है। एनआईए ने कोर्ट से अनमोल की 15 दिनों की कस्टडी मांगी थी। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई और उसके करीबी अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से लौटने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि अनमोल को अमेरिका ने मंगलवार को भारत डिपोर्ट कर दिया था। इसके बाद दिल्ली पहुंचते ही एनआईए ने उसे पकड़ लिया। बिश्नोई गिरोह के विभिन्न सहयोगियों के साथ मिलकर काम करते हुए अनमोल ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के लिए अमेरिका से आतंकवादी सिंडिकेट चलाना और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देना जारी रखा। इसके लिए उसने जमीनी स्तर पर उसके गुर्गों का इस्तेमाल किया। जांच से पता चला है कि अनमोल बिश्नोई ने गिरोह के शूटरों और जमीनी गुर्गों को आश्रय और रसद सहायता प्रदान की थी।

# एनडीए ने नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुना, पटना में शपथग्रहण समारोह आज



**पटना।** बिहार में नई सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। एनडीए विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को फिर से एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया। इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह के लिए गुरुवार (आज) का दिन तय किया गया है।

एनडीए के सभी सहयोगी दलों ने नीतीश कुमार के नेतृत्व पर एक बार फिर भरोसा जताया है। जेडीयू बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बैठक के बाद कहा कि शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को होगा। एनडीए नेता का चयन हो चुका है। सभी एनडीए सहयोगियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एनडीए विधायक दल का नेता चुना है। इसी क्रम में आरएलएम की नेता स्नेहलता ने भी नीतीश कुमार के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए कहा कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री होंगे।

# मोदी ने किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की

■ 9 करोड़ किसानों के खाते में 18000 करोड़ से ज्यादा ट्रांसफर

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी की।

उन्होंने तमिलनाडु के कोयंबटूर से देशभर के करीब 9 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 18000 करोड़ रुपये से ज्यादा ट्रांसफर किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना से देश के छोटे किसानों के खाते में अब तक 4 लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। किसानों को 10 लाख करोड़ रुपये की मदद भी दी गई है। उन्होंने नेचुरल फॉर्मिंग को बढ़ावा देने की बात कही। मोदी ने कहा कि नेचुरल फॉर्मिंग से हमारा एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट 2 गुना हुआ है।

# एसआईआर में चूक पर अधिकारी जिम्मेदार होंगे

■ चुनाव आयोग की दिसम्बर तक डेडलाइन
■ दबाव से परेशान बीएलओ, राजस्थान-मप्र और केरल में तीन सुसाइड कर चुके



**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) चल रहा है। पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने कहा कि एसआईआर के दौरान किसी भी तरह की चूक पाए जाने पर अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

एक अधिकारी के अनुसार, उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कोलकाता में समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता करते हुए यह बयान दिया। मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल भी इन बैठकों में मौजूद थे। बंगाल में 18 नवम्बर की शाम 6 बजे तक 7.63 करोड़ गणना फार्म बांटे जा चुके हैं। कुल 1.09 करोड़ फार्म डिजिटल किए जा चुके हैं। दूसरी तरफ, केरल, राजस्थान, मध्य प्रदेश में एक-एक बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) आत्महत्या कर चुके हैं। पश्चिम बंगाल में एक बीएलओ ने आत्महत्या की धमकी दी है। मंगलवार को तमिलनाडु के तंजावुर में एक आंगनवाड़ी सेविका ने जान देने की कोशिश की।

### SIR कार्य के तनाव ने छीन ली जिंदगी

**सवाई माधोपुर।** जिले के खंडार उपखंड क्षेत्र के बहरावड़ा खुर्द गांव में मंगलवार सुबह एक बीएलओ की हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना के बाद गांव और प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया। मृतक बीएलओ हरिओम बैरवा के परिजनों ने आरोप लगाया कि एसआईआर कार्य को लेकर एसडीएम और तहसीलदार द्वारा लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा था, जिसकी वजह से वह पिछले छह दिनों से गंभीर तनाव में था। परिजनों का कहना है कि हरिओम घर पर भी किसी से बातचीत नहीं कर रहा था और मानसिक रूप से बेहद परेशान दिख रहा था। मंगलवार सुबह उसे तहसीलदार का फोन आया। परिजनों ने बताया कि फोन पर हुई बातचीत के कुछ ही मिनट बाद हरिओम को सीने में तेज दर्द उठा और वह गिर पड़ा। परिजन तुरंत उसे अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता बृजमोहन बैरवा और भाइयों ने बहरावंडा खुर्द चौकी में लिखित शिकायत देकर संबंधित अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी सरकार ने होमगार्ड भर्ती का किया ऐलान

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने यूपी में होमगार्ड विभाग में भर्ती के लिए बेरोजगार युवाओं को मौका दिया है। प्रदेश में 41,424 होमगार्ड्स की भर्ती की जाएगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 17 दिसम्बर 2025 आखिरी तारीख है आवेदन करने का। सभी 75 जिलों के लिए होमगार्ड्स की भर्ती होनी है, सबसे अधिक कानपुर में 1947 और सबसे कम भदोही में कुल 43 ही पद हैं। भर्ती के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया है और योग्यता बारहवीं। सभी 75 जिलों को मिलाकर कुल 41,424 पदों पर भर्तियां होनी हैं। इसमें न्यूनतम शैक्षिक योग्यता बारहवीं हैं और 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए, इसमें राज्य सरकार के आरक्षण नियमों के हिसाब से अलग-अलग वर्गों में छूट भी है। महिला आरक्षण इस भर्ती में भी है, आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है जो 17 दिसम्बर 2025 तक चलेगी।

### कांग्रेस नेताओं ने इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर बुधवार को यहां उनकी समाधि शक्ति स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। खड़गे ने पूर्व प्रधानमंत्री को नमन करते हुए कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी का अनुकरणीय और गतिशील नेतृत्व, जिसमें उन्होंने अपार राजनीतिक साहस दिखाया, सदैव प्रेरणादाई रहेगा। जन सेवा के लिए उनके अटूट संकल्प और समर्पण ने भारत की प्रगति यात्रा पर अमिट छाप छोड़ी है। राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान कोटि-कोटि नमन का पात्र है।

# धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहे दानाजीवी मीडिया हाउसः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ हमारे महाकाव्यों की कथाओं को तोड़मरोड़ रहे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुछ मीडिया संस्थानों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि ये राजनीतिक स्वार्थ में डूबे 'दानाजीवी मीडिया हाउस' हमारे महाकाव्यों की सांकेतिक कथाओं को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर रहे हैं।

साथ ही उनके मानने वालों की धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवाद पर लगातार चलाया जा रहा यह एजेंडा दरअसल भारतीय महागाथाओं के मूल तत्व परिवार, एकजुटता और त्याग का अपमान है। यादव ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि भाजपा और उसके समर्थक परिवार को नकारात्मक रूप में पेश करके समाज की एकता को कमजोर करना चाहते हैं। उनका आरोप है कि जो लोग सत्ता-भक्ति में लीन हैं, वे 'परिवार' शब्द का मजाक उड़ाकर प्रत्यक्ष रूप से हमारे महाकाव्यों के प्रतीकात्मक अर्थों को बदनाम कर रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि परिवार समाज की नींव है, और परिवारों की एकजुटता ही समाज को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके 'अपरिवारवादी' समर्थक चाहते हैं कि लोग परिवारों से अलग-थलग पड़ जाएं, ताकि उन्हें भय और भ्रम के सहारे नियंत्रित किया जा सके।

### भाजपा 'पर्यवेक्षक' नहीं, 'पर्चीवेक्षक' भेजती है

**लखनऊ।** बिहार में सरकार गठन को लेकर केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी को आड़े हाथों लिया है। यादव ने कहा कि भाजपा संगठनात्मक लोकतंत्र का ढिंढोरा पीटती है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पार्टी में फैसले पर्ची से होते हैं।

### एलओसी पर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में बुधवार की सुबह नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संदिग्ध हलचल के बाद बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि एलओसी के पास हलचल देखने के बाद सेना ने कमलकोट इलाके में ऑपरेशन शुरू किया। एक अधिकारी ने बताया कि जैसे ही संदिग्ध हलचल का पता चला, संदिग्ध घुसपैठियों को रोकने के लिए कुछ गोलियां चलाई गईं। अभी भी तलाशी अभियान चल रहा है। ऐसी जानकारी मिली है कि सर्दी शुरू होने और ऊपरी इलाकों में बर्फ जमने से पहले घुसपैठिए अंदर आने की कोशिश कर सकते हैं। कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में गत आठ नवम्बर को एलओसी पर सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था।

# बसपा की मिशनरी सोच के अनुरूप हों कार्यक्रम

लखनऊ/नई दिल्ली।



■ महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, बिहार व झारखंड इकाइयों की समीक्षा बैठक में बोली मायावती

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम बसपा की मिशनरी सोच के अनुरूप होने चाहिए।

उन्होंने महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, बिहार और झारखंड इकाइयों की समीक्षा बैठक के बाद कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी तथा पिछड़े, दलित और मुस्लिम समाज के उत्पीड़न पर पार्टी को देशव्यापी संघर्ष तेज करना होगा। सुश्री मायावती ने बुधवार को कहा कि भाजपा सरकार पर विपक्षियों को कमजोर करने, एजेंसियों का दुरुपयोग करने और देश को जातिवादी-धार्मिक तनाव की ओर धकेलने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। आरक्षण के संवैधानिक अधिकार पर हमले और उसे कमजोर करने के प्रयास बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने चेताया कि यदि आरक्षण को बचाने की लड़ाई को मजबूती से नहीं लड़ा गया, तो बहुजन वर्ग के भविष्य पर गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश में निष्पक्ष चुनाव की चुनौती बढ़ती जा रही है, इसलिए बाबा साहेब के मार्गदर्शन और कांशीराम जी के सामाजिक परिवर्तन मिशन को आगे बढ़ाना समय की मांग है। उन्होंने आगामी चुनावों में बसपा को और अधिक मजबूती के साथ उतरने के निर्देश दिए तथा कहा कि पार्टी को मतदाता सूची के चल रहे विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि बहुजन मतदाताओं का नाम किसी भी स्थिति में हटने न पाए। उन्होंने सभी राज्यों की इकाइयों से अपील की कि वे छह दिसम्बर 2025 के महापरिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मिशनरी उत्साह से काम करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम किसी भी तरह से दिखावटी या अवसरवादी नहीं बल्कि पार्टी की परम्पराओं के अनुरूप अनुशासित, सारगर्भित एवं प्रेरणादायक होने चाहिए।

## यूपी के तीन जिलों में 478 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार

# मेरठ, कानपुर व मथुरा-वृंदावन में होगा विकास

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री ने विकास कार्ययोजना की समीक्षा की
■ मंडलायुक्तों ने सीएम को बताई कार्ययोजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के समग्र नगरीय विकास की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इन नगरों का विकास केवल सड़कों और इमारतों के निर्माण तक सीमित न हो, बल्कि उनका स्वरूप ऐसा बने जिसमें स्थानीय पहचान, इतिहास, संस्कृति और आधुनिक सुविधाओं का संतुलन दिखे।

उन्होंने निर्देश दिया कि योजनाएं चरणबद्ध ढंग से लागू हों, कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं और नागरिकों को इसका प्रत्यक्ष लाभ दिखे। मुख्यमंत्री ने मेरठ में प्रस्तावित बिजली बम्बा बाईपास को लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर की तर्ज पर पीपीपी मोड में विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिए। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीनों मंडलों के मंडलायुक्तों ने बारी-बारी से अपनी कार्ययोजना से अवगत कराया। बताया गया कि अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज की तर्ज पर अब मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के लिए भी समेकित विकास मॉडल अपनाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों से विमर्श और विभागों के बीच समन्वय के आधार पर इन शहरों में कुल 478 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई है।

इनमें मेरठ में 111, कानपुर में 109 और मथुरा-वृंदावन में 258 परियोजनाओं का विकास प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं को अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक श्रेणी में विभाजित कर स्पष्ट समयसीमा तय की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के लिए नवाचार, बेहतर प्रबंधन और वित्तीय संयोजन पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर निजी क्षेत्र का सहयोग लेने और जहां संभव हो वहां पीपीपी मोड अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास का उद्देश्य ऐसा शहरी ढांचा तैयार करना है जो यातायात को सुगम बनाए, पैदल यात्रियों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दे, हरे-भरे शहरों की दिशा में आगे बढ़े और स्थानीय पहचान को मजबूत करे।

### उप्र में नहर व्यवस्था सुधार के लिए 95 नई परियोजना मंजूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सिचाई एवं जल संसाधन विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक में नहर व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 95 नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि ए परियोजनाएं प्रदेश के कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों को समयबद्ध सिचाई उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अधिकारियों के अनुसार कुल 39453.39 लाख की लागत वाली इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर 36 हजार हेक्टेयर भूमि में सिचाई क्षमता पुनर्स्थापित होगी, जिससे लगभग नौ लाख किसान और ग्रामीण आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

# एटीएस ने मौलवियों और प्रबंधकों के संबंध में मांगी जानकारी

प्रयागराज, वार्ता

■ दिल्ली धमाकों के बाद सरकार ने लिया फैसला

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आतंकवाद विरोधी दस्ता (एटीएस) ने बुधवार को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को एक पत्र भेजकर मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों, पढ़ाने वाले मौलवियों और प्रबंधकों के संबंध में जानकारी मांगी है।

एटीएस प्रयागराज यूनिट ने दिल्ली कार विस्फोट के बाद जोन के सभी जिलों के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को भेजा पत्र, पत्र भेजकर मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों, पढ़ाने वाले मौलवियों और प्रबंधकों के संबंध में जानकारी मांगी। सूचना में मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों का नाम, पिता का नाम, पता मोबाइल नंबर के साथ जानकारी मांगी गई है। प्रयागराज के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कृष्ण मुरारी ने बताया कि प्रयागराज जिले की मदरसों की सूचना एटीएस को दे दी है, सूचना मिलने के बाद एटीएस ने अपने स्तर पर मदरसों की जांच भी शुरू कर दी है। प्रयागराज जिले में कुल 206 मदरसे संचालित हो रहे हैं।

इसमें से 43 मदरसे अनुदानित हैं। अनुदानित मदरसों में 620 शिक्षक कार्यरत हैं और 11378 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, जबकि जिले में मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या 169 है। मान्यता प्राप्त मदरसों में 854 शिक्षक और 14551 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। कई मदरसों में छात्रों के साथ छात्राएं भी दीनी तालीम हासिल कर रही हैं।



सेंसेक्स 85186.47
निफ्टी 26052.65



सोना रु. 125010
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 165000
प्रति किलो



# पहली बार 85 हजार के पार बंद हुआ सेंसेक्स

मुंबई, वार्ता



आईटी कंपनियों के नेतृत्व में घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 85 हजार अंक के पार बंद हुआ। सेंसेक्स 513.45 अंक चढ़कर 85,186.47 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 142.60 अंक की बढ़त में 26,052.65 अंक पर बंद हुआ। इसका रिकॉर्ड बंद स्तर 29 अक्टूबर को 26,053.90 अंक रहा था। आईटी सेक्टर की कंपनियों में जबरदस्त तेजी रही। कनाडा के कैलगेरी में कार्यालय खोलने की घोषणा के बाद एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर सेंसेक्स में सवा चार फीसदी से अधिक चढ़े। मंगलवार को शेयर पुनर्खरीद के विवरण साझा करने के बाद इंफोसिस का शेयर भी पौने चार फीसदी की मजबूती के साथ बंद हुआ। टीसीएस का शेयर दो प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का शेयर पौने तीन प्रतिशत से अधिक और मारुति सुजुकी का सवा फीसदी से ज्यादा टूट गया। मझौली कंपनियों में भी तेजी रही जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली अधिक देखी गई। एनएसई में आईटी के बाद सार्वजनिक बैंकों के समूह में सबसे अधिक तेजी रही। स्वास्थ्य, रियलिटी, तेल एवं गैस और मीडिया समूहों के सूचकांक लुढ़क गए।

# चार दिन बाद फिर सोने ने मारी छलांग, चांदी की कीमतें भी बढ़ी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर तेजी आई है। शादी-विवाह का सीजन चल रहा है और खरीदारी जोरों पर है। लगातार चौथों दिन गिरावट के बाद सर्राफा बाजार में सोने की चमक फिर बढ़ी है। बुधवार को बाजार खुलने के साथ सोना 1280 रुपये प्रति ग्राम की बढ़ा है। आज चांदी के भाव में भी 3000 रुपये प्रति किलो उछाल आया है। सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की कीमत 1200 रुपये प्रति 10 ग्राम उछलकर 1,25,010 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मंगलवार को इसका भाव 1,23,810 रुपये प्रति 10 ग्राम था। राजधानी लखनऊ में सोने के कीमत की करें तो आज वहां 24 कैरेट सोने की कीमत 1280 रुपये के तेजी के बाद 1,25,140 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मेरठ में आज इसका भाव 1,25,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत में बुधवार को बड़ी तेजी आई। बाजार खुलने के साथ चांदी 3000 रुपये प्रति किलो बढ़ी है, जिसके बाद इसका भाव 1,65,000 रुपये प्रति किलो हो गया। मंगलवार को इसकी कीमत 1,62,000 रुपये प्रति किलो थी। वाराणसी सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री रवि सर्राफ ने बताया कि वेडिंग सीजन की शुरुआत हो गई है।

### फतेहपुर की नूरी जामा मस्जिद में नहीं होगी तोड़फोड़: हाईकार्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फतेहपुर स्थित नूरी जामा मस्जिद के ध्वस्तीकरण को लेकर दायर याचिका का निपटारा कर दिया है। अदालत ने यह फैसला राज्य सरकार की ओर से दिए गए इस आश्वासन के बाद सुनाया कि मस्जिद के जिस हिस्से को सड़क चौड़ीकरण के लिए हटाया जाना आवश्यक था, उसे पहले ही ढहा दिया गया है और अब आगे कोई तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मस्जिद प्रबंधन द्वारा जमीन के सीमांकन से संबंधित आवेदन पर कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की द्वैतीय पीठ ने की। मस्जिद की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया था कि राज्य सरकार मस्जिद को अवैध निर्माण बताकर हटाने की कोशिश कर रही है, जबकि मस्जिद का निर्माण वर्ष 1839 में हुआ था और यह ऐतिहासिक संरचना है।

# संघ पर पाबंदी लगाने की कोशिश करने वाले अपना खुद का नुकसान करेंगे: आलोक

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने गैर भाजपा सरकारों वाले राज्यों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांगों के प्रति आगाह करते हुए कहा है कि ऐसा करने वाले खुद अपना नुकसान करेंगे।

आलोक कुमार ने बातचीत में संघ को भारतीय संस्कृति और परम्परा से जुड़ा संगठन बताया है और कहा है कि संघ पर पहले भी कुछ सरकारों ने पाबंदी लगाने के कदम उठाए थे, या उसे दबाने की कोशिश की गई थी, लेकिन व्यापक जनभावनाओं के समक्ष उन्हें अपने कदम वापस लेने पड़े। संघ के पंजीकरण को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर कुमार ने कहा कि संगठन का स्वरूप क्या हो, यह निर्णय उसका है। उसके वर्तमान स्वरूप से किसी कानून का उल्लंघन नहीं होता। उल्लेखनीय है कि कुमार एक विधिवेत्ता भी हैं। कर्नाटक में कथित तौर पर संघ की गतिविधियों को लक्षित कर सार्वजनिक सभा आदि को लेकर हाल में लगाए गए कुछ विवादास्पद प्रतिबंधों और उस पर मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की सफाई से जुड़े मुद्दों पर विहिप नेता ने कहा कि संघ पर प्रतिबंध लगाना उसके कार्यों में रोक-टोक पैदा करना, उन्हीं लोगों के हित में नहीं है, जो ऐसा कर रहे हैं। कुमार ने कांग्रेस और कर्नाटक की सिद्दारमैया सरकार को नसीहत देने के अंदाज में कहा कि संघ पर जो भी प्रतिबंध लगाते हैं, या कोई रोक-टोक करते हैं, वे काल के प्रभाव में नष्ट हो जाते हैं, संघ को लेकर अगर कर्नाटक (सरकार) कोई ऐसा प्रयत्न करेगी, तो उसका परिणाम भी यही होगा।

उन्होंने कर्नाटक के मुद्दे को गंभीर बताया और कहा कि महात्मा गांधी की हत्या के बाद जवाहर लाल नेहरु सरकार ने संघ को प्रतिबंधित किया था, उस समय जनता के प्यार एवं संघ कार्यकर्ताओं के संकल्प ने पूरे देश में उसके खिलाफ एक विशाल आंदोलन खड़ा किया, जिसके कारण संघ पर लगे प्रतिबंध को हटाना पड़ा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**संसद कोर्ट...** किया कि 2021 अधिनियम से पहले हुई नियुक्तियां एमबीए-4 और एमबीए-5 निर्णयों द्वारा शासित होंगी। उच्चतम न्यायालय ने इसके अलावा यह भी आदेश दिया कि आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के सदस्य 62 वर्ष की आयु तक सेवा में बने रहेंगे तथा अध्यक्ष 65 वर्ष की आयु तक सेवा में रहेंगे। सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के सदस्यों और अध्यक्ष के लिए भी यही आयु मानदंड लागू होगा। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि 2021 अधिनियम के कुछ प्रावधान, जैसे कि चार साल का कार्यकाल, न्यूनतम आयु 50 वर्ष की आवश्यकता और खोज-सह-चयन समिति के कामकाज में बदलाव, स्थापित न्यायिक जनादेश के विपरीत हैं और इसलिए संवैधानिक रूप से अस्वीकार्य हैं।

**अल-फलाह....** लिए प्रेरित करने के लिए किया गया, जिससे अत्यधिक अपराध आय अर्जित हुई। 2014-15 से 2024-25 तक आयकर रिटर्न के वित्तीय विश्लेषण से पता चला कि शैक्षणिक राजस्व में भारी वृद्धि हुई है, जिन वर्षों में संस्थान को मान्यता प्राप्त नहीं हुए थे उन वर्षों के दौरान कुल 415.10 करोड़ रुपये को शैक्षणिक राजस्व घोषित किया गया था। ईडी ने रिमांड अर्जी में आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय का संचालन करने वाले अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट के नियंत्रक सिद्दीकी इस योजना में अहम भूमिका निभा रहे थे। एजेंसी ने मुख्य वित्तीय अधिकारी सहित अधिकारियों के बयानों का हवाला दिया, जिनमें कहा गया था कि सभी बड़े वित्तीय फैसलों को सिद्दीकी ने ही मंजूरी प्रदान की थी। ईडी की याचिका का विरोध करते हुए, सिद्दीकी के वकील ने तर्क दिया कि उनके मुवक्किल को झूठा फंसाया गया है। बचाव पक्ष ने दलील दी कि धनशोधन मामले का आधार बनने वाली दोनों प्राथमिकी झूठी और मनगढ़ंत थीं। उन्होंने कहा कि सिद्दीकी जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं और 14 दिन की हिरासत अनावश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर हिरासत में लेना तो इसे सात दिनों तक सीमित करना चाहिए। दोनों पक्षों को सुनने और मामले के रिकॉर्ड की जांच करने के बाद, अदालत ने माना कि पीएमएलए के अंतर्गत गिरफ्तारी के लिए अनिवार्य कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया। न्यायाधीश ने अपराध की गंभीरता और जांच के प्रारंभिक चरण को देखते हुए ईडी की हिरासत में पूछताछ के अनुरोध को उचित माना। हालांकि, ईडी के 14 दिनों का अनुरोध किया था लेकिन अदालत ने 13 दिनों की ईडी हिरासत को मंजूरी प्रदान की और निर्देश दिया कि सिद्दीकी को एक दिसम्बर को अदालत में पेश किया जाए। सारी कार्यवाही तड़के ही पूरी हो गई, जिससे अधिकारियों द्वारा इस मामले में दिखाई गई तत्परता और महत्व का पता चलता है। अब जांच पूरी तरह से धन के लेन-देन का पता लगाने और सैकड़ों करोड़ रुपये की धोखाधड़ी वाली शैक्षिक गतिविधियों के पीछे की कथित साजशि को उजागर करने पर केंद्रित होगी, जिसे ईडी फर्जी शैक्षिक गतिविधियां बता रहा है।

# नए आविष्कारों का समाज पर सकारात्मक प्रभाव होना चाहिए : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रौद्योगिकी संस्थानों के छात्रों से कहा है कि उन्हें आविष्कार करते समय इस बात पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि समाज पर इसका कितना सकारात्मक प्रभाव होगा और इसकी उपयोगिता क्या होगी।

श्रीमती मुर्मू ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) दिल्ली के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एनआईटी बहु-विषई शिक्षा, नवोन्मेष, अनुसंधान, उद्यम क्षेत्रों के साथ सहयोग और कौशल- जनित शिक्षा को बढ़ावा देकर छात्रों को भविष्योन्मुखी आवश्यकताओं की दिशा में सक्षम बना रहा है। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से हमेशा सीखते रहने, अनुसंधान जारी रखने और नवोत्पाद के उपाय तलाशने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनमें नई तकनीक विकसित करने का साहस होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से यह याद रखने को कहा कि सच्ची प्रगति का पैमाना केवल आविष्कार नहीं, बल्कि समाज के लिए उसकी सकारात्मक उपयोगिता है। चाहे वे स्थाई ऊर्जा प्रणालियां विकसित करें, सुलभ तकनीक निर्मित करें या ग्रामीण क्षेत्र और अत्यंत वंचित समुदायों के लिए जीवन उपयोगी समाधान विकसित करें, उनके विचारों और कार्यों से सामाजिक असमानताओं में कमी आनी चाहिए और लोगों के जीवन में नई आशा का संचार होना चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि उद्यमशीलता और नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए स्टार्ट-अप केंद्र से विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और नेटवर्किंग के अवसर मिल रहे हैं। संस्थान में बनाए गए इनक्यूबेशन सेंटर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह नए विचारों को व्यवहार्य व्यवसायों में परिवर्तित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास से छात्र सशक्त बनेंगे और स्वरोजगार की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## यूटिलिटी वाहन खाई में गिरा, चालक की मौत

**साहिया।** कालसी से धोईरा जा रही यूटिलिटी वाहन अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर खाई में जा गिरी। जिससे वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य दो घायल व्यक्तियों को पीएचसी कालसी उपचार के लिए भेजा गया है।जानकारी के मुताबिक कालसी से धोईरा की तरफ जा रहे यूटिलिटी वाहन धोईरा गाँव के समीप अनियंत्रित होकर खाई में गिरी। वाहन दुर्घटना की सूचना मिलने कालसी पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों और पुलिस ने घायलों धन्नू पुत्र थेपडू, निवासी ग्राम निछिया, कालसी और अनुज पुत्र प्रताप सिंह निवासी धोईरा, कालसी व मृतक राजेंद्र सिंह पुत्र साधू निवासी ग्राम धोईरा, कालसी को खाई से निकालकर सड़क तक पहुंचाया। दोनों घायलों को 108 की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालसी पहुँचाया गया।एसआई नीरज कठैत ने बताया कि कालसी धोईरा मोटर मार्ग पर यूटिलिटी वाहन दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुयी जिसके बाद घायलों को रेस्क्यू कर कालसी अस्पताल भेजा गया जबकि चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

# स्प्रिचुअल इकोनॉमिक जोन की स्थापना के लिए तैयार करें रोड मैपःसीएम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के दोनों मंडलों में एक-एक स्प्रिचुअल इकोनॉमिक जोन की स्थापना के लिए विस्तृत कार्ययोजना (रोडमैप) शीघ्र तैयार की जाए।

**■ मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित, उत्तराखंड को वैश्विक आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगी यह पहल**



मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल उत्तराखंड को वैश्विक आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ तीर्थ स्थलों एवं उनके आस-पास के क्षेत्रों का समग्र विकास किया जाए। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे, वहीं राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसी वित्तीय वर्ष में इस योजना पर कार्य धरातल पर प्रारंभ किया जाए।इसके तहत योग, ध्यान, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, स्थानीय हस्तशिल्प, पर्वतीय उत्पादों और सांस्कृतिक आयोजनों को भी प्रोत्साहन दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से राज्य का पर्यटन परिदृश्य और समृद्ध होगा तथा उत्तराखंड की पहचान 'आध्यात्मिक राजधानी' के रूप में और मजबूत होगी।
मुख्यमंत्री ने बैठक में शीतकालीन यात्रा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य की

### कहा -योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए ठोस कार्यनीति तैयार की जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही जनसामान्य के जीवन स्तर में सुधार लाना तथा राज्य के प्राकृतिक और आध्यात्मिक धरोहरों को सहेजते हुए सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए ठोस कार्यनीति तैयार की जाए और समयबद्ध रूप से प्रत्येक चरण की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

शीतकालीन स्थलों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करते हुए, वहां की यात्रा, आवास, परिवहन और सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत किया जाए ताकि अधिक से अधिक पर्यटक राज्य की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विविधता का अनुभव कर सकें। शीतकालीन यात्रा स्थलों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए पारंपरिक व आधुनिक माध्यमों के जरिए राज्य की पर्यटन संभावनाओं को देश-विदेश तक पहुंचाया जाए।इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज भी जुड़े थे।बैठक में बद्री-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, धीराज सिंह गर्ब्याल, स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा,अपर सचिव अभिषेक रोहिला एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# गोदियाल जी मुझे बूथ अध्यक्ष ही बना दोः हरदा

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने पार्टी की नई टीम के पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी भावी कार्ययोजना को लेकर बड़ा संकेत दिया है। पानी की चुस्कियों के बीच मन में उठे सवालों पर विचार करते हुए रावत ने कहा कि वह अब जमीनी स्तर से काम करने की इच्छा रखते हैं और इसके लिए उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से एक खास आग्रह करने का मन बनाया है।
रावत ने कहा कि नए प्रदेश अध्यक्ष, चुनाव प्रचार समिति और चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्षों के कार्यभार संभालने के बाद वह सोच रहे थे कि उन्हें अपना काम कहां से शुरू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्षों से वह कई स्तरों पर सक्रिय रहे, लेकिन इस बार वह खुद को बूथ स्तर पर योगदान देने के लिए प्रस्तुत करना चाहते हैं।रावत ने स्पष्ट कहा कि वह उत्तराखंड कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष से निवेदन करेंगे कि डिफेंस कॉलोनी में निवास के बावजूद, जहाँ

**■ हरीश रावत ने अब 'ग्रासरूट मॉडल' पर काम करने की इच्छा जताई, अध्यक्ष पदभार के बाद नई रणनीति के दिए संकेत**

उनका नाम दर्ज है उस धर्मपुर क्षेत्र के बूथ का बूथ अध्यक्ष बनाया जाए। रावत ने कहा, "मैं एक बार बूथ पर अपनी काबिलियत सिद्ध करना चाहता हूं।"इतना ही नहीं, रावत ने अपने पैतृक गांव मोहनरी के बूथ को मजबूत करने की इच्छा भी जताई। इसके लिए उन्होंने अपने भाई जगद.
ीश रावत का नाम बूथ अध्यक्ष के लिए प्रस्तावित किया है। उन्होंने कहा कि भाई के माध्यम से वह गांव के बूथ पर भी सक्रिय भूमिका निभाना चाहेंगे।रावत ने कहा कि आने वाले 4ख्र5 महीनों को वे एक 'ट्रायल पीरियड' की तरह लेकर चलेंगे और देखेंगे कि वे इस नई जिम्मेदारी को कितनी सफलता से निभा पाते हैं।

# सरकार ने छह महीने के लिए हड़ताल पर लगाई पाबंदी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश में छह माह के लिए एस्मा लागू कर कर्मचारियों के आंदोलन पर प्रतिबंध लगा दिया है। दूसरी ओर, विभागों से गैरहाजिर चल रहे उपनलकर्मियों के लिए शासन ने उपनल के एमडी को नो वर्क-नो पे का आदेश दे दिया है।

**■ एस्मा लागू, उपनलकर्मियों को नो वर्क-नो पे का आदेश जारी ,सचिव कार्मिक शैलेश बगोली ने अधिसूचना की जारी**

सचिव कार्मिक शैलेश बगोली की ओर से इस संबंध में बुधवार को एक अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार लोकहित में उ. प्र.अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम, 1966 (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन इस आदेश के निर्गत होने के दिनांक से छः मास की अवधि के लिए राज्याधीन सेवाओं में हड़ताल निषिद्ध की गई है।

प्रदेश में इस समय उपनल कर्मचारियों की हड़ताल से कई विभागों में कामकाज बुरी तरह प्रभावित है।

उधर, मांगों को लेकर कई संगठन आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच बुधवार को सरकार ने उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम, 1966 (उत्तराखंड राज्य में यथा प्रवृत्त)(एस्मा) की धारा-3 की उपधारा (1) के अधीन छह माह के लिए राज्याधीन सेवाओं में हड़ताल पर प्रतिबंध लगा दिया है। सचिव कार्मिक शैलेश बगोली ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।
दूसरी ओर, बुधवार को सचिव दीपेंद्र कुमार चौधरी ने उपनल के प्रबंध निदेशक को एक पत्र भेजा है। इसमें उनहोंने कहा है कि विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स उपनल कार्मिक, जो अपने कार्यालय से अनुपस्थित हैं, उनको चिह्नित करते हुए संबंधित विभागों, निगमों, संस्थाओं की ओर से अनुपस्थिति लगाई जाए। नो वर्क-नो पे का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, जो उपनल कर्मचारी दफ्तर नहीं पहुंचेंगे, उनका मानदेय कटेगा।

# वाइब्रेंट विलेज योजना : राज्य के 91 सीमांत गांव का चयन : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने आयुक्त, ग्राम्य विकास से वाइब्रेंट विलेज योजना (वीवीपी) की प्रगति रिपोर्ट विस्तृत रूप से प्राप्त की। जोशी ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, व्यापक प्रचार-प्रसार और समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश देते हुए सीमांत गांवों के समग्र विकास पर जोर दिया।
ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने बताया कि सीमांत क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, आजीविका सृजन और आबादी को रोकने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित वाइब्रेंट विलेज योजना (वीवीपी) के तहत उत्तराखण्ड राज्य में भारत-चीन एवं भारत-नेपाल सीमा से सटे कुल 91 गांवों का चयन किया गया है। योजना का उद्देश्य इन दुर्गम सीमांत

**■ ग्राम्य विकास मंत्री ने कहा- बनेंगे मॉडल विलेज,सीमांत क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, आजीविका सृजन और आबादी को रोकना है योजना का मकसद**



गांवों को मॉडल विलेज के रूप में विकसित कर वहां के नागरिकों को बेहतर जीवन-स्तर, सुविधा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सीमांत गांवों के प्रति विशेष लगाव प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि "माणा को देश का अंतिम नहीं, प्रथम गांव बनाने का संदेश प्रधानमंत्री मोदी की उत्तराखंड के प्रति संवेदनशीलता दर्शाता है। जोशी ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज योजना राज्य के दूरस्थ गांवों में आधुनिक सुविधाएं, स्थायी आजीविका, कृषि-बाग. वानी, सुरक्षित वातावरण और पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी। योजना के पूर्ण क्रियान्वयन से पलायन पर नियंत्रण और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह योजना उत्तराखंड के सीमांत गांवों को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और उन्नत मॉडल विलेज में बदलने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

### भारत-चीन सीमा क्षेत्र में 51 गांव चयनित

वीवीपी-1 के तहत भारत-चीन सीमा से लगे जनपदों मेंउत्तरकाशी (भटवाड़ी ब्लॉक)10 गांव, चमोली (जोशीमठ ब्लॉक) 14 गांव, पिथौरागढ़ (मुनस्यारी ख्र 08, धारचूला ख्र 17, कनालीछीना 02 गांव) इस प्रकार कुल 51 गांवों को वीवीपी-1 के तहत चयनित किया गया है। इन गांवों में आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करने, संपर्क मार्गों के निर्माण, स्थानीय संस्कृति एवं पर्यटन के प्रसार तथा आधुनिक सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा (520.13 करोड़) गृह मंत्रालय को भेजी गई थीं, जिनमें से 110 करोड़ से अधिक की धनराशि राज्य को मिल गई है।

### भारत-नेपाल सीमा के 40 गांव शामिल

वीवीपी-2 के अंतर्गत चम्पावत 11 गांव, पिथौरागढ़ 24 गांव, ऊधम सिंह नगर 06 गांव। इन 40 गांवों का चयन किया गया है। इन गांवों का डेटा संकलन और सत्यापन कार्य प्रगति पर है। वीवीपी के रोड कंपोनेंट के अंतर्गत पिथौरागढ़ जनपद में पीएमजीएसवाई की 5 सड़कों के निर्माण के लिए 119.44 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। इससे सीमा क्षेत्रों में आवाजाही, व्यापार और रणनीतिक दृष्टि से सड़क संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा।

## खनन सुधार में राज्य नंबर-1 पर

# केंद्र ने उत्तराखंड को फिर दी 100 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में खनन क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन और लगातार सुधारों के चलते उत्तराखंड एक बार फिर केंद्र सरकार से बड़ी प्रोत्साहन राशि हासिल करने में सफल रहा है। केंद्र के खघन मंत्रालय ने वर्ष 2025-26 की विशेष सहायता योजना के तहत उत्तराखंड को माइनर मिनरल्स रिफॉर्म्स मैं 100 करोड़ रुपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की है। इससे पहले भी माह अक्टूबर 2025 मैं राज्य को एसएमआरआई रैंकिंग मैं दूसरा स्थान प्राप्त होने पर 100 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि मिल चुकी है। इस प्रकार खनन क्षेत्र में उत्कृष्ट सुधारों और बेहतर नीतियों की बदौलत उत्तराखंड को कुल 200 करोड़ रुपये की प्रोहोत्सन राशि प्राप्त हो चुकी है।
राज्य ने हाल के वर्षों में खनन सुधारों पर जोर देते हुए बेहतर नीतियां लागू की हैं, जिसका परिणाम यह है कि उत्तराखंड ने खनन सेक्टर में देश में नंबर-1 स्थान हासिल किया है। केंद्र द्वारा 18 नवंबर को
जारी ताजा कार्यालय ज्ञाप में बताया गया है कि राज्य ने खनन क्षेत्र से जुड़ी अधिकांश सुधारात्मक कार्यवाहियों को समय पर और प्रभावी ढंग से लागू किया है। खासतौर पर माइनर मिनरल रिफॉर्म्स से संबंधित 7 में से 6 प्रमुख सुधारों के मानको को सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जिससे राज्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है!
खनन क्षेत्र में उत्तराखंड सरकार द्वारा अपनाई गई पारदर्शी और व्यवसाय-हितैषी नीतियों ने सरकार की आय में अभूतपूर्व वृद्धि की है। खनन विभाग के सुदृढ़ प्रबंधन तथा नई नीतियों ने न केवल सरकारी खजाने को मजबूती दी है, बल्कि प्रदेश में खनन कारोबार से लाखो लोगो को रोजगार प्राप्त हो रहा है और इससे जुड़े लाखों व्यापारियों और उद्यमियों को भी आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। स्थानीय लोगो और सरकारी कार्यदायी संस्था को सस्ते दाम पर निर्माण सामग्री मिल रही है खनन गतिविधियों के चलते राज्य में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिली है।
केंद्र सरकार ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि उत्तराखंड खनन क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है और सुधारों को तेजी से लागू कर रहा है। इसी प्रदर्शन को देखते हुए केंद्र ने वित्त मंत्रालय से राज्य को 100 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि का आदेश जारी किया गया है।

प्रदेश में खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ई निलामी प्रणाली, सैटेलाइट आधारित निगरानी जैसे कई कदम उठाए गए हैं। सरकार पर्यावरण का ध्यान रखते हुए, अवैध खनन पर लगाम कस रही है। जिसके सकारात्म परिणाम नजर आने लगे हैं।

**'पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड।'**



उक्त आदेश में शामिल राज्योंख्र नागालैंड, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंडख्रमें उत्तराखंड का प्रदर्शन सबसे बेहतर दर्ज किया गया है। मंत्रालय के आदेश के अनुसार, सभी राज्यों ने खनन मैं सुधार प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बनाई गई है।
इस उपलब्धि के साथ यह साफ हो गया है कि उत्तराखंड का खनन क्षेत्र राज्य सरकार के लिए राजस्व का एक मुख्य स्रोत साबित हो रहा है। बढ़ती पारदर्शिता, बेहतर नीति निर्माण और समयबद्ध सुधारों की वजह से उत्तराखंड अब देश के खनन परिदृश्य में एक मजबूत और विश्वसनीय पहचान बना रहा है !
उत्तरप्रदेश,हिमाचल ,जम्मू कश्मीर आदि राज्य भी उत्तराखंड की खनन नीतियों का अनुसरण कर रहे है।

# इको सेंसेटिव जोन परिधि में सुरक्षात्मक व उपचारात्मक कार्य करना संभवः सीएस

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में भागीरथी इको सेंसेटिव जोन निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई।
बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि इको सेंसेटिव जोन की परिधि में तत्काल सुरक्षात्मक और उपचारात्मक कार्य किए जा सकते हैं।उन्होंने सिंचाई विभाग और संबंधित विभागों और एजेंसियों को नदी से सटे क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण और अन्य सुरक्षात्मक कार्यों को करने के निर्देश दिए।
मुख्य सचिव ने गैर कृषि और कमर्शियल गतिविधियों की अनुम. तियों के संबंध में जिलाधिकारी उत्तरकाशी और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस संबंध में संबंधित जोनल मास्टर प्लान, पर्यावरण और जैव विविधता से जुड़े विभिन्न प्रावधानों का व्यापक अध्ययन कर लें। इस संबंध में यदि आईआईटी रुड़की/ हाइड्रोलॉजी

**■ मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में भागीरथी इको सेंसेटिव जोन निगरानी समिति की बैठक आयोजित**



संस्थान / वाडिया जैसे संस्थानों के वैज्ञानिक स्टडी की आवश्यकता अपेक्षित होती है तो उसको भी प्लान में शामिल करें।
उन्होंने निर्देशित किया कि निगरानी समिति की अगली बैठक में क्षेत्र का जोनल मास्टर प्लान के साथ-साथ यदि किसी कमर्शियल एक्टिविटी की परमिशन देने योग्य हो तो संबंधित प्रावधान तथा संबंधित नियामकीय निकाय की एन.ओ.सी. इत्यादि का संपूर्ण विवरण बैठक में प्रस्तुत करें।उन्होंने जोन में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का महत्व बताते हुए कहा कि इस संबंध में विभिन्न विभागों और एजेंसियों से समन्वय स्थापित करते हुए धरातलीय स्थिति के अनुरूप प्लान बनाकर अगली बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि समिति के सदस्य और संबंधित विभागों और एजेंसियों के अधिकारी निर्धारित की गई विभिन्न साइट का स्थलीय निरीक्षण भी कर सकते हैं। उन्होंने इसके लिए निश्चित तिथि निर्धारण के भी निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, इंडिपेंडेंट सदस्य राज्य निगरानी समिति मलिका भनोत, जिलाधिकारी उत्तरकाशी प्रशांत आर्य, निदेशक यूटीडीबी (इंफ्रास्ट्रक्चर) दीपक खंडूरी, अधिशासी अभियंता सिंचाई संजय राय सहित संबंधित अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

# सीओपीडी के लक्षणों को न करें नजरअंदाजः डॉ. चाचरा

**■ मैक्स अस्पताल ने विश्व सीओपीडी दिवस पर किया जागरूक कहा - लगातार खांसी घरघराहट या सांस लेने में तकलीफ जैसे शुरुआती लक्षणों को गंभीरता से लें**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विश्व सीओपीडी दिवस के अवसर पर, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, देहरादून ने बुधवार को लोगों को क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के बारे में शिक्षित करने और इसके बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक
अवेयरनेस कैंपेन का आयोजन किया। सीओपीडी एक गंभीर लेकिन रोकी जा सकने वाली फेफड़ों की बीमारी है, जिसमें सांस लेने में दिक्कत होती है और जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है।
इस वर्ष का विषय, ष्साँस लेना ही जीवन है - समय रहते कदम उठाएँष,



सीओपीडी की प्रभावी रोकथाम और प्रबंधन के लिए शीघ्र निदान, समय पर उपचार और स्वस्थ जीवनशैली की आदतों के महत्व पर केंद्रित है।
इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. वैभव चाचरा, प्रिंसिपल कंसल्टेंट ख्र पल्मोनोलॉजी, मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून ने कहा कि, ष्सीओपीडी धीरे-धीरे विकसित होता है, अक्सर धूम्रपान, वायु प्रदूषण या धूल और धुएं के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होता है। कई लोग लगातार खांसी, घरघराहट या सांस लेने में तकलीफ जैसे शुरुआती लक्षणों को यह मानकर नजरअंदाज कर देते हैं कि ये मामूली समस्याएँ हैं। इन चेता. वनी संकेतों को समय पर पहचानना और किसी विशेषज्ञ से जल्दी परामर्श लेना फेफड़ों को और अधिक नुकसान से बचाने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद कर सकता है।
उत्तर भारत में, खासकर सर्दियों के महीनों में, जब वायु प्रदूषण का स्तर अपने उच्चतम स्तर पर होता है, सीओपीडी के मामले बढ़ जाते हैं। खराब वायु गुणवत्ता, धुएँ के संपर्क में आना और बार-बार होने वाले श्वसन संक्रमण, फेफड़ों की मौजूदा बीमा. रियों से पीड़ित लोगों के लिए साँस लेना और भी मुश्किल बना देते हैं। ये रुझान इस बात पर जोर देते हैं कि लोगों को फेफड़ों के स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक होने और समय पर किसी भी साँस लेने की समस्या का पता लगाने के लिए नियमित जाँच और प्रारंभिक जाँच करवाने की तत्काल आवश्यकता है।
डॉ. चाचरा, ने आगे कहा, ष्सीओपीडी से बचाव का सबसे अच्छा तरीका धूम्रपान छोड़ना, प्रदूषित या धुएँ वाले वातावरण से बचना, संतुलित आहार लेना और शारीरिक रूप से सक्रिय रहना है। धूल भरे इलाकों में मास्क पहनना, फ्लू और निमोनिया के टीके लगवाना और चिकित्सीय सलाह का पालन करना जैसे सरल उपाय साँस लेना आसान बना सकते हैं और फेफड़ों को स्वस्थ रख सकते हैं। सही देखभाल और पुनर्वास के साथ, सीओपीडी के मरीज पूर्ण और सक्रिय जीवन जी सकते हैं।

### कहा - फेफड़ों की जांच को दें पथमिकता

मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून लगातार जागरूकता कार्यक्रमों, फेफड़ों की जांच (लंग फंक्शन टेस्ट) और उन्नत श्वास संबंधी उपचार सुविधाओं के जरिए फेफड़ों की सेहत को बढ़ावा दे रहा है। अस्पताल सभी लोगों, खासकर धूम्रपान करने वालों और धूल-प्रदूषण में काम करने वाले लोगों से अपील करता है कि वे फेफड़ों की जांच को प्राथमिकता दें और अगर सांस फूलने या सांस लेने में दिक्कत हो तो समय पर डॉक्टर से संपर्क करें।

# खनन में राज्य को मिली प्रोत्साहन राशि धामी सरकार की पारदर्शी नीति का नतीजाः भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने केंद्र द्वारा उत्तराखंड को खनन के क्षेत्रों मे सुधार कार्यो के लिए अग्रणी तथा घ100 करोड़ की प्रोत्साहन राशि पर प्रसंशा जताते हुए इसे पारदर्शी नीति का नतीजा बताया और सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया।
भट्ट ने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के पारदर्शी नीति, उल्लेखनीय प्रदर्शन और लगातार सुधारों के चलते उत्तराखंड एक बार फिर केंद्र सरकार से बड़ी प्रोत्साहन राशि हासिल करने में सफल रहा है। केंद्र के खघन मंत्रालय ने वर्ष 2025-26 की विशेष सहायता योजना (ैंब्प्) के तहत उत्तराखंड को माइनर मिनरल्स रिफॉर्म्स मैं 100 करोड़ रुपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की है। इससे पहले भी माह अक्टूबर 2025 मैं राज्य को एसएमआरआई रैंकिंग मैं दूसरा स्थान प्राप्त होने पर 100 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि



मिल चुकी है। इस प्रकार खनन क्षेत्र में उत्कृष्ट सुधारों और बेहतर नीतियों की बदौलत उत्तराखंड को कुल 200 करोड़ रुपये की प्रोहोत्सन राशि प्राप्त हो चुकी है। भट्ट ने कहा कि राज्य ने हाल के वर्षों में खनन सुधारों पर जोर देते हुए बेहतर नीतियां लागू की हैं, जिसका परिणाम यह है कि उत्तराखंड ने खनन सेक्टर में देश में नंबर-1 स्थान हासिल किया है। राज्य ने खनन क्षेत्र से जुड़ी अधिकांश सुधारात्मक कार्यवाहियों को समय पर और प्रभावी ढंग से लागू किया है। खासतौर पर माइनर मिनरल रिफॉर्म्स से संबंधित 7 में से 6 प्रमुख सुधारों के मानको को सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जिससे राज्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है! खनन क्षेत्र में उत्तराखंड सरकार द्वारा अपनाई गई पारदर्शी और व्यवसाय-हितैषी नीतियों ने सरकार की आय में अभूतपूर्व वृद्धि की है।खनन विभाग के सुदृढ़ प्रबंधन तथा नई नीतियों ने न केवल सरकारी खजाने को मजबूती दी है, बल्कि प्रदेश में खनन कारोबार से लाखो लोगो को रोजगार प्राप्त हो रहा है और इससे जुड़े लाखों व्यापारियों और उद्यमियों को भी आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है।
भट्ट ने कहा कि खनन के मामले मे आरोप प्रत्यारोप की राजनीति कर रही कांग्रेस के लिए भी यह सच से सामना करने वाली है। एक वर्ष मे कांग्रेस जितना लाभ खनन से राज्य को नही दिला पायी उससे अधिक धामी सरकार पुरस्कार के रूप मे अर्जित कर रही है। वहीं खनन से 4 गुना राजस्व अर्जित करने की सफलता धामी सरकार अर्जित कर चुकी है। जिसके परिणाम राज्य हित मे सुखद है।

## छात्रों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

**विकासनगर।** नशा मुक्त भारत अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में समरफील्ड स्कूल, हरबर्टपुर में कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों ने नशा मुक्ति शपथ ग्रहण की।इस दौरान प्रधानाचार्य सोनाली वर्मा एवं प्रबंधक डॉ. अजय वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि नशा समाज को बर्बाद कर रहा है। विद्यार्थियों को समझाया गया कि वे किसी भी प्रकार के अप्रिय साथियों के दबाव में न आएँ और ऐसी आदतें न अपनाएँ जो उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हों।उन्हें यह भी अवगत कराया गया कि क्षेत्र में नशा व पदार्थ दुरुपयोग के बढ़ते मामलों पर सरकारी विभाग लगातार सतर्क हैं। छात्रों को परामर्श दिया गया कि यदि वे जीवन में किसी भी प्रकार की कठिनाई या तनाव महसूस करें, तो किसी भी प्रकार के नशे का सहारा लेने के बजाय स्कूल में उपलब्ध काउंसलिंग सुविधा का लाभ लें। उन्होने कहा कि कोई भी व्यक्ति नशे के प्रभाव में दिखाई दे तो सूचना दें।

# बिना कोई टैक्स बढ़ाए होगा काशीपुर का विकास: बाली



बोर्ड बैठक में नगर के विकास के लिए 20 बिंदुओं पर चर्चा के उपरांत ध्वनिमत से किया पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में शहर के विकास हेतु लाए गए सभी 20 बिंदुओं पर चर्चा के उपरांत उन्हें ध्वनि मत से पास कर दिया गया। बैठक की शुरुआत भगवान श्री राम के चित्र के समक्ष दीपक प्रज्वलित कर की गई और दीप प्रज्वलन के तुरंत बाद सभी पार्षदों ने काशीपुर के विकास के क्षेत्र में बेहतर काम करने हेतु महापौर दीपक बाली का अभिनंदन पत्र देकर और साल ओढाकर सम्मानित किया और उन्हें प्रदेश का सबसे बेहतर काम करने वाला महापौर बताया।

बैठक के उपरांत महापौर दीपक बाली ने नगर की जनता को संदेश दिया कि बगैर कोई टैक्स बढ़ाए काशीपुर के विकास को आगे बढ़ाया जाएगा। सड़कों के बीच में कहीं भी खंबे नहीं रहने दिए जाएंगे साथ ही महाराणा प्रताप चौक से जीजीआईसी रोड होते हुए रतन सिनेमा रोड पर तथा गिरीताल और मां चामुंडा मंदिर तक दोनों और फैंसी लाइटें लगवाई जाएंगी और इस काम को जिला विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। महापौर ने बताया कि वार्ड संख्या 11 एवं 40 के विकास हेतु इन दोनों वार्डो को जिला विकास प्राधिकरण को गोद दिया जा रहा है।

नगर निगम क्षेत्र में शीघ्र ही विभाजन विभीषिका पार्क का निर्माण होगा जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री से कराया जाएगा। नगर निगम क्षेत्र के सभी शमशान घाटों की दशा सुधारी जाएगी और पोस्टमार्टम हाउस का भी जीणोद्धार स्वास्थ्य विभाग से बात करके कराया जाएगा। आज की बोर्ड बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड के संबंध में जन समस्याओं के निदान हेतु जो पत्र दिए हैं उन्हें एक सप्ताह के अंदर संबंधित विभागों को भेज दिया जाएगा हर 15 दिन के अंतर पर एक बार सभी पार्षद और नगर निगम सहित अन्य विभागों के अधिकारी बैठकर समस्याओं के निदान पर मंथन करेंगे और उनका निदान करेंगे। जनवरी माह से नगर निगम जनता के द्वार कार्यक्रम शुरू करेगा और प्रत्येक वार्ड में महापौर अधिकारियों के साथ पहुंचकर जनता दरबार लगाएंगे। महापौर ने सभी पार्षदों से कहा कि जो भी अपने-अपने वार्ड के क्षेत्र में नगर निगम के विस्तार के प्रति इच्छुक हैं वे अपना अपना प्रस्ताव बना कर दें। श्री बाली ने कहा कि अब जनता को हाउस टैक्स जमा करने में अर्थ दंड से राहत दी गई है और अब हाउस टैक्स जमा करने की अवधि एक अप्रैल से 31 मार्च तक हुआ करेगी और जो व्यक्ति प्रथम तीन महा के अंदर अर्थात माह जून तक अपना हाउस टैक्स जमा कराएगा उसे टैक्स में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। अब नगर निगम क्षेत्र में पांच के बजाय 10 आरोग्य मंदिर स्थापित किए जाएंगे। आधार कार्ड और श्रमिक कार्ड बनाने हेतु केंद्र खोलने के स्थान चयनित करने की जिम्मेदारी पार्षद एवं सांसद प्रति. निधि विजय बॉबी को सौंपी गई। पार्षदों ने कहा कि खाली पड़े प्लाटों में लोग कूड़ा डालते हैं लिहाजा उन प्लाटों के मालिकों को नोटिस दिए जाए।

कच्चे नालों को पक्का किया जाए जहां सड़के बहुत पुरानी है और गड्ढे हो गए हैं उनका निर्माण कराया जाए। आज की बैठक में रखे गए बिंदुओं में हाई मास्क लाइटों की निविदा सभागार में विद्युतीकरण कार्य सोशल मीडिया कंसलटेंट को रखे जाने स्वच्छ भारत मिशन कंसलटेंट शहर में 10 स्थानों पर ई-रिक्शा स्टैंड स्थापित करने और विभिन्न स्थानों पर नगर निगम की जमीनों पर 500 दुकाने बनाए जाने विभिन्न वार्डों में स्थित पार्कों की देखभाल और उनके सौंदर्य करण हेतु समाजसेवी संस्थाओं को सुपुर्द किए जाने सहित 20 बिंदुओं पर चर्चा हुई जिन्हें ध्वनि मत से स्वीकृत कर दिया गया। महापौर ने बताया कि अब ऐसी व्यवस्था की गयी है कि खराब हुई स्ट्रीट लाइटों को 24 घंटे के अंदर बदला जायेगा। बोर्ड बैठक का संचालन कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा द्वारा किया गया। बोर्ड बैठक में नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट, सहायक नगर आयुक्त विनोद शाह और कमल मेहता, अकाउंटेंट शिवेंद्र खनायत, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अमरजीत सिंह साहनी, एसआई मनोज बिष्ट, जगदीश सहित नगर निगम पार्षदों ने भाग लिया।

## आंदोलनकारियों से मिले डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी अंशुल सिंह बुधवार को चौखुटिया पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चौखुटिया क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर आंदोलनरत लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और मांगों को विस्तार से सुना। उन्होंने चौखुटिया क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया। कहा उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार तथा प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के प्रति प्रतिबद्ध है और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि चौखुटिया में स्पेशलिस्ट डॉक्टर की तैनाती के लिए विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि जल्द ही चौखुटिया अस्पताल को स्पेशलिस्ट डाक्टर मिलेंगे। डिजिटल एक्सरे मशीन की उपलब्धता भी चौखुटिया अस्पताल में की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्तर से डिजिटल एक्सरे मशीन की उपलब्धता के लिए प्रक्रिया गतिमान है। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने कहा कि जिला खनन न्यास से डिजिटल एक्सरे मशीन, वार्ड बॉय तथा स्वच्छक की तैनाती की स्वीकृति भी दे दी गई है। इससे चौखुटिया अस्पताल की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सीएचसी चौखुटिया को उच्चीकृत कर 50 बेड वाला अस्पताल का शासनादेश भी जारी हो गया है। जल्द ही इसके उच्चीकरण के कार्य किए जाएंगे। इस दौरान एसएसपी देवेंद्र पींचा, एसडीएम सुनील कुमार राज मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने चौखुटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न सेवाओं, साफ-सफाई, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं तथा रिकार्ड की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही उपलब्ध मशीनों व उपकरणों की कार्यशीलता की जांच कर आवश्यक सुधार हेतु निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति, मरीजों की प्रतीक्षा अवधि तथा रजिस्टरों के रख-रखाव जैसे बिंदुओं की समीक्षा की।

## दहेज हत्याकांड के तीनों अभियुक्त दोषमुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मनोज गर्ग्याल ने दहेज हत्यारोपी मुसाहिद पुत्र शाहिद हुसैन, हाजरा पत्नी शाहिद हुसैन, कु. बेगम पुत्री शाहिद हुसैन निवासी ग्राम गुलड़िया को दहेज हत्या में सन्देह का लाभ देते हुये दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन का कथानक था कि मौ. हसन पुत्र अली हसन निवासी ढकिया जट पो. जिला मुरादाबाद द्वारा एक प्रथम सूचना रिपोर्ट 31 जनवरी 2019 को आईटीआई थाने में दर्ज कराई गयी कि उसकी बहन तबस्सुम की शादी अभियुक्त मुसाहिद से हुयी थी और शादी के बाद से ही अभियुक्त मुसाहिद सास हाजरा व नन्द देवर दहेज के लिये ताने देते मारपीट कर शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे तथा 6 लाख रूपये की मांग करते थे। 29 जनवरी 2019 की दोपहर 2 बजे इन तीनो ने दहेज के लिये उसकी बहन की हत्या कर दी जब वह गुलड़िया पहुंचा तो यह लोग अपनी गलती स्वीकार कर माफी मांगने लगे। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद उक्त मुकदमें की जांच पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार ठाकुर द्वारा की गयी जिन्होंने गवाह इरशत जहां के 164 सीआरपीसी के ब्यान कराये व पोस्टमार्टम पचायत नामा आदि कराकर सबूत इकटठा किया और पर्याप्त साक्ष्य पाने के बाद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया और उनके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। उक्त वाद का विचारण प्रथम अति. सत्र न्यायाधीश मनोज गर्ग्याल के न्यायालय में हुआ अभियोजन पक्ष की ओर से 17 गवाहों को पेश किया गया और कई ठोस सबूत न्यायालय के समक्ष पेश किये गये डा. कामेश राण का बयान अंकित कराया गया। वाद की सुनवाई के दौरान अपर शासकीय अभियोजन अधिकारी ने अपने तर्क में कहा कि अभियुक्तगण पर अपराध पूर्णत: सिद्ध होता है इन तीनो को दोष सिद्ध किया जाये बचाव पक्ष के अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, गोपाल कृष्ण, आसिफ अली व देवांग मिश्रा ने अपने तर्कों में कहा कि अभियुक्तगण निर्दोष है और अभियोजन पक्ष कोई भी ऐसा सक्ष्य प्रस्तुत नही कर पाया जिससे की दोष सिद्ध हो। प्रथम अति. सत्र न्यायाधीश मनोज गर्ग्याल ने दोनो पक्षों को सुना तथा पत्रावली का गहन अवलोकन करने के बाद बचाव पक्ष के अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार मिश्रा के तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अभियुक्तों को दोष मुक्त कर दिया।

## श्रमिकों की ड्यूटी का समय 12 घंटे करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**काशीपुर।** कुमायूँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के प्रति. निधिमण्डल की एक बैठक विनय शंकर पाण्डे आईएएस सचिव उद्योग उत्तराखण्ड शासन के साथ सिडकुल ऑफिस रुद्रपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में सौरभ गहरवार आईएएस प्रबन्ध निद. ेशक सिडकुल, जय भारत सिंह अपर जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर, मनीष विष्ट उपजिलाधिकारी रूद्रपुर/आरएम सिडकुल रूद्रपुर तथा मणिकांत मिश्रा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे। बैठक में केजीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष अशोक बंसल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने मण्डी शुल्क एवं विकास उपकर की दर घटाकर 15 प्रतिशत कर दी है, जबकि उत्तराखण्ड में यह 2.5 प्रतिशत है। यूपी में नए कृषि आधारित उद्योगों को मण्डी शुल्क से छूट दी गई है, जिससे वहां निवेश आकर्षित हो रहा है। साथ ही, किसानों से सीधी खरीद करने पर फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को मण्डी शुल्क / विकास उपकर से पूर्ण छूट मिलती है। इससे उद्योगों की लागत घटती है, किसानों को बेहतर मूल्य मिलता है और औद्योगिक निवेश को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने मांग की कि उत्तराखण्ड में भी मण्डी शुल्क एवं विकास उपकर को घटा कर क्रमश: 1 एवं 5 प्रतिशत किया जाए। श्री बंसल द्वारा अवगत कराया गया कि कर्नाटक एवं गुजरात आदि राज्यों में उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों के लिए ड्यूटी का समय 12 घण्टे कर दिया गया है। अत: उत्तराखण्ड में भी कार्य अवधि का समय 12 घण्टे किया जाना चाहिए। उन्होंने माँग की, कि उत्तराखण्ड में भी इंजीनियरिंग तथा अन्य संबंधित उद्योगों में संविदा श्रमिकों के कार्य करने पर लगे पुराने प्रतिबंध को यथाशीघ्र समाप्त किया जाए और देश के अन्य राज्यों की तर्ज पर उद्योग को प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु लचीली नीति बनाई जाए। सिडकुल, पन्तनगर के केजीसीसीआई के जोनल चेयरमैन, अनूप सिंह ने उन्होंने मांग की कि सिडकुल के अन्य सैक्टरों की भांति टाटा वेंडर पार्क में भी मेंटीनेंस का कार्य नियमित रूप से कराया जाना चाहिए। इस अवसर पर केजीसीसीआई वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कुमार मिड्ढा, महासचिव नितिन अग्रवाल, एच आर सब-कमेटी के चेयरमैन संजीव तोमर, नवीन झांजी आदि उपस्थित थे।

## वीपीकेएएस में कृषक गोष्ठी

**अल्मोड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी किए जाने के अवसर पर वीपीकेएएस संस्थान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा रबी फसलों एवं सब्जियों के उत्पादन की उन्नत तकनीकी, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जैविक कृषि, जल संरक्षण तकनीकी एवं कृषि यंत्रीकरण संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अल्मोड़ा नगर निगम के महापौर अजय वर्मा मौजूद रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोडिशिया ट्रेड फेयर कॉम्प्लेक्स, कोयम्बटूर, तमिलनाडु से देश के 9.75 करोड़ से अधिक कृषकों को लगभग 18,000 करोड़ रुपये की धनराशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित करने वाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। संस्थान के निदेशक डा. लक्ष्मी कान्त ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के महत्व पर प्रकाश डाला तथा किसानों से इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि अजय वर्मा ने कहा कि यह संस्थान किसानों की प्रगति हेतु सतत प्रयासरत है तथा समय-समय पर कृषि में नए अनुसंधानों से कृषकों को अवगत कराते हुए उनकी आय वृद्धि का माध्यम रहा है। उन्होंने इस ऐतिहा. सिक अवसर पर देश के अन्नदाताओं को नमन करते हुए बताया कि यह योजना देश के करोड़ों अन्नदाताओं के लिए आर्थिक संबल बनकर उभरी है। यहां डा. कामिनी बिष्ट, डा. कुशाग्र जोशी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### विवाह पंजीकरण के लिए विशेष शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** विवाह पंजीकरण और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर आधारित एक विशेष शिविर का आयोजन बुधवार को वार्ड नंबर 4 में सभासद नसीम जहां के निवास पर किया गया। इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में विशेष रूप से विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, ई-श्रम कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड, आधार अपडेट सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रमाण पत्रों के लिए आवे. दन स्वीकार किए गए। शिविर में दर्जनों नागरिकों ने अपनी विभिन्न सेवाओं का लाभ लिया। शिविर के सफल आयोजन में शिविर टीम के सदस्य रविन्द्र नाथ गोस्वामी, माणिक जोशी, अर्पित सिंह बिष्ट, प्रीति पाल, लक्ष्मी, करन आर्या सहित भाजपा नेता मेहमूद हसन बंजारा, समाजसेवी हाजी शाकिर हुसैन, शहजाद हुसैन, रानी, सबनुर और सहराज हुसैन ने सक्रिय रूप से सहयोग किया।

### पेट दर्द के बाद दसवीं की छात्रा की मौत

**बागेश्वर।** पेट में दर्द होने से दसवीं की छात्रा की मौत हुई। परिजन जब तक उसे अस्पताल ले जाते तब तक काफी देर हो चुकी थी। अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके पश्चात मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिया व पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार कांडा क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा दसवीं की छात्रा मंगलवार देर शाम स्कूल से घर आई। जो पेट में दर्द होने की शिकायत कर रही थी। जिसके बाद छात्रा बिना खाना खाए सो गई। बताया परिजनों ने बताया कि रात में एक बार फिर छात्रा के पेट में दर्द उठा। वे तत्काल उसे सीएचसी कांडा ले गए। लेकिन तब तक छात्रा ने दम तोड़ दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लिया, और पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश पंत ने बताया कि इस मामले में किसी ने पुलिस में कोई तहरीर नहीं सौंपी है। छात्रा के मिट के कारणों का पता पीएम रिपोर्ट के बाद समाने आएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सहायक उपकरण वितरण शिविर 24 से

**बागेश्वर।** जिले के अशक्त वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत जीवन सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु 24 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक एल्किमो द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर परीक्षण एवं चिन्हीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें 24 नवंबर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बागेश्वर, रामलीला मैदान फरसाली कपकोट, तहसील परिसर गरुड़, 25 नवंबर पंचायत घर पन्याली कपकोट, राजकीय इंटर कॉलेज मैगड़ीस्टेट गरुड़, 26 नवंबर राजकीय इंटर कॉलेज नॉन कन्याली कोट, प्राथमिक विद्यालय घोरणा, 27 नवंबर पंचायत घर पासदेव, राजकीय इंटर कॉलेज सलानी, 28 नवंबर रामलीला मैदान कांडा, इंटर कॉलेज दफौट, 29 नवंबर नगर पालिका बागेश्वर, पंचायत घर कालू बदियाकोट 30 नवंबर राजकीय इंटर कॉलेज सूपी, पंचायत घर पचार में आयोजित होंगे। मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र एवं अन्य विभागों के सहयोग से इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### कांग्रेसियों ने किया इंदिरा गांधी को नमन

**काशीपुर।** महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर महानगर अध्यक्ष अलका पाल के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पुरानी सब्जी मंडी स्थित, छोटे नीम के नीचे स्वतंत्रता संग्राम सैनानी स्मारक में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी पुष्पांजलि दी। इस दौरान अलका पाल एवं उपस्थित वक्ताओं ने बताया कि इंदिरा गांधी ने कई महत्वपूर्ण काम किए, जिनमें बैंकों का राष्ट्रीयकरण, 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध में विजय और बांग्ला देश का निर्माण, पहला परमाणु परीक्षण आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में मुशर्रफ हुसैन, एड. मनोज जोशी, एड. उमेश जोशी, एड. इंदर सिंह, एड. सौरभ शर्मा, ब्रह्मपाल, सुभाष पाल, एड.हरीश कुमार सिंह, प्रदीप जोशी, पार्षद अब्दुल कादिर, अब्दुल अजीज कुरैशी, महेंद्र बेदी, इलियास महागीर, तौकीर अंसारी, अनिल सिंह, डॉ. अशफाक, एड. संदीप चतुर्वेदी, अजीता शर्मा, रंजना गुप्ता, फैजान अंसारी, मो रिजवान, एड. बटला, मनजीत सिंह मौजूद थे।

### नशा मुक्त भारत पर निबन्ध प्रतियोगिता

**काशीपुर।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एंटी ड्रग कमेटी द्वारा नशा मुक्त भारत विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की रीना कौर बीए पंचम सेमेस्टर प्रथम, काजल कश्यप बीए पंचम सेमेस्टर द्वितीय एवं आरती शर्मा बीए प्रथम सेमेस्टर तृतीय स्थान पर रही, निर्णायक की भूमिका डॉ. ज्योति रावत एवं डॉ. मंगला ने निभाई। इस अवसर पर एसो. प्रो. डॉ. रमा अरोरा, असि. प्रो. डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. रंजना, डॉ. ज्योति गोयल, डॉ. पुष्पा धामा, प्राची धौलाखण्डी, शीतल अरोरा, डॉ. गीता मेहरा एवं कु. सृष्टि सिंह आदि उपस्थित रहे।

## इंदिरा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**अल्मोड़ा।** देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर अल्मोड़ा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने याद किया। इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर हुई गोष्ठी में कार्यकर्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी ने भारत की विदेश नीति को मजबूत किया। जिला कांग्रेस कमेटी अल्मोड़ा में बुधवार को आयोजित गोष्ठी के दौरान कांग्रे. सियों ने इंदिरा गांधी को याद कर कहा कि इंदिरा गांधी ने भारत की पहली और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा की। उनके नेतृत्व और दूरदर्शिता से देश को कई चुनौतियों का सामना करने में मदद मिली। गरीबी हटाओ अभियान चलाकर देश से गरीबी हटाने का प्रयास किया। बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। कहा कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व ही भारत ने पाकिस्तान को हराकर बांग्लादेश को एक अलग देश के रूप स्थापित किया। कहा कि उन्होंने भारत की विदेश नीति को भी मजबूत किया और देश को विश्व समुदाय में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाया। यहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, तारा चंद्र जोशी, प्रकाश चंद्र जोशी, आनंद बगड़वाल, राधा बिष्ट, गीता मेहरा, दीपा साह, हेम चंद्र तिवारी, अख्तर हुसैन, निजाम कुरैशी, मनोज वर्मा, नारायण दत्त पांडेय, पूरन रौतेला, अरविंद रौतेला, दीपेश कांडपाल, पारस डसीला, सूरज कुमार, जगद. ीश तिवारी, शशांक बिष्ट आदि रहे।

## ताइक्वांडो में स्नेहा धामी ने जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** ताइक्वांडो खिलाड़ी स्नेहा धामी ने 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। जम्मू-कश्मीर में 16 से 19 नवंबर तक हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से विभिन्न राज्यों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शामिल हुए थे।

कड़े मुकाबलों के बीच स्नेहा ने उत्कृष्ट तकनीक, संतुलन और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए अपने वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। स्नेहा बागेश्वर ताइक्वांडो अकेडमी मंडलसेरा की प्रतिभाशाली प्रशिक्षु हैं। प्रतियोगिता के लिए गई टीम के साथ ललित नेगी और गोकुल खेतवाल कोच के रूप में मौजूद थे। दोनों प्रशिक्षकों ने स्नेहा को राष्ट्रीय स्तर की तैयारियों में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया था। प्रतियोगिता के दौरान स्नेहा ने लगातार शानदार मुक. ाबले खेले और फाइनल में शानदार जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

सीईओ विनय कुमार ने स्नेहा को बधाई देते हुए कहा कि जनपद की यह बेटी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है, जो विद्यालयी खेलों के स्तर को भी ऊंचा उठा रहा है। वहीं जिला खेल समन्वयक कमलेश तिवारी ने स्नेहा को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि जनपद के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

## दौड़: प्रियंस और काजल ने मारी बाज़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**अल्मोड़ा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माई भारत अभियान के तहत बाड़ेछीना में ब्लाक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिता में क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। अतिथियों ने युवाओं को नशें के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जीवन में कभी भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर आयोजित 400 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में प्रियंस सिंह प्रथम, कमल सुप्याल द्वितीय व योगेंद्र पूना तृतीय स्थान पर रहे। वही बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में काजल नेगी प्रथम, रितिका जोशी द्वितीय, रूचि सुप्याल तृतीय स्थान पर रही। लंबी कूद बालक वर्ग में प्रियांशु कुमार प्रथम, पवन द्वितीय व लक्की प्रकाश तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग की लंबी कूद में रितिका, गायत्री व रुचि सुप्याल क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। बालकों की रस्सा कसी में जय श्री राम की टीम तथा बालिकाओं की खो-खो में बाड़ेछीना टीम विजेता बनी। मौके पर अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलता है। कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में ऊर्जा और उत्साह का संचार करते है। प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर देती है। प्रतियोगिताओं के समापन अवसर पर सभी अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यहां जगदीश सिंह सुप्याल, खिलानंद भट्ट, नीरज, नवीन चंद्र, गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

## आपदा पीढ़ितों से मिले विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बागेश्वर।** कपकोट कनलगड़ घाटी के ग्राम पंचायत पौसारी में स्थानीय विधायक गढ़िया ने आपदा पीड़ितों से मुलाकात की। इस दौरान आपदा पीड़ितों को आपदा राहत के चैक वितरित किए। विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया इन दिनों लगातार अपने विधान सभा में भ्रमण कर रहे है। जहां वे प्रत्येक गांव व तोक में पहुंचकर लोगों से जन संवाद करते हुए समस्या सुन ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने में जुटे हैं। गुरुवार को विधायक दल बल के साथ बैसानी और पौसारी गांव पहुंचे।

यहां उन्होंने आपदा पीड़ितों से मुलाकात की। जिसके बाद पीड़ितों से गांव में मूलभूत सुविधाओं बिजली, पानी, रास्ते, सड़क, राशन आदि से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि राज्य एवं केंद्र सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है। आपदा में गांव की जो दूरदर्श हो गई थी, उसे पुन: सुव्यवस्थित करने के लिए लगातार कार्य जारी है। भ्रमण के दौरान उन्होंने बलवंत सिंह दानू, रघुवर सिंह दानू को आपदा राहत के दो दो लाख के चैक वितरित किए। विधायक ने कहा कि प्राकृतिक आपदा पर किसी का जोर नहीं चलता है, आपदा कब कहा आ आए इसका पूर्वानुमान लगाना भी सम्भव नहीं है। लेकिन हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए सतर्क रहना होगा। ताकि ऐसी घटनाएं घटित होने पर बचा जा सके। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ है। गांव में पूर्व की भांति अमन शांति लाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किए जा रहे है। हालांकि उन्होंने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यो की भी भी अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से निर्माण कार्य पूर्ण करवाए जाए। इस मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बागेश्वर में जनपद के प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का तीसरे दिन का प्रशिक्षण जारी रहा। प्रीति दिवस में सत्र को संबोधित करते हुए प्राचार्य चक्षुष्पति अवस्थी ने कहा कि बदलती हुई परिस्थिति के अनुरूप दक्षता आधारित प्रश्नों के नियमित अभ्यास से विद्यालय के शैक्षिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है। तृतीय दिवस में सभी शिक्षकों द्वारा परख परीक्षा के अनुरूप दक्षता आधारित प्रश्न पत्रों का निर्माण किया गया। इस तरह के प्रश्न पत्रों के विद्यालय में निर्माण से 2026 में होने वाले परख परीक्षा की तैयारी करवाई जानी है। मूल्यांकन की प्रविधियाँ, मूल्यांकन के उपकरण, लर्निंग आउटकम, दक्षतायें, एवं विषयवार एफएलएन के संशोधित लक्ष्यों के विषय में विस्तार से चर्चा की गई।

## नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**टनकपुर।** समाज कल्याण विभाग चंपावत के संयोजन से टनकपुर में आयोजित सहकारिता मेला 25 में नशा मुक्त भारत अभियान तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर का प्रारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष टनकपुर विपिन कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम के मध्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश पढ़ा गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। नशा मुक्ति अभियान के संयोजक के रूप में कार्यक्रम को संचालित करने का अवसर प्राप्त हुआ। सभी प्रथम, द्वितीय, तृतीय बच्चों के साथ मार्गदर्शक शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। बच्चों को प्रशस्ति पत्र दीपक रजवार (विधायक प्रतिनिधि) ने प्रदान किए। इस अवसर पर लगभग 400 लोगों ने एक साथ नशा मुक्त भारत अभियान की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर टनकपुर क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान के सफल क्रियान्वयन और संयोजन के लिए छीनीगोठ हाइस्कूल के शिक्षक त्रिलोचन जोशी को समाज कल्याण विभाग की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रवींद्र सामंत, जिला सहायक निबंधक प्रेम प्रकाश, देवीदत्त जोशी, नारायण सिंह सहित शहर के गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ARUN KUMAR से बदलकर ARUN KUMAR UPADHYAY रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

Arun Kumar Upadhyay
S/o Gopal Sharma
Pusp Vihar, Avas Vikas
Kashipur, Distt. Udham
Singh Nagar, Uttarakhand.

**सूचना: खोया-पाया**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2023 की मार्कशीट अनुक्रमांक-23098598 वास्तव में कहीं गुम हो गयी है।

**शिवानी कश्यप**
पुत्री श्री विनोद कश्यप
निवासी-जज फार्म, छोटी मुखानी,
हल्द्वानी (नैनीताल)।

# देश का भविष्य निर्धारित करेंगे बच्चे

## खालसा इंटर कॉलेज में डा. एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान महोत्सव शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार से तीन दिवसीय डा. एपीजे अब्दुल कलाम राज्य विज्ञान महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। राज्य विज्ञान महोत्सव में 13 जनपदों के 500 बाल वैज्ञानिक और 100 मार्गदर्शक शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। मुख्य अतिथि अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण उत्तराखंड की निदेशक वंदना गर्ब्याल ने दीप प्रज्वलन कर महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बाल वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे विज्ञान समारोह बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करते हैं और यही बच्चे आगे चलकर देश का भविष्य निर्धारित करेंगे। मुख्य संयोजक एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बाल वैज्ञानिक आगामी 1 और 2 दिसंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को जागरूक मतदाता बनने की शपथ भी दिलाई। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त अपर शिक्षा निदेशक डा. डीके मथेला, सेवानिवृत्त संयुक्त शिक्षा निदेशक डा. बीआर पनेरू एवं सेवानिवृत्त अपर शिक्षा निदेशक एनसी कबड़वाल ने बाल वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित किया। शुभारंभ सत्र में खालसा इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, वहीं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कुमाऊं की जनजातीय संस्कृति को दर्शाती मुनस्यारी की कला पर आधारित लोकनृत्य ने दर्शकों की वाहवाही लूटी। द्वितीय सत्र का शुभारंभ मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने किया। इस सत्र के विशिष्ट अतिथि अपर शिक्षा निदेशक प्रारंभिक गजेंद्र सिंह सोन रहे। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह, अंशुल बिष्ट, गीतिका जोशी एवं सुलोहिता नेगी भी मौजूद रहे। विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता में चमोली, अल्मोड़ा, ऊधम सिंह नगर व देहरादून के विद्यार्थियों ने प्रभावी प्रस्तुतियां दी। जिला विज्ञान समन्वयक डा. दिनेश जोशी ने बताया कि प्रतियोगिता 20 और 21 नवंबर को भी जारी रहेगी, जिसमें विज्ञान ड्रामा और विज्ञान क्विज की प्रतियोगिताएं होंगी। मंच का संचालन अमर सिंह बिष्ट, मीनाक्षी कीर्ति, पुरुषोत्तम बिष्ट, मीना पलियाल एवं प्रीति मझगाई ने किया। इस मौके पर सहायक निदेशक एससीईआरटी डा. केएन बिजल्वाण, सहायक प्राध्यापक एनसीईआरटी दिल्ली लालमिन किमगेन, राज्य विज्ञान समन्वयक एससीईआरटी डा. देवराज सिंह राणा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक पुष्कर लाल टम्टा, सुरेश चंद्र आर्य, डा. प्रेम मांडवी, डा. दिनेश जोशी, प्रदीप जोशी, पुरुषोत्तम बिष्ट, डा. विवेक पांडे, शंकर बोरा, डा. हिमांशु पांडे, भगवान बोरा, गोपाल सिंह, डा. कन्नू जोशी, कुसुम पांडे, डा. कंचन जोशी, मीनाक्षी कनवाल, लक्ष्मी पांडे, सारिका बेरी, विनीता जगदीश, विनोद राठौर आदि मौजूद रहे।



## हाबड़ा एक्सप्रेस से कटकर बैल मरा

**हल्द्वानी।** काठगोदाम शीशमहल गैस गोदाम के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक बैल की मौत हो गई। सूचना पर निगम प्रशासन व काठगोदाम रेलवे प्रशासन मौके पर पहुंच गया और ट्रेन की चपेट में आए बैल को बमुश्किल निकाला गया। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे काठगोदाम हाबड़ा एक्सप्रेस ट्रेन काठगोदाम को जा रही थी। जैसे ही ट्रेन शीशमहल गैस गोदाम के पास पहुंची तभी वहां पर गाय का झुंड रेलवे पटरी के पास घूम रहा था। बताया जा रहा कि ट्रेन की आवाज सुनकर गाय आवारा पशु इधर-उधर भागने लगे तभी एक बैल ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। जिससे ट्रेन आधा घंटा वहीं रूकी रही। घटना की सूचना पर काठगोदाम रेलवे प्रशासन व नगर निगम प्रशासन मौके पर पहुंच गया और ट्रेन के नीचे आए बैल को बाहर निकाला गया। आधे घंटे बाद ट्रेन काठगोदाम पहुंची।

# राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए प्रियांशु चयनित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेरीनाग।** पर्यटन नगरी पाताल भुवनेश्वर के हैंडबॉल खिलाड़ी प्रियांशु कुमार का जलवा अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी दिखाई देगा। राष्ट्रीय अंडर-17 विद्यालयी हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए प्रियांशु कुमार का चयन उत्तराखंड की टीम में किया गया है। बेरीनाग ब्लॉक के अंतर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाताल भुवनेश्वर के छात्र प्रियांशु कुमार राज्य की टीम में चुने जाने वाले जिले के पहले हैंडबॉल खिलाड़ी हैं। बता दें कि बीते अक्टूबर महीने में देहरादून में राज्य स्तरीय विद्यालयी हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। इसमें पहली बार पिथौरागढ़ जिले की बालक टीम ने प्रतिभाग किया। जिसमें रा. उ. मा. विद्यालय पाताल भुवनेश्वर के 10 खिलाड़ी शामिल थे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने पर प्रियांशु कुमार का चयन राज्य की अंडर-17 टीम में किया गया है। टीम को स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश कार्की और खेल अध्यापक सुनील कुमार पाल ने तैयार किया है। बता दें कि राजेश कार्की की कप्तानी में कुमाऊं विश्वविद्यालय की टीम नॉर्थ जोन प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर चुकी है। बताया कि स्कूल में कक्षा 9 के छात्र प्रियांशु का चयन कर्नाटक में 25 से 29 नवंबर तक होने वाली राष्ट्रीय विद्यालयी प्रतियोगिता के लिए उत्तराखंड की टीम में हुआ है। 21 नवंबर को टीम देहरादून से रवाना होनी है। बताया कि पहली बार हैंडबॉल में जिले की टीम शामिल हुई थी। प्रियांशु के चयन पर सभी ने उनको बधाई दी है। प्रियांशु के पिता पुष्कर कुमार प्राइवेट नौकरी करते हैं।



# सही दवा के साथ सही मात्रा ज़रूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एंटी-माइक्रोबियल रेज़िस्टेंस (एएमआर) सप्ताह के तहत बुधवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. उमेश के दिशा निर्देशन में चिकित्सालय में विभिन्न जनजागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर माइक्रोबायोलॉजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. शांभवी सिंह द्वारा छात्रों को एंटी-माइक्रोबियल स्टीवर्डशिप प्रोग्राम (एएमएसपी) के उद्देश्यों एवं महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान अस्पताल की विभिन्न ओपीडी में एंटी-माइक्रोबियल रेज़िस्टेंस जागरूकता से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। डा. शांभवी सिंह ने बताया कि एंटी-माइक्रोबियल स्टीवर्डशिप प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य एंटीबायोटिक्स का विवेकपूर्ण एवं जिम्मेदार उपयोग, अनावश्यक दवाओं के प्रयोग में कमी तथा बढ़ते एंटी-माइक्रोबियल रेज़िस्टेंस को नियंत्रित करना है। उन्होंने जोर दिया कि सही दवा, सही मात्रा, सही अवधि तथा सही मरीज इन चारों सिद्धांतों के संतुलित पालन से ही एंटीबायोटिक्स की प्रभावशीलता को लंबे समय तक बनाए रखा जा सकता है। एएमआर सप्ताह के अंतर्गत नर्सिंग प्राचार्या शबिस्ता अहमद तथा नर्सिंग सुप्रीटेंडेंट जीबी मॉल टी मैथ्यू के निर्देशन में नर्सिंग छात्रों द्वारा रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोफेसर डा. गणेश सिंह, डा. श्वेतांक गोयल, डा. कुणाल शर्मा निर्णायक रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में महिका मेहरा, मिनाक्षी मुरारी, माही धीमान, कविता शाही, गरिमा जोशी एवं रंगोली में कविता आर्य, प्रियंका सैनी, दीक्षा आर्य, दिया जोशी, सुजल गुसाईं, अभिलाषा विजेता रहे।



# आरटीओ चालान लिंक के नाम पर दस लाख उड़ाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साइबर ठगों ने ठगी का नया तरीका अपनाते हुए एक व्यक्ति को आरटीओ चालान का फर्जी लिंक भेजकर उससे दस लाख की ठगी कर ली। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार शिवाशीष कॉलोनी रामपुर रोड निवासी पंकज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसके मोबाइल फोन में आरटीओ से चालान का एक लिंक आया था, जिसे देखकर उसने समझा कि उसके वाहन का चालान कट चुका है। वह लिंक खोलने के बाद यह महसूस नहीं कर सका कि यह एक फर्जी लिंक था। बाद में उसे यह जानकारी मिली कि उसके बैंक खाते से दो बार, प्रत्येक बार 5 लाख रुपये कट चुके हैं। बैंक से रुपये कटने का मैसेज भी उसे मिला। अलग-अलग किश्तों में दस लाख कटने के बाद उसे ठगी का एहसास हुआ और उसने तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दो बार कॉल किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। फिर उसने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई, जहां से उसे एक शिकायत नंबर मिला। इसके बाद, वह एचडीएफसी बैंक की हल्द्वानी शाखा गया, जहां बैंक कर्मचारियों ने उसे बताया कि रुपये एक अन्य खाते में ट्रांसफर हो गए हैं और संबंधित खाते का विवरण भी उसे प्रदान किया गया। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि व्यक्ति की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 21 मेधावियों को मिली छात्रवृत्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हिमालय वाटर सर्विस तथा विकास एवं पर्यावरण संरक्षण समिति हिमवत्स ने मेधावी छात्र-छात्राओं को वार्षिक छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम के तहत बुधवार को राजकीय इंटर कालेज नारायणनगर कुसुमखेड़ा में 21 बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की। बच्चों को यह छात्रवृत्ति सांसद अजय भट्ट व मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने प्रदान की। समिति इस वर्ष कुमाऊं के विभिन्न स्कूलों में कुल 2 लाख 64 हजार रुपये की छात्रवृत्ति बांट रही हैं। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने कहा कि हिमवत्स द्वारा चलाया जा रहा यह कार्यक्रम काफी सराहनीय है। इससे निर्धन मेधावी बच्चों को आगे बढ़ने में मदद मिल सकेगी। उन्होंने विद्यालय में फर्नीचर आदि के लिए सांसद निधि से भी दो लाख रुपये देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि मेयर गजराज बिष्ट ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वह भी राजकीय इंटर कालेज कुसुमखेड़ा में ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए धन जुटाया जायेगा। समिति के अध्यक्ष डा. केके पाण्डेय ने बताया कि समिति कुमाऊं क्षेत्र के 51 स्कूलों के 135 बच्चों को इस वर्ष 2 लाख 64 हजार की छात्रवृत्ति बांटी जा रही है। इसके अलावा समिति ने वर्ष 2005 से अब तक लगभग मेधावी बच्चों को 25 लाख 50 हजार रूपये की छात्रवृत्ति बांटी हैं। समिति के सचिव डा. गोविंद बिष्ट ने समिति के सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि यह कार्य समिति आपसी सदस्यों के सहयोग के माध्यम से आयोजित करती है। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर महेश खुल्वे, गणेश पंत सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।



# प्रेशर हॉर्न पर पुलिस का चाबुक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले में यातायात अनुशासन कड़ाई से लागू करने के उद्देश्य से एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर पुलिस और सीपीयू द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान बीते दो दिनों में हल्द्वानी शहर में प्रेसर हॉर्न का प्रयोग करने वाले 47 वाहन चालकों के चालान किए गए। निरीक्षक यातायात हल्द्वानी महेश चंद्रा की टीम ने इन चालकों से 47,000 संयोजन शुल्क जमा कराया। इसके साथ ही सभी छोटे-बड़े वाहनों से प्रेसर हॉर्न मौके पर ही उतारकर जब्त किए गए। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने स्पष्ट किया कि प्रेसर हॉर्न पूरी तरह प्रतिबंधित है और यह न केवल आमजन को असुविधा पहुंचाता है, बल्कि कानून का उल्लंघन भी है। उन्होंने कहा कि नियम तोड़ने वालों पर लगातार कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। नैनीताल पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, अवैध हॉर्न का प्रयोग न करें और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें।




# जयंती पर आयरन लेडी का भावपूर्ण स्मरण

## स्वराज आश्रम में कांग्रेसियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि, दोहराया राष्ट्र सेवा का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय स्वराज आश्रम में महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कांग्रेस महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन संघर्ष, संकल्प और राष्ट्रहित में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने सशक्त नेतृत्व से भारत को आत्मविश्वास, स्थिरता और वैश्विक पहचान दिलाई। उनकी जयंती केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि मूल्य आधारित राजनीति और उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेने का दिन है। महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मधु सांगुड़ी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को इंदिरा गांधी की निडरता, संघर्षशीलता और निर्णायक नेतृत्व क्षमता से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनका जीवन इस सत्य को दर्शाता है कि राष्ट्रहित हमेशा सर्वोपरि होता है। कार्यक्रम में हेमंत बगड़वाल, मलय बिष्ट, सतनाम सिंह चटवाल, राजेन्द्र उपाध्याय, जया कर्नाटक, राधा आर्य, रेनू तोमर, मंजू दानू, संदीप जोशी, गोविंद बगड़वाल, राजेन्द्र बिष्ट, विनोद कुमार पिन्नु, राजेन्द्र सुयाल, शाद अली, पार्षद धर्मवीर, मनोज बिष्ट, सुरेंद्र सिंह रावत, यूनुस अली, शंकर कोहली, मो. नबी, प्रकाश पुजारी, प्रदीप बिष्ट, कोमल जायसवाल, अमित रावत, भानु कबड़वाल, नफीस चौधरी, लक्की रावत, अरशद अली आदि मौजूद रहे।



# सहकारिता मेला 25 से, स्थानीय उत्पादों के लगेंगे स्टॉल्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष और राज्य स्थापना की रजत जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में उत्तराखण्ड में सहकारिता विभाग पूरे प्रदेश में सहकारी मेले का आयोजन कर रहा है। जनपद नैनीताल में यह मेला 25 नवंबर से 1 दिसम्बर तक एमबी कालेज मैदान, हल्द्वानी में आयोजित किया जाएगा। जिला सहायक निबंधक सहकारी समिति, नैनीताल, डीएस नपलच्याल ने बताया कि इस मेले का मुख्य विषय सहकारिता से पर्यटन विकास होगा। इसके तहत ईको-हॉस्पिटेलिटी, ईको-टूरिज्म, होमस्टे ऑपरेटर प्रशिक्षण, स्थानीय व्यंजन प्रदर्शनी और फल उत्पादन होमस्टे सहकारिता जैसी गतिविधियां प्रमुख रहेंगी। उन्होंने आगे बताया कि मेले के माध्यम से सहकारिता की मूल भावना को स्थानीय स्तर पर मूर्त रूप दिया जाएगा और उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था में सहकारिता विभाग के योगदान को रेखांकित किया जाएगा। मेले में विभिन्न विभागों और महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित स्थानीय उत्पादों के स्टॉल्स लगाए जाएंगे, साथ ही सहकारी गोष्ठियां और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। डीएस नपलच्याल ने जिले के सहकारिता से जुड़े सभी सदस्यों और आम नागरिकों से अपील की कि वे इस मेले में जाकर इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाएं।

# पुरुष कल्याण के लिए उठी आवाज़

## अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस: झूठे मामलों में फंसे पुरुषों के लिए सरकार से तत्काल कार्रवाई की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस के अवसर पर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू और सदस्य खुशी नागर के नेतृत्व में संस्था के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजते हुए भारत सरकार से पुरुष आयोग और पुरुष कल्याण मंत्रालय की तत्काल स्थापना करने की मांग की। संस्था द्वारा पीएम को भेजे गए ज्ञापन में कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए विशेष कानूनों का दुरुपयोग कर कुछ लोग निर्दोष पुरुषों को झूठे मामलों में फंसाकर उनकी सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई बार पुरुष अपने निर्दोष होने के प्रमाण देने के बावजूद न्याय प्रणाली में उन्हें मान्यता नहीं मिलती, जबकि महिला के कथन मात्र से पुरुष को अपराधी मान लिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में पुरुषों की आत्महत्या की संख्या तेजी से बढ़ रही है, इसलिए तत्काल संरचना की आवश्यकता है। ज्ञापन देने वालो में बलराम हालदार, सुनीता तिवारी, शांति रावत, मीना जोशी, अलका टंडन, मनीष साहू, धरम पाल, आयुष नागर, पूजा जोशी, नमन तिवारी, धर्मेंद्र साहू, मुकेश साहू, मोनिका आर्या, एकता पाण्डेय, ममता खत्री, सुशील साहू, अरविन्द कुमार, राजेश साहू, महेश साहू, रोहतास प्रजापति, जानकी कश्यप, सूरज मिस्त्री, अमित कुमार, सुशील राय, रवि गुप्ता, दीपक कुमार, सूरज कुम्हार, मुकेश कुमार मौजूद रहे।



## जहरीला पदार्थ निगला

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए सुशील तिवारी लाया गया जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार रतनपुर खटीमा निवासी 40 वर्षीय भरत सिंह ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते बीते 17 नवंबर को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा खटीमा के अस्पताल लाया गया। युवक की हालत नाजुक देखते हुए उसे सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। बीते मंगलवार की रात्रि उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके कराके शव परिजनों को सौंप दिया।

# सिल्वर जीतकर लौटे भावेश का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महानगर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। भावेश तिवारी ने बरेली में आयोजित अंडर-17 एसजीएफआई प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड की वॉलीबॉल टीम के साथ खेलकर सिल्वर मेडल जीतकर परिवार तथा शहर का नाम रौशन किया है। भावेश वर्तमान में आवासीय छात्रावास वॉलीबॉल हॉस्टल में प्रशिक्षण ले रहे हैं। भावेश तिवारी ने 2021 से 2024 तक साई खेलो इंडिया द्वारा इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम गौलापार में संचालित प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया, जहां उनकी कोच तनुजा आर्य ने उन्हें वॉलीबॉल से जुड़े महत्वपूर्ण कौशल और तकनीक सिखाई। तत्पश्चात उन्हें चमोली आवासीय वॉलीबॉल छात्रावास में चयनित किया गया। सिल्वर मेडल लाने पर बुधवार को इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम गौलापार में जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी के समस्त अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने भावेश का उत्साहपूर्ण स्वागत और अभिनंदन किया। स्वागत समारोह में उपनिदेशक खेल राशिका सिद्दीकी, खेल प्रशिक्षक सतीश कुमार, श्याम मन्नू भट्ट, महेश फर्त्याल और सभी खेलो इंडिया वॉलीबॉल प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे। भावेश की पूर्व कोच तनुजा आर्य ने भी उनकी उपलब्धि पर खुशी जताई है। भावेश तिवारी के माता-पिता भी समारोह में उपस्थित थे। भावेश के पिता ट्रांसपोर्ट कारोबारी हैं।



# वंश रावत ने खेली शतकीय पारी

## क्रिकेट: फाइनल में पहुंची कोल्ट्स अकादमी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी कोल्ट्स क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में कोल्ट्स क्लब मैदान में चल रहे अंडर-14 स्व. पूरन चन्द्र बल्यूटिया मेमोरियल बहुदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमिफाइनल में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकलव्य क्रिकेट अकादमी को हराकर फाइनल में जगह बना ली। कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का निर्णय लिया। पहली पारी में एकलव्य क्रिकेट अकादमी 192 रनों पर ऑल आउट हो गई। जवाब में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने अपनी पहली पारी 268 रनों पर घोषित की। बल्लेबाज़ी में वंश रावत ने 121 रनों की शतकीय पारी खेली, जबकि अंश पाल ने 60, जयवर्धन ने 40 और कार्तिक ने 32 रन जोड़े। दूसरी पारी में एकलव्य क्रिकेट अकादमी 153 रनों पर सिमट गई। जीत के लिए 68 रनों का लक्ष्य कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। कार्तिक रावत ने 51 और हर्ष भगत ने 17 रन बनाकर टीम को फाइनल में पहुंचा दिया। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार वंश रावत के नाम रहा। मैच में अंपायर की भूमिका गौरव नेगी और हरप्रीत सिंह कम्बोज ने निभाई, जबकि स्कोरर रवि सिंह रहे। कार्यक्रम में नीरज बल्यूटिया, आनंद बिष्ट, निश्चल जोशी, मनोज भट्ट, नरेंद्र अधिकारी, पंकज गुरुरानी, योगेश चौहान, संजय चौधरी, विक्रम बोरा, धर्मेंद्र पाल, प्रशांत भंडारी, प्रकाश रावत, विजय आर्या, सोनू आर्या, प्रकाश भगत, मनोज पंत आदि मौजूद रहे।



## एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी।** उजाला नगर क्षेत्र में हाल ही में गौवंश से जुड़ी घटना को लेकर भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं ने बुधवार को एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नगर अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय ने कहा कि घटना से संबंधित दर्ज मुकदमे में शीघ्र व निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए दोषियों पर कठोरतम दंड दिया जाये। कहा कि सोशल मीडिया पर बिना प्रमाणिक तथ्यों के भ्रामक खबरें प्रसारित की जा रही है, जिससे शहर का सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास हो रहा है। ऐसे तत्वों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाये। वहीं निर्दोष लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, नगर महामंत्री सुरेंद्र सिंह बिष्ट, रविंद्र श्रोत्रिय, विजय बिष्ट, अजय राज, मनोज चौहान, निश्चल जोशी, राजेश भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# चौड़ीकरण का संयुक्त सर्वे पूरा

## मंडी से तीनपानी तक 27 मीटर चौड़ी होनी है सड़क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंडी से तीनपानी तक प्रस्तावित 27 मीटर सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए बुधवार को सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से स्थल सर्वेक्षण किया।

सर्वे में पार्षद मनोज जोशी सहित नगर निगम, सिटी मजिस्ट्रेट, यूपीसीएल, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, जल निगम एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। पार्षद मनोज जोशी ने बताया कि मंडी से तीनपानी तक वार्ड-58 की ओर एक नाला निर्माण की आवश्यकता है, ताकि वार्ड की सभी गलियों का बरसात का पानी सुचारू रूप से उस नाले में जा सके। उन्होंने कहा कि 27 मीटर चौड़ीकरण के दौरान प्रभावित क्षेत्र को कुछ राहत भी दी जाए। साथ ही जल निगम द्वारा डाली गई पाइपलाइन को शिफ्ट किए जाने का सुझाव रखा गया, जिससे भविष्य में नागरिकों को कनेक्शन लेने में कोई समस्या न हो। अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्यों को लेकर आश्वासन दिया और सड़क चौड़ीकरण सहित नाला निर्माण एवं पाइपलाइन शिफ्टिंग के लिए आवश्यक बिंदुओं का सर्वे किया। सर्वे के दौरान पार्षद मनोज जोशी, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, यूयूएसडीए के महाप्रबंधक कुलदीप, यूपीसीएल ग्रामीण व शहरी, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल निगम विश्व बैंक परियोजना के अधिकारी तथा स्थानीय लोग मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
**सम्पादक:** एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# घर में फांसी लगाकर महिला ने दी जान

- महिला ने परिजनों ने हत्या का आरोप लगा दी तहरीर
- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** चौकी रम्पुरा क्षेत्र के मौहल्ला खेड़ा में एक महिला घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकी पाई गई। किसी काम से घर में आए परिजनों ने यह दृश्य देखा तो उनके होश उड़ गए। महिला को आनन-फानन में फांसी से उतार कर उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन शव घर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

पुलिस के मुताबिक खेड़ा वार्ड 19 निवासी राजपाल का विवाह करीब 9 साल पहले गांव बिलखंडा थाना बंड़ा, शाहजहांपुर यूपी निवासी 27 वर्षीय पूनम पुत्री छबनाथ से हुआ था। विवाह के बाद उनके दो पुत्र सात वर्षीय अंशुल और डेढ़ वर्षीय गौरव हुए। राजपाल और उसका छोटा भाई गोविंदा की खेड़ा में ही घर पर चिकन शाप की दुकान है।

मंगलवार शाम को गोविंदा दुकान पर था, जबकि अंशुल ट्यूशन गया हुआ था और राजपाल कमरे में पड़ा हुआ था। इसी बीच अज्ञात कारणों के चलते पूनम ने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर लटक गई। कुछ देर बाद जब पड़ोसी देवर वहां आया तो पूनम को फांसी पर लटका देख उसके होश उड़ गए। शोर शराबा होने पर परिवार के अन्य लोग पहुंचे। फंदे से उतारकर पूनम को निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर परिजन उसे लेकर घर पहुंच गए। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना की सूचना मिलने पर मृतका पूनम के पिता छवि नाथ, भाई मुनेंद्र और सूरज समेत अन्य लोग पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने राजपाल पर पत्नी पूनम की हत्या करने का आरोप लगाया।

आरोप है कि राजपाल अक्सर पूनम को पीटता था। राजपाल ने ही पूनम से मारपीट कर पहले उसका गला दबाया और बाद में उसे आत्महत्या दिखाने के लिए फंदे से लटका दिया। एसएसआई नवीन बुधानी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के सही कारणों का पता चलेगा। पुलिस मामले में जांच भी कर रही है। फिलहाल मृतका के मायके वालों की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।

# निजी स्कूल में बच्ची के साथ हुई मारपीट पर विधायक का फूटा गुस्सा

- विधायक ने रम्पुरा चौकी इंचार्ज व जिला शिक्षा अधिकारी को दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रम्पुरा एक निजी स्कूल में बच्ची के साथ मारपीट का गंभीर होता जा रहा है। 6 वर्ष की कक्षा 4 में पड़ने वाली छात्रा को बेहरामी से हैप्पी चाइल्ड स्कूल टीचर द्वारा पिटा गया, जिसको लेकर विधायक शिव अरोरा परिजनों के साथ रमपुरा चौकी पहुंचे।

विधायक शिव अरोरा परिजनों संग रम्पुरा चौकी पहुंचे उन्होंने कहा हैप्पी चाइल्ड स्कूल में जिस प्रकार की घटना प्रकाश में आयी और उस पर स्कूल प्रबंधन का रेवक?या धमाकने और घोर लापरवाही वाला नजर आया और टीचर को बढ़ावा देते स्कूल प्रबंधन नजर आया यह एक घटिया मानसिकता को दर्शाता है। घटना को तीन दिन बीत जाने के बाद रम्पुरा पुलिस द्वारा कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई, यह बहुत चिंता का विषय है। विधायक अरोरा ने रम्पुरा चौकी इंचार्ज को इस मामले में गंभीरता से कार्यवाही करने की बात कही जो भी दोषी है बच्ची के परिजनों ने तहरीर उनके खिलाफ दे दी है। उस पर प्राथमिकता से कार्यवाही होनी चाहिए। विधायक इस घटना पर पुलिस के सुस्त रवैये से काफी नराज नजर आये

वहीं विधायक शिव अरोरा ने जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा से दूरभाष पर वार्ता कर स्कूल के खिलाफ कार्यवाही करने को कहा है ऐसी घटना रुद्रपुर क्षेत्र में बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा जिस प्रकार से मासूम बेटी को मारा है उसके गाल बुरी तरह सूज गए है जो स्कूल कीप्रबंधन की क्रूरता को बताता है। उन्होंने कहा यहाँ का विधायक उसे गरीब मासूम बच्ची के साथ खड़ा और उसमें किसी प्रकार की लाप. रवाही करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा,स्कूल प्रबंधन के खिलाफ भी कठोर से कठोर कार्यवाही करवाई जाएगी।

विधायने परिवार को भरोसा दिया है वह पूरी तरह से उनके साथ खड़े है और बच्ची को न्याय जरूर मिलेगा और किसी भी प्रकार से डरने की आवश्यकता नहीं है। इस दौरान पार्षद गिरीश पाल, चन्द्रसेन चंदा, राज कोली दर्शन कोली, शुभम, नाथूलाल गुप्ता,डॉ महेश कोली, राजेश कोली, सुदामा कोली, मयंक कक्कड़, सुनील यादव, सोनू कोली आदि लोग मौजूद रहे।

# थार में लगी आग, लोगों की बची जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर से हल्द्वानी की ओर जा रही थार कार में रामपुर-नैनीताल हाईवे स्थित अटरिया रोड के पास कार में बैठे एक युवक ने जलने की बदबू आने की बात कही। इस पर कार चला रहे युवक ने सड़क किनारे कार रोक कर बोनट खोला तो अंदर आग लगी थी। इसे कार में बैठे युवक दरवाजा खोलकर बाहर निकले। युवक घबरा गए और कुछ समझ ही पाते कि देखते ही देखते कार धू धू कर जल गई। तेज लपटें और धुएं से आसपास के लोग घबरा गए।

सूचना पर अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। हालांकि तब तक कार जल चुकी थी, इससे सड़क के दिनों तरफ वाहनों का लंबा जाम लग गया था। कार सवार युवक ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। हल्दूचौड़ नैनीताल जा रहे थे। बताया कि वह अपने तीन अन्य साथियों के साथ रुद्रपुर में खाना खाकर जा रहे थे। इस बीच कार में आग लग गई।

# जनपद के कराटे खिलाड़ियों ने जीते चार स्वर्ण व दो रजत पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आगरा (उत्तर प्रदेश) में 15 से 16 नवम्बर 2025 को जापन कराटे- डू शीतो रियु इंटरनेशनल, इंडिया एवं कराटे काई इंटरनेशनल द्वारा इंडो-नेपाल इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप- 2025 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों से उत्तराखंड, असम, बिहार, मध्य प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश एवं नेपाल सहित 300 से अधिक कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया।




कराटे प्रशिक्षक सिहान किशोर सिंह ने बताया कि 15 से 16 नवंबर 2025 को चाणक्य होटल ऑडिटोरियम, आगरा, उत्तर प्रदेश में इंडो-नेपाल इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप जेकेएसआई इंडिया के अध्यक्ष निर्मल गोस्वामी एवं महासचिव सिहान सुरजीत चारी के दिशा निर्देशन में आयोजित हुई। जिसमें जनपद ऊधम सिंह नगर के पांच खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण व दो रजत पदक सहित कुल 6 पदक जीतकर क्षेत्र, जिले एवं राज्य का मान बढ़ाया है। जिसमे रुद्रपुर से 3 खिलाड़ी व नानकमत्ता के 2 खिलाड़ी शामिल है।

प्रतियोगिता में आर्यन पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर की सृष्टि वशिष्ठ ने 12-13 बालिका आयुवर्ग की कुमिते एवं काता स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक, सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज रुद्रपुर की नंदनी सागर ने 14-15 बालिका आयुवर्ग की कुमिते स्पर्धा में स्वर्ण पदक, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रुद्रपुर के निखिल घई ने 14ख्र15 बालक आयुवर्ग की कुमिते स्पर्धा में रजत पदक एवं नानकमत्ता की गुरप्रीत कौर ने 12-13 बालिका आयुवर्ग की कुमिते स्पर्धा में स्वर्ण पदक व मडोना राणा ने अंडर 18 बालिका आयुवर्ग की कुमिते स्पर्धा में रजत पदक जीता।

इस मौके पर ऋषि मार्शल आर्ट्स एकेडमी रुद्रपुर के निदेशक व कोच ऋषि पाल भारती, डीएसओ जानकी कार्की, शंकर सिंह बसेरा, सुखदेव सिंह, सतनाम चावला, सुरभि रस्तोगी, चेतन धीर, शेखर सक्सेना, कंचन बसेरा, हिमा भट्ट, गंगा मेहरा सहित अनेकों लोगों से खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी।

# पीएम श्री केंवि खटीमा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

- प्रशिक्षण में 13 विद्यालयों के कुल 144 विद्यार्थी हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 18 से 20 नवंबर तक तीन दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 13 विद्यालयों के 81 स्काउट, 63 गाइड कुल 144 विद्यार्थी शामिल हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य त्रिभुवन प्रकाश आर्य द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख पुष्पर्चन, माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस मौके पर शिविर के संचालक सुधांशु अग्रवाल ने प्राचार्य त्रिभुवन प्रकाश आर्य और वरिष्ठ शिक्षक शैलेंद्र कुमार शर्मा को स्कार्फ पहना कर सम्मानित किया। सुधांशु अग्रवाल और पुष्पा पंत द्वारा सभी प्रशिक्षकों को भी स्कार्फ पहनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत तथा देशभक्त से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भव्य और रोचक बनाया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य त्रिभुवन प्रकाश आर्य ने सभी प्रशिक्षकों एवं विभिन्न विद्यालयों से आए हुए छात्र-छात्राओं का स्वागत किया तथा प्रशिक्षण में अनुशासित रूप से प्रतिभाग करने के निर्देश दिए। सुधांशु अग्रवाल ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया तथा छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण के



नियमावली से भी परिचित कराया। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षिका जैनब निजाम ने किया तथा वरिष्ठ शिक्षक शैलेंद्र कुमार शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खटीमा के साथ ही रुड़की, हल्द्वानी, भीमताल, पिथौरागढ़, ऋषिकेश, काशीपुर तथा बनबसा के बच्चे अपने अनुरक्षक शिक्षकों के साथ तीन दिन तक विद्यालय में ही रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। जिनके आवास और भोजन की व्यवस्था विद्यालय स्तर पर की गई है।

# हादसे में सिडकुल कर्मी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** हल्द्वानी मार्ग पर अटरिया मोड़ के पास मंगलवार की रात्रि पीछे से ट्रक की टक्कर से आगे जाती कार से टकराकर सिडकुल कर्मी साईकिल सवार श्रमिक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल श्रमिक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और ट्रक अपने कब्जे में लेकर चालक को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया। जानक. ारी के अनुसार ग्राम सन्दोली बाबूराय जिला रामपुर निवासी 42 वर्षीय हरीश पुत्र रामबिहारी यहां अशोक लीलेंड कम्पनी में कार्य करता था।

बताया जाता है कि मंगलवार की रात्रि हरीश साईकिल पर सवार होकर कम्पनी से घर वापस लौट रहा था।

जब वह अटरिया मोड़ के पास पहुंचा तो पीछे की ओर से तेज गति से आते ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे हरीश छिटककर सामने जाती कार से जा टकराया और लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिकर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे। घायल हरीश को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ट्रक के रूक जाने से कार में सवार फैमिली चार लोगों की जान बाल बाल बच गई। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मृतक के परि. जनों को घटना की जानकारी दी।

# मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

- सात लाख की एफडी से हर वर्ष दिए जाएंगे पुरस्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राजकीय इंटर कॉलेज ढिकुली रामनगर में मंगलवार को स्व गणेश चंद्रा छिमवाल मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2024-25 के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कक्षा 6 से 12 तक के 33 मेधावी विद्यार्थियों को नकद धनराशि एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार की विशेषता यह है कि विद्यालय की पूर्व छात्रा लीला सती निवासी हल्द्वानी ने विद्यालय के नाम पर सात लाख रुपये की एफडी करवाई है। इसी एफडी के ब्याज से हर वर्ष मेधावी विद्यार्थियों को उनके स्वर्गीय पिता गणेश शंकर छिमवाल एवं माता चंद्रा छिमवाल की स्मृति में सम्मानित किया जाएगा। बाल कल्याण समिति राजकीय इंटर कॉलेज ढिकुली के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम ने छात्रों में उत्साह का नया संचार किया।

मुख्य अतिथि लीला सती ने पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि यह सम्मान विद्यार्थियों और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त कर्नल बी.के. छिमवाल ने इसे विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने वाला कदम बताया।बाल कल्याण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. गोबिंद सिंह रावत ने कहा कि समिति भविष्य में संसाधन-विहीन विद्यार्थियों के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी। वहीं ऑडिटर एन.के. नैनवाल ने समाज के सामूहिक सहयोग को ऐसी पहलों की नींव बताया। समिति के सचिव दिनेश चंद्र रावत ने छात्रों के विकास के लिए की जा रही गतिविधियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष रमेश बिष्ट ने कहा कि छात्रवृत्ति से बच्चों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।पुरस्कार के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को ᥴ2000, द्वितीय स्थान को 1500 और तृतीय स्थान को 1000 और प्रमाणपत्र दिया गया। अनुशासन, उपस्थिति, खेलकूद एवं पाठ्य सहगामी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।सम्मान पाने वालों में ज्योति आर्या, सोनिया, ममता भारती, आरती, हर्षिता जोशी, दीक्षा, रूपा, मनमोहन, योगेश बिष्ट, निर्मल सती को दिया गया।

# बकाया वेतन मांगने पर श्रमिक को पीटा

- पीड़ित ने सिडकुल चौकी में दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप निवासी मजदूर शरद वीर पर उसके बकाया वेतन की मांग करना भारी पड़ गया। सिडकुल स्थित रामा प्लाई फैक्ट्री में दो वर्ष से कार्यरत शरद वीर ने मंगलवार को ठेकेदार मुकेश के लोगों से तीन माह की लंबित मजदूरी का हिसाब मांगा तो उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। बताया जाता है कि घटना के समय उसकी पत्नी भी मौजूद थी। पति को बचाने की कोशिश में उसे भी धक्का-मुक्की का शिकार होना पड़ा। हमले में गंभीर रूप से घायल शरद वीर को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसके सिर पर 12 टांके लगाए।

मिली जानकारी के अनुसार वह फिलहाल काम करने की स्थिति में नहीं है, जबकि तीन माह की तनख्वाह पहले ही रुकी हुई थी। इससे परिवार पर आर्थिक संकट और गहरा हो गया है।पीड़ित का आरोप है कि फैक्ट्री में पिछले कुछ दिनों से उसकी पत्नी भी काम कर रही थी और दोनों लगातार वेतन भुगतान की मांग कर रहे थे। इसी बात से नाराज होकर ठेकेदार के लोगकृसतपाल, विक्रम और मनोज ने उन पर हमला किया। शरद वीर के अनुसार यह पूरी घटना मजदूरी मांगने से रोकने की सोची-समझी दबंगई थी।

मामले की शिकायत सिडकुल चौकी में दर्ज कराई गई है। चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट का कहना है कि तहरीर प्राप्त कर जांच शुरू कर दी गई है।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारत की पूर्व प्रधानमंत्री, लौह महिला इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय रामनगर में श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदिरा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

पूर्व विधायक रणजीत रावत ने इन्दिरा गांधी द्वारा देश हित में किये गए कार्यो जैसे 1971 के युद्ध में अद्वितीय नेतृत्व, जिसने बांग्लादेश के निर्माण और भारत की ऐतिहासिक



विजय को संभव बनाया, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, जिससे आम जनता, किसानों, महिलाओं और गरीब वर्ग को आर्थिक शक्ति मिली, विदेश नीति में संतुलित और मजबूत नेतृत्व, जिसने भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों पर पहुंचाया, परमाणु क्षमता, अंतरिक्ष कार्यक्रम और वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देकर आधुनिक भारत की आधारशिला मजबूत करना, गरीबी हटाओ अभियान के माध्यम से सामा. जिक और आर्थिक न्याय को गति देना जैसे कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन देश सेवा, साहस, त्याग का प्रतीक है। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, भुवन पांडे, जावेद खान, नजाकत अली, यचांद खान, बाबर खान, ललिता उपाध्याय, योगिता गोस्वामी, ममता आर्य, गिरधारी लाल, गोपाल रावत, अनीस आलम अंसारी, सुमित तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, अनीस खान,धीरज उपाध्याय, सतेश्वरी रावत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

# आरएएन किड्स में मची एनुअल बोनांजा की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आरएएन किड्स स्कूल के प्रांगण में कक्षा नर्सरी (एफ-1) का एनुअल बोनांजा 'ट्रेजर्स ऑफ नेचर' बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटर निधी राय एवं एडवाइजर रेखा कर्नाटक द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।



सर्वप्रथम विद्यालय की हैड मिस्ट्रेस गरिमा घई ने सभी अतिथियों व माता-पिता का स्वागत किया। कक्षा नर्सरी (एफ-1) के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गणेश वंदना, योगा, रेनबो डांस, ओल्ड मैकडोनल्ड्स (नृत्य), फैशन शो (जंगल में आपका स्वागत है) प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में माता-पिता के लिए कई खेलों का आयोजन किया गया तथा उपहार प्रदान किए गए। विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटर निधी राय ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की एडवाइजर रेखा कर्नाटक ने इस उपलक्ष पर अपने विचार प्रकट किए। समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयास को बहुत सराहा।

# श्री साई फार्मेसी कॉलेज में कबड्डी टीम में नर्सिंग छात्राओं ने बाजी मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** श्री साई फार्मेसी कॉलेज में गत वर्ष की भांति फार्मेसी वीक पर खेलकूद प्रतियोगिताये चल रही है खेल में आज चौथे दिन कबड्डी में नर्सिंग कॉलेज और फार्मेसी कॉलेज के छात्रों के बीच रहे कड़े मुकाबले में फार्मेसी टीम ने बाजी मारी छात्राओं की कबड्डी टीम में नर्सिंग छात्राओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया इसके अलावा बैडमिंटन छात्र के तृतीय चरण में फार्मेसी डिग्री, पॉलिटेक्निक और नर्सिंग के छात्रों के बीच रोचक मुकाबला रहा जिसमें फार्मेसी के साकिब, सोहेल,अयान और पॉलिटेक्निक से आर्यन नर्सिंग से बिलाल और फार्मेसी डिग्री से पुष्कर, कुणाल विजयी रहे बैडमिंटन फाइनल बालिका में फार्मेसी की अंजुम प्रथम निषाद द्वितीय और अंजलि तृतीय स्थान पर रही यह खेल प्रतियोगिता आगामी तीन दिन तक और जारी रहेगी।

इस अवसर पर कॉलेज अध्यक्ष राजकुमार सिंह, डायरेक्टर डा. अवनीश कुमार, प्राचार्य परविंदर शर्मा,अतुल शर्मा, डा. विनोद कुमार, मोहम्मद सलमान, मानस कुमार, पंकज कुमार, संदीप कुमार, प्रशांत, वशिष्ठ, मयंक कुमार,मोहित, तरुण, चौहान, फरमान,ज्योति, शहगिल सल्तनत, विनीता, शिवम, पूजा, ऐरी नीमा बिष्ट, श्वेता टम्टा, निदा कुरैशी, नेहा, मानसी, निधि, मिश्रा नरेंद्र रावत, निपेंद्र आदि मौजूद रहे।

# विवाहिता महिला प्रेमी के संग फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीड़ित पति ने पुलिस से लगाई गुहार**

**खटीमा।** विवाहिता महिला प्रेमी के साथ फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। महिला अपने साथ घर पर रखी नगदी और आभूषण भी साथ ले गई। पीड़ित पति ने सत्रहमील पुलिस को तहरीर दे कारवाही कि मांग की है।

ग्राम सरपुडा निवासी राम प्रकाश पुत्र सुखराज ने सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट को तहरीर देकर बताया वह एक फार्म पर मेहनत मजदूरी का कार्य करता जब वह काम से घर वापस लौटा तो उसकी पत्नी घर नहीं थी। आस पास के लोगों से पता करने पर व काफी खोजबीन करने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। घर में रखा बक्सा खुला पड़ा हुआ था और बक्से के अंदर रखे चालीस हजार रुपये व सोने के आभूषण भी नदारद थे। सूत्रों से पता चला पड़ोस के गांव रमकोला निवासी एक युवक के साथ देखा गया है। उक्त व्यक्ति का उसके घर अक्सर आना जाना तथा मेलजोल था। पीड़ित पति को शक है कि उसकी पत्नी को भगाने में उसका हाथ है। इधर मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने विवाहिता की तलाश शुरू कर दी और एक व्यक्ति को हिरासत में भी लिया है।

# स्लॉटर हाउस को फिर से शुरू करने की कवायद तेज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मोहल्ला खताड़ी ऊंटपड़ाव स्थित नगरपालिका के स्लॉटर हाउस को फिर से शुरू करने की कवायद हो गई है। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद एसडीएम प्रमोद कुमार ने डीएम के निर्देश पर बुधवार को स्लॉटर हाउस का संयुक्त टीमों के साथ निरीक्षण कर अनिमितताओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अनिमितताओं को देखते हुए एसडीएम प्रमोद कुमार ने सभी को दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। एसडीएम का कहना है कि स्लॉटर हाउस को संचालित करने के पूर्व में सभी मानक पूरे होने जरूरी है। निरीक्षण के दौरान संयुक्त टीम बनाकर सभी विभागों की संस्तुति ली है, साथ ही स्लॉटर हाउस से निकालने वाले ब्लड को किस तरह से नहर में जाने से बचाया जाए इस पर भी विचार किया जा रहा है।जबकि नगर पालिका द्वारा पूर्व में इस पर कोई भी प्लान नहीं बनाया था। जिससे दूषित ब्लड सिंचाई की नहरों में जाकर कई किसानों की खेती और कई जगह पानी एकत्रित होकर नई- नई बीमारियों को जन्म देने का काम कर रहा था।निरीक्षण के दौरान पालिका से सफाई,ब्लड,वध पुश के अवशेषों एवं पशु चिकित्सा अधिकारी की तैनाती कराने समेत अन्य नियमों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं।एसडीएम ने कहा कि रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। स्लॉटर हाउस के मानक पूरे होने के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर स्लॉटर हाउस को खोला जाएगा।इस दौरान एसडीएम प्रमोद कुमार, तहसीलदार मनीषा मरकाना,नगर पालिका ईओ आलोक उनियाल, सफाई निरीक्षक लल्ला मियां, कोतवाल सुशील कुमार, एसएसआई महेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ता मेयर प्रत्याशी रहे मोहन खेड़ा के नेतृत्व में गांधी पार्क पहुंचे। उन्होंने इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया कर उन्हें नमन किया। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा, परिमल राय, मोनिका ढाली, सोफिया नाज, तरुण नेगी, रामकिशन सैनी, नवीन खेतवाल, विजय पुजारा, जगदीश कर्मकार,साजिद खान, अमित अरोड़ा, राजेश कुमार, मोहन कुमार, सुनील जडवानी, फरमान सिद्दीकी, दिलशाद, राकेश कोली, सपना गिल आदि मौजूद थे। वहीं कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस मौके पर उमा सरकार, बब्लू सागर, चमन सागर, संजीव राठौर, अनुज, धर्मपाल, बेबी सिकदार, प्रीति साना, मानस बैरागी, रविंद्र राठौर, मोहन भारद्वाज आदि थे।

# एसएमओ से मारपीट के विरोध में केंद्रों में धान की तोल बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** धान खरीद केंद्र पर एसएमओ विनय चौधरी के साथ मारपीट के विरोध में बुधवार को खाद्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने धान तौल बंद रखी। विभाग के कर्मचारियों में आक्रोश दिखा। हालांकि कार्यालय खोले गए और किसानों के भुगतान संबंधी कार्य किए गए। एसएमओ धीरज कांडपाल ने बताया कि मंगलवार को ड्यूटी पर रहने के दौरान दो किसानों ने एसएमओ विनय चौधरी से मारपीट की थी। अधिकारी अपने कार्यालय में भी महफूज नहीं रहा। उन्होंने कहा कि इस घटना से विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। जिसके चलते सितारगंज सहित जिले के किसी भी क्रय केंद्रों पर धान तौल नहीं की गई।

उन्होंने दोनों आरोपी किसानों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। बताया कि आरएफसी से वार्ता के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। इधर, बुधवार की सायं जिलेभर के एसएमओ समेत एमओ व खाद्य विभाग के अफसर सितारगंज पहुंचे। उन्होंने कोतवाल सुन्दरम शर्मा से वार्ता कर आरोपी किसानों पर कार्रवाई की मांग की। अफसरों ने कहा कि विभाग के कर्मचारियों व अफसरों में दो दिन में वैधानिक कार्रवाई नहीं होने से रोष है।

इधर धान तौल नहीं करने से किसान परेशान हैं। इससे पहले लिमिट समाप्त हो जाने के कारण किसानों के धान की तौल नहीं हो सकी थी।

# ट्रांजिट कैम्प और फाजलपुर महरौला क्षेत्र में सरकारी राशन की दुकानों को बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैम्प और फाजलपुर महरौला क्षेत्र में सरकारी राशन की मात्र एक-एक दुकानें होने से लोगों को आ रही दिक्कतों को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने कलक्ट्रेट स्थित जिला पूर्ति कार्यालय पहुंचकर कार्यवाहक डीएसओ मलकीत सिंह का घेराव किया और ट्रांजिट कैम्प व फाजलपुर महरौला में राशन की दुकानें बढ़ाने की पुरजोर मांग की।

ठुकराल ने कहा कि इन दोनों स्थानों पर आबादी काफी बढ़ चुकी है, लेकिन वर्षो से यहां आबादी के हिसाब से सरकारी सस्ता गल्ला की दुकानों की संख्या नहीं बढ़ाई जा रही है, जिसके चलते लोगों को राशन के लिए घंटों लाईन में लगने का मजबूर होना पड़ रहा है। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर राशन दुकानों की संख्या नहीं बढ़ाई गई तो जिला पूर्ति कार्यालय में अनिश्चित कालीन धरना देंगे। ठुकराल ने कहा कि सत्ता पक्ष के कुछ नेता कई बार ट्रांजिट कैम्प की क्षेत्र मेंदह राशन की दुकानें खोलने का आश्वासन दे चुके हैं लेकिन आजा तक ये आश. सन कोरे साबित हुए है।

यहां संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, अशोक शाह, सन्नी जौहरी, गोपाल, सचिन, अनुज, राजवीर सिंह विर्क, संजय ठुकराल, सुखवंत सिंह विर्क, ललित बिष्ट, आनंद शर्मा, गुरमीत सिंह, केरू मण्डल, जसवीर सिंह, शिव कुमार शिब्बू, नरेश कुमार, सुमित निषाद, सुमित गंगवार, आयीष यादव, राहुल दास, राजेश पटेल, आकाश शर्मा, विजय कुमार, सुमित गुप्ता, राजू प्रजापति, नितिन गंगवार, सूरज पाल, गौरव सिंह, सोनू शर्मा, रोति प्रजापति, संजय सैनी, रिंकू राठौर, विपिन राजपूत, रजनीश गंगवार, नरेश गंग. वार आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

## एक नजर

# ग्राम सभा सदस्य उप-निर्वाचन को नियुक्त कार्मिकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** त्रिस्तरीय उप-निर्वाचन 2025 के तहत ग्राम सभा सदस्य के निर्वाचन को सुचारु एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को नियुक्त चुनाव कार्मिकों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।




प्रशिक्षण में प्रशिक्षण अधिकारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं, मतदान सामग्री के प्रबंधन, बैलेट प्रक्रिया, मतदान दिवस की जिम्मेदारियों तथा आचार संहिता के पालन पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कार्मिकों को समयबद्ध, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण चरण है, इसलिए प्रत्येक कार्मिक अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाएं। नोडल अधिकारी जीवन कलोनी ने प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत आरओ/ खंड विकास अधिकारी के एस रावत ने दल को निर्वाचन सामग्री उपलब्ध कराई तथा सुरक्षा निर्देशों के साथ उन्हें संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया। प्रशासन ने भरोसा जताया कि प्रशिक्षित कार्मिक उप-निर्वाचन को शांतिपूर्ण व सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**मतदान केन्द्र के लिए टीम हुई रवाना**

# आबकारी विभाग ने दो भट्टियां व 24000 लाहन किया नष्ट

■ 110 ली. तैयार कच्ची शराब भी की बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विशेष सघन प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी आयुक्त देहरादून उत्तराखंड के आदेशानुसार व संयुक्त आबकारी आयुक्त कुमाऊं मंडल, हल्द्वानी व जिला आबकारी अधिकारी उधम सिंह नगर के निर्देश पर अवैध मादक द्रव्यों के निर्माण, बिक्री,भंडारण के अड्डों के समूल विनिष्टिकरण के क्रम में अपराध निरोधक क्षेत्र-2 खटीमा व जनपदीय प्रवर्तन दल की संयुक्त टीम ने सहायक आबकारी आयुक्त तारा चंद्र पुरोहित के नेतृत्व में खटीमा क्षेत्रान्तर्गत आलावर्दी गांव से लगे किलपुरी वन रेंज के जंगल मे दबिश दी गई।

इस दौरान 02 चलती हुई भट्टियों को नष्ट किया गया तथा आसपास के क्षेत्र में गहन तलाशी लेने पर 110 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी एवं लगभग 2400 किलोग्राम लहन व अवैध मदिरा निर्माण में प्रयोग होने वाले उपकरणों को मौके पर ही समूल नष्ट किया गया। टीम में सहायक आबकारी आयुक्त तारा चंद्र पुरोहित, आबकारी निरीक्षक लालू राम राणा, उप आबकारी निरीक्षक देवेन्द्र कुमार, जगदीश कुमार, प्रधान आबकारी सिपाही नितेश भारद्वाज, बलजीत सिंह, राखी, दीपक चंद्र व पंकज जोशी आदि शामिल रहे।

# भवन निर्माण सामग्री सप्लायरों ने एसडीएम को मांग पत्र सौंपकर जांच की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ समाजसेवी व भवन निर्माण सामग्री सप्लायर यूनियन पदाधिकारी सुल्तान भारती द्वारा ईट रेत बजरी सप्लायर व्यापारियों के साथ तहसील परिसर में एस डी एम कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों से संबंधित मांग पत्र सौंपकर जांच की मांग की।



मीडिया से बात करते हुए व्यापारी सुल्तान भारती ने बताया कि वह रेत बजरी स्थानीय संगठन भवन निर्माण सामग्री व्यापारी जन कल्याण समिति के रजिस्टर्ड पदाधिकारी हैं और वह काफी समय से बिल्डिंग मैटेरियल सप्लाई का कार्य कर रहे हैं उन्होंने बताया कि 13.11.25 को उनकी ईट सप्लाई का माल लेकर एक ट्रक संख्या यूपी 21 सी एन 5175 जसपुर आ रही थी ठाकुरद्वारा मोड पर लोकल ईट भट्टा स्वामियों ने पुलिस की मौजूदगी में उनके ट्रक को रोककर कागज मांगे कागज दिखाने के पश्चात भी ट्रक में बैठे चालक के साथ लोकल भट्टा स्वामियों द्वारा गलत व्यवहार किया गया उसके पश्चात सूत मिल चौकी में ट्रक को खड़ा कर स्थानीय व्यापारी लोकल भट्टा स्वामियों के दबाव में ट्रक को क्षेत्रीय पुलिस द्वारा सीज कर दिया गया लोकल भट्टा स्वामियों के दबाव में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही से उत्तर प्रदेश भट्टा मालिक भयभीत है और कोई भी भट्टा मालिक जसपुर क्षेत्र में अपनी ईट नहीं भेज रहा है इस कारण उनके व्यापार पर भी प्रतिक. ूल फर्क पड़ रहा है उन्होंने उक्त विषय को लेकर उप जिलाधिकारी जसपुर/काशीपुर से जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

इस अवसर पर सुल्तान भारती मोहम्मद,अनीस, वीरेंद्र कुमार, विनोद कुमार, कमर आलम, टिकेंद्र चौहान, अनुज कुमार, नफीस अहमद समेत दर्जनों भवन निर्माण सामग्री सप्लायर व्यापारी मौजूद रहे।

# एक हजार मशरूम उत्पादन बैगों का किया वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** मधुबन स्वायत्त सहकारिता बरहैनी बाजपुर की अध्यक्ष उमा जोशी के द्वारा उद्यान विभाग की सहयोगिता के तहत ग्रामीण महिला किसानों को 80 प्रतिशत की सब्सिडी के माध्यम से 1000 मशरूम उत्पादन बैगों का वितरण किया गया।

मधुबन सहकारिता की अध्यक्ष उमा जोशी द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न योजनाओं का निर्माण किया है, जिससे महिलाओं को आर्थिक मजबूती प्रदान हो रही है जिसमें उद्यान विभाग के विकासखंड प्रभारी केएल सागर, सहकारिता प्रमोटर्स निशा रावत, FPO के सीईओ विकुज सहित लाभार्थी महिलाएं सम्मिलित रही।

# विधायक ने जरूतमंदों को बांटे आर्थिक सहायता के चेक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय पर जनता दर्शन कार्यक्रम में रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग जगह से आए लोगों की समस्या को सुना व त्वरित मौके पर संबधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर समस्या का निराकरण करवाया।

विधायक कार्यालय पर नाली, खड़ंजे, विद्युत पोल, वृद्धवस्था पेंशन, राशन कार्ड जैसे समस्या को लेकर लोग पहुंचे थे। वहीं विधायक अरोरा ने भी लोगों की समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए उनका समाधान किया। विधायक बोले समय-समय पर उनके कार्यालय पर जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित होता है, जिसमे बड़ी संख्या में लोग समस्या लेकर आते हैं। निश्चित रूप से जन सेवा ही हमारा मूल मंत्र है, जिसको प्राथमिकता पर लेते हुए सभी की समस्या के समाधान का प्रयास किया जाता है। वहीं विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय पर मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से विधानसभा रुद्रपुर क्षेत्र के 60 लोगों को आर्थिक साहयता के चेक बांटे। इस दौरान भाजपा नेता राजकुमार साह, राधेश शर्मा, पार्षद निमित्त शर्मा, पवन राणा, राजेंद्र राठौर, एमपी मौर्य, कैलाश राठौर, बीनू कुमार, सतनाम सिंह, महेंद्र आर्य, शालनी बोरा, रश्मि रस्तोगी, कमल पाल, मनोज मदान, राज कोली, मानवेन्द्र राय, माया श्रीवास्तव, चन्द्रसेन चंदा आदि मौजूद थे।

# छठवें राज्य वित्त आयोग का दल आज पिथौरागढ़ में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने अवगत कराया है कि छठवें राज्य वित्त आयोग का दल अपने दो दिवसीय पिथौरागढ़ भ्रमण हेतु आज 20 नवम्बर 2025 को सायंकाल जनपद में आगमन करेगा।

आयोग द्वारा 21 नवम्बर 2025 को विभिन्न स्तरों पर परामर्श बैठकों का आयोजन निम्नानुसार किया जाएगा। प्रात: 10:00 बजे से 12:30 बजे तक - शहरी स्थानीय निकायख्रनगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ परामर्श बैठक। अपराह्न 1:30 बजे से 4:30 बजे तक - जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ परामर्श बैठक, तथा तत्पश्चात मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रति. निधियों से वार्ता।

# इंदिरा गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया भावपूर्ण स्मरण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** भारत रत्न एवं देश की पहली महिला प्रधानमंत्री, आयरन लेडी स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धा व सम्मान के साथ याद किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान को नमन किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने मजबूत नेतृत्व, दूर दृष्टि और निर्णायक फैसलों से भारत को विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन संघर्ष, साहस और देशहित के लिए समर्पण का प्रतीक है। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे उनके सपनों के भारत के निर्माण के लिए पूरी निष्ठा और ऊर्जा से कार्य करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष चिराग फर्त्याल के नेतृत्व में प्रकाश सिंह, सुरेश ढेक, रिंकू बोहरा, अंकित कुमार, कमल बोहरा, नवीन बोहरा, जीवन बिष्ट, पारस मेहरा सहित डेढ़ दर्जन से अधिक युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जानलेवा हमले का एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने बीते 23 अक्टूबर को मांस प्रकरण में वाहन चालक नासिर पर जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरोपी को ओर गिरफ्तार किया है। 12 आरोपियों को पुलिस पहले गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। नूरजहां पत्नी नासिर निवासी नई बस्ती मोहल्ला गूलरघट्टी के द्वारा अपने पति नासिर के साथ ग्राम छोई में 23 अक्टूबर को हिंदूवादी संगठनों के लोगों ने जानलेवा हमला और मॉब लींन्चिंग का आरोप लगाया था। पुलिस ने पांच नामजद और तीस अज्ञात लोगों पर मुकद्दमा दर्ज किया था।कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि छोई में हुई घटना में शामिल वांछित आरोपी रोहित आर्य पुत्र जीवन कुमार निवासी टेड़ा रोड रामनगर को रामनगर थाने के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर हुई निबंध प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर शपथ ग्रहण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

नगर के महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय नानकमत्ता, ऊधम सिंह नगर में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं निबंध प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना एवं समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अंजला दुर्गापाल के उद्घाटन संबोधन से हुई। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि नशे की लत युवाओं को कमजोर बनाती है तथा परिवार और समाज दोनों पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। इसके बाद सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने नशामुक्त जीवन जीने की सामूहिक शपथ ली। शपथ ग्रहण के पश्चात "नशा मुक्त भारत: युवाओं की भूमिका" विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डा. निशा ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के सह-समन्वयक डॉ. शशि प्रकाश ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें सकारात्मक व्यक्तित्व एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक प्रो. मृत्युंञजय शर्मा, डॉ. ममता सुयाल, डॉ. निवेदिता, डॉ. उमेश जोशी, डॉ. चम्पा, डॉ. स्वाति पंत, डॉ. ललित बिष्ट, डॉ. रवि जोशी, डॉ. दर्शान सिंह मेहता, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. मंजुलता, डॉ. निशा परवीन, डॉ. आशा गहड़िया, संगीता, महेश कन्याल, रामजदिश, विपिन थप्पा, सुनील तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गुरुकुलम अकादमी में छात्रों को मिली नई ऊर्जा

■ जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल उमेद सिंह ने बच्चों में भरा आत्मविश्वास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** गुरुकुलम अकादमी, खुना बोर में आयोजित व्यक्तित्व एवं चारित्रिक विकास विशेष सत्र में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल उमेद सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रेरणा से भरा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में ऊंचा लक्ष्य तय कर समय का सदुपयोग करने वाला ही जीवन में असली ऊंचाइयों को छूता है, क्योंकि बीता हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता।

कर्नल सिंह ने कहा कि जीस दिन बच्चे यह जान लेंगे कि वे कितने महान हैं, उसी दिन से उनके विचार, व्यवहार और संस्कार बदल जाएंगे, और उसी दिन से उनकी ऊँची उड़ान शुरु हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सफलता पाने के बाद जीवन में मिले मार्ग दर्शकों, माता-पिता, गुरुजन और समर्थकों को कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए बताया कि एक साधारण ग्रामीण परिवेश से आकर संघर्ष और सफलता, दोनों पायदानों को पार करते हुए वे आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा लक्ष्य बड़ा हो तो संघर्ष कभी छोटा नहीं हो सकता। धैर्य, सच्चाई और साहस ऐसा स्वाभिमान देते हैं, जिससे व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में नहीं झुकता। आत्मविश्वास ही वह पूंजी है जो जीवन भर आपको ऊंचाई देती रहती है।

कर्नल सिंह ने बच्चों को समझाया कि अच्छी दृष्टि से सृष्टि अच्छी दिखाई देती है, और नशा, बुरी आदतें या गलत संगत जीवन के रास्तों को अंधकारमय बना देती हैं। उन्होंने कहा कि यहां के बच्चों में अपार प्रतिभा है, बस उनके व्यक्तित्व को तराशे जाने की जरूरत है। इस अवसर पर उनकी जीवनसंगिनी संजना सिंह ने भी बच्चों को अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया। विद्यालय परिवार ने पारंपरिक ढंग से अतिथियों का स्वागत किया। बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य और कार्यक्रमों ने पूरे माहौल को सौम्य और उत्साहपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम का संचालन शशांक पांडे ने किया। अकादमी के प्रबंधक राजेश पांडे, प्रधानाचार्य भास्कर चौबे, कोऑर्डिनेटर सविता पुनेठा, तथा शिक्षक रियाज अहमद, अंकित देव, एमएम गहतोड़ी, अमित तिवारी, दीपा कोठारी, शैला खान, मयंक मुरारी, महेंद्र जोशी, जीवन जोशी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हुई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव में ग्राम पंचायत सदस्यों के चुनाव के लिए गुरुवार को वोट डाले जाएंगे। रुद्रपुर ब्लॉक से मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हो गईं। रुद्रपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायतों के 14 ग्राम पंचायत सदस्य पदों पर चुनाव होना है। 14 पदों के लिए 30 प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनाव के लिए 12 मतदान स्थल बनाये गए हैं। बुधवार को ब्लॉक कार्यालय से 12 पोलिंग पार्टियां रवाना हो गईं। इसकी जानकारी बीडीओ असित आनंद ने दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को होने वाले मतदान के लिए 12 मतदान स्थल बनाये गए हैं। बुधवार को पोलिंग पार्टियों मतदान स्थल रवाना हो गई है।

तीन पोलिंग पार्टियां रिजर्व में हैं। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। 22 नवंबर को मतगणना होगी।

# पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति रामनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने अध्यक्षता और संच. ालन व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन काण्डपाल ने किया।

विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न कृषि विकास योजनाओं को चला रही है जिसका प्रचार प्रसार होना भी जरूरी है तभी अन्तिम किसान तक लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि उस गरीब किसान से पूछे कि सम्मान निधि से उसे 6 हजार रुपए प्राप्त हो रहें हैं उससे उसके कितने काम आ रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा 18 हजार करोड़ रुपये की आज किसानों के खाते में डालकर किसानों की जीवन यापन में विशेष सुधार होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के समूह भी किसानों से जुड़े हुए हैं महिलाएं आचार, चट्नी, जैविक खाद आदि तैयार कर रहे हैं। अवसर पर मंडी समिति सचिव सहील अहमद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन काण्डपाल, मीना बिष्ट, राकेश अग्रवाल, पुरन रावत , मोहम्मद आदिल, मोहम्मद इकबाल, अहमद रजा, बच्चे लाल दुबे, सुरेन्द्र सिंह, ललित पंत, भैरव कुमार, आंचल कुमारी, गीता देवी, दीपा मनराल, दीपक पाठक, सोहन लाल, मुजीब अहमद आदि मौजूद रहे।

# पुरस्कार वितरण के साथ हुआ सहकारिता मेले का समापन

■ महिला समूह और सहकारी समितियां रहीं आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चंपावत।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर सहकारिता विभाग द्वारा गांधी मैदान में लगाए गए सात दिवसीय सहकारिता मेले का बुधवार को पुरस्कार वितरण के साथ भव्य समापन हुआ। इस मेले का शुभारंभ 13 नवंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया गया था। एक सप्ताह तक चले इस आयोजन में जिलेभर से आए विभागीय स्टॉलों, सहकारी समितियों और महिला स्वयं सहायता समूहों ने भागीदारी की। मेले में आयोजित प्रदर्शनी के साथ-साथ महिला समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों की उल्लेखनीय बिक्री हुई, जिससे मेले में खूब चहल-पहल रही।

समापन समारोह में विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार तथा संयुक्त निबंधक सहकारिता एमपी त्रिपाठी द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि त्रिपाठी ने मेले के सफल आयोजन पर सहकारिता विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह मेला सहकारिता की अवधारणा को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने में कारगर साबित हुआ है। वर्चुअल माध्यम से जुड़े प्रदेश के सहकारिता मंत्री डा. धन सिंह रावत ने मेले की सराहना करते हुए कहा कि सहकारिता ही समाज की मजबूती का आधार है और इस प्रकार के आयोजन जनसहभागिता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने मेले को हर दृष्टि से सफल और उद्देश्यपूर्ण बताया। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक निबंधक सहकारिता प्रेम प्रकाश ने की, जबकि संचालन बलवंत गिरी एवं भय्यू बोहरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सहकारी समितियों, सहकारी बैंकों, सरकारी



विभागों, पुलिस, स्थानीय प्रशासन, व्यापारियों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया। मेले के दौरान आयोजित चित्रकला, निबंध, खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उधर, ब्लॉक प्रमुख चंपावत अंचला बोहरा, ज्येष्ठ प्रमुख भुवन पांडे तथा भाजपा नेत्री हेमा जोशी ने भी मेले का निरीक्षण कर सहकारिता विभाग द्वारा किए गए सफल आयोजन की सराहना की। सहायक निबंधक ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा सहायक परियोजना अधिकारी विमी जोशी सहित सभी सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। विभागीय कर्मियों द्वारा संयुक्त निबंधक को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# जून 2029 तक पूरी होगी जमरानी बांध परियोजना

## जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने की प्रमुख परियोजनाओं की गहन समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बुधवार को अपने कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में चल रही महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सबसे पहले जमरानी बांध परियोजना की समीक्षा की, जो जून 2029 तक पूरी होने वाली है। उन्होंने निर्माण कार्यों, टनल निर्माण, पुनर्वास, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा वितरण, और विद्युत लाइन बिछाने जैसे कार्यों की प्रगति पर चर्चा की। बांध परियोजना महाप्रबंधक महेश खरे ने बताया कि 800 मीटर टनल का कार्य पूरा कर लिया गया है, और



बाकी कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि परियोजना को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए अधिकारियों को प्रतिदिन कार्य की समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने भूमि अधिग्रहण और मुआवजे के मामलों में त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए और प्रभावित गांवों में जाकर कैंप लगाने की सलाह दी। इसके अलावा, अमृतपुर कैलाश द्वार से परियोजना स्थल तक सड़क सुधार और डामरीकरण के कार्यों की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि सड़क को कुछ समय के लिए बड़े वाहनों के संचालन के लिए बंद करना पड़ेगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समन्वय करके यह कार्य शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए। नैना देवी मंदिर सौंदर्यीकरण और अन्य परियोजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई। लोक निर्माण विभाग द्वारा नैना देवी मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण कार्यों में 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि अन्य कार्य भी तेजी से चल रहे हैं। इसके अलावा, भवाली- कैंचीधाम बाईपास सड़क निर्माण के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए, जिसमें कुल 18.02 किलोमीटर की सड़क का 8 किलोमीटर हिस्सा पक्का किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने कैंचीधाम मंदिर के निकट पार्किंग निर्माण, पैदल पुल और पाथवे निर्माण के कार्यों को भी निर्धारित समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग ने बताया कि इस कार्य के लिए 40 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है, जिसमें 45 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। अंत में राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क में कहीं भी गड्ढे या खराबी हो, तो उसे तुरंत ठीक किया जाए। साथ ही, भवाली बाईपास पर मोटर पुल निर्माण के कार्य की भी समीक्षा की और उसे शीघ्र पूरा करने की बात कही। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विवेक राय, महेश खरे (महाप्रबंधक जमरानी बांध परियोजना) और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### ठंड एवं शीतलहर से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थानों में जलवाएं अलाव

**नैनीताल।** शीतकाल में ठंड से बचाव एवं आम जन-जीवन सुरक्षित रखने हेतु जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने दिए सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के सभी स्थानीय नगर निकायों व नगर निगमों में शीतलहर के दौरान निराश्रित एवं असहाय गृह विहीन व्यक्तियों को ठंड के प्रकोप से बचाने हेतु निशुल्क कंबल वितरण सार्वजनिक स्थानों जैसे धर्मशाला, रेनबसेरों, मुसाफिरखाना, पड़ाव तथा सराय व चौराहो व रेल एवं बस स्टेशन आदि पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने शीतकाल में शीतलहर से सुरक्षा बचाव हेतु स्थाई एवं अस्थाई रेनबसेरों की व्यवस्था करने के अतिरिक्त इन सभी रेनबसेरों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं यथा बिजली, पानी, बिस्तर तथा साफ सफाई की समुचित व्यवस्था के साथ ही इन रेनबसेरों का व्यापक प्रचार प्रसार भी करने के निर्देश दिए हैं ताकि शीतकाल में जरूरतमंद व्यक्ति को इनका लाभ प्राप्त हो।

## एक नजर

### स्कूल जा रही छात्रा पर चाकू से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** मंगलवार सुबह शांतिपुरी क्षेत्र में स्कूल जा रही 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा पर चाकू से हमला कर दिया गया। छात्रा अपने भाई के साथ साइकिल से निकली थी। शांतिपुरी नंबर-दो पुलिया के पास पीछे से आए एक युवक ने छात्रा के गले पर चाकू से दो वार किए। राहगीरों और स्कूल बस के रुकने पर एक शिक्षक व स्थानीय लोगों ने तुरंत छात्रा को बचाया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। बताया गया कि आरोपी ने दो दिन पहले भी छात्रा की साइकिल रोककर अभद्रता की थी। स्थानीय लोगों ने मौके पर ही युवक को पकड़ लिया। थाना प्रभारी नंदन सिंह रावत ने कहा परिजनों की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेसियों ने स्व. इंदिरा गांधी को याद किया

**नैनीताल।** नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल द्वारा भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री/भारत रत्न/ लौह महिला स्व.इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पार्टी कार्यालय तल्लीताल में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों द्वारा स्व.इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किएए तत्पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने लौह महिला को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके द्वारा श्वेत क्रांति, हरित क्रांति तथा बैंकों का राष्ट्रीयकरण, पाकिस्तान के दो हिस्सों में बांटना, ऑपरेशन मेघदूत के द्वारा सियाचिन पर कब्जा हो या 1974 में परमाणु परीक्षण करके दुनिया को हैरान करना आदि देशहित के कार्यों के लिए देशवासी सदैव स्व. इंदिरा गांधी को को हमेशा याद करेंगे। इस अवसर पर नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश कर्नाटक, पूर्व दायित्वधारी रईस भाई, डीसीएस खेतवाल, नासिर भाई, कनक साह, नगर महामंत्री कैलाश अधिकारी, नगर सचिव बंटू आर्या, अध्यक्ष यूथ कांग्रेस विधानसभा अमन महिन्द्रा, शिवम बजाज, छात्रसंघ सचिव आयुष कुमार, अमन जाटव, जयंत उप्रेती, प्रियांशु बेलवाल, विनोद परिहार तथा गौरव कुमार उपस्थित रहे।

### बेतालघाट कालेज में पटेल जयंती पर कार्यक्रम

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में बुधवार को संस्कृत विभाग के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयन्ती के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छाया पन्त, रश्मि भण्डारी, हिमांशी गीतिका ने प्रतिभाग किया। प्रभारी प्राचार्य डा. ईप्सिता सिंह ने अपने उद्बोधन में सरदार बल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान बारे में बताया। कार्यक्रम के संयोजक ने सरदार वल्लभभाई पटेल कार्यक्रम की रुपरेखा तथा उनकी जीवनी के बारे में बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन डा. दीपक ने किया। कार्यक्रम में डा. तरूण कुमार आर्य, संतोष भारती, शिक्षणेतर कर्मचारी तथा छात्र तथा छात्राएं उपस्थित रहे।

### आल सेंट्स कालेज पहुंचा फाइनल में

**नैनीताल।** डीएसए नैनीताल द्वारा आयोजित नैनीताल बैंक व कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा प्रायोजित कैलाश सिंह बिष्ट मेमोरियल महिला फुटबॉल टूर्नामेंट में बुधवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। बता दें इस सेमीफाइनल में ऑल सेंट कॉलेज नैनीताल ने सेंट मैरी कॉलेज को 3-0 से पराजित कर फाइनल में जगह पक्की की। मैच के अतिथियों में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चे की नगर अध्यक्ष कविता गंगोला तथा वरिष्ठ क्रीड़ा शिक्षिका पुष्पा कार्की रही जबकि अन्य विशिष्ट अतिथियों में डा. मनोज सिंह बिष्ट समेत खीम राज सिंह देऊपा, अजय शाह, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, भगवत सिंह रावत, शैलेंद्र बर्गली, पवन खनायत, अमित कुमार तथा बीनू एवं अमरजीत सिंह शामिल रहे।

### नौकुचियाताल में पकड़े 4 घरेलू गैस सिलेंडर

**नैनीताल।** विभागीय उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बुधवार को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा पूर्ति निरीक्षक रवि डालाकोटी के साथ घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक दुरुपयोग रोकने के प्रयोजन से नैनीताल जिले के भीमताल के नौकुचियाताल स्थित 9 प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। बिष्ट के मुताबिक निरीक्षण के दौरान 4 प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करने पर मौके पर कुल 4 घरेलू गैस सिलेंडर जबत कर सुरक्षा की दृष्टि से इन्हें मैसर्स भीमताल इंडेन गैस सर्विस भीमताल की सुपुर्दगी में इस निर्देश के साथ दिए गए कि इन सिलेण्डरों को गोदाम में सुरक्षित रखेंगे और न्यायालय तथा उच्चाधिकारियों के मांगे जाने पर प्रस्तुत करेंगे। बिष्ट ने कहा कि भविष्य में भी अभियान जारी रहेगा।

### बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों पर कार्रवाई

**नैनीताल।** बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस ने कोतवाली के समीप अभियान चलाकर बिना हेलमेट बाइक दौड़ाने वाले 9 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। बता दें कि नैनीताल में कानून का डर न होने के चलते युवा बिना हेलमेट के ही दो पहिया वाहन दौड़ा रहे हैं। लेकिन अब पुलिस ने बिना हेलमेट बाइक दौड़ाने वालों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। बुधवार को मल्लीताल में एसआई प्रवीण कुमार तेवतिया ने पुलिस टीम के साथ बिना हेलमेट बाइक दौड़ाने वालों के खिलाफ मल्लीताल कोतवाली के सामने अभियान चालाया। इस दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट बाइक व स्कूटी चालकों को रोकना शुरू किया तो बाइक सवार भागने लगे। लेकिन पुलिस ने अभियान जारी रखा।

### धरोहर बाल आश्रय केंद्र में सार्थक जनसेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर की एनएसएस इकाई द्वारा धरोहर बाल आश्रय केंद्र हल्द्वानी में एक जनसेवा एवं आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के बीच दया व सामाजिक जिमेदारी एवं खुशी फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा बच्चों से आत्मीय बातचीत एवं हंसी-मजाक के साथ हुई, जिससे बच्चों ने स्वयं को सामानित और सहज महसूस किया। इसके बाद चित्रकला सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से व्यक्त किया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने उनके हर प्रयास की सराहना करते हुए उत्साह बढ़ाया। शिक्षा को रोचक बनाने के उद्देश्य से गणित के सामान्य अभ्यासों को खेल एवं चुनौतीपूर्ण गतिविधियों में परिवर्तित किया गया। इसके पश्चात नृत्य और गीत-संगीत के माध्यम से माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया गया। स्वयंसेवकों द्वारा बच्चों को नैतिक कहानियां भी सुनाई गईं, जिन्हें उन्होंने दिलचस्पी से सुना और उन शिक्षाओं को अपने दैनिक जीवन से जोडकर समझा। सामूहिक भोजन ने रिश्तों में और अधिक निकटता लाई। इसके बाद अल्पाहार एवं फोटो साझा कर कार्यक्रम को यादगार बनाया गया। इस अवसर पर एनएसएस इकाई ने बच्चों को खेल सामग्री भेंट की, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे और उन्हें बाहरी खेलों के प्रति प्रेरणा मिली। एनएसएस इकाई ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी प्रबंधन का हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिसने छात्रों को संवेदनशीलता एवं उद्देश्यपूर्ण सेवा के लिए प्रेरित एवं समर्थित किया।

## पांच हजार इंजेक्शन व कफ सिरफ की बोतलों के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान व मादक पदार्थों की बिक्री की रोकथाम हेतु दिये गये आदेश निर्देशों के क्रम में एसओजी व पुलिस टीम 5000 इंजेक्शन तथा क सिरप की 326 बोतलें बिना लाइसेंस व बिना बिल के बरामद करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में गत रात्रि में कोतवाली काशीपुर पुलिस और एसओजी काशीपुर की संयुक्त पुलिस टीमों द्वारा चैकिंग के दौरान टांडा बाग वाली रोड टाडा उज्जैन काशीपुर पर एक युवक को 2 गत्ते की पेटी के अन्दर 200 कार्टन बॉक्स में कुल 5000 इंजेक्शन तथा 03 गत्ते की अलग-2 पेटियों के अन्दर कुल 326 बोतलें क सिरप बिना लाइसेंस व बिना बिलों के अवैध रूप से स्कूटी संख्या यूके-18 सी-5740 में परिवहन करते हुए पकड़ा। बरामदगी माल व गिरफ्तारी अभियुक्त के आधार पर कोतवाली काशीपुर पर अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा धारा 8/21/22/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपनी पहचान दीपक ठाकुर पुत्र कृष्ण पाल सिंह निवासी ग्राम शक्तिखेड़ा थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश के रूप में कराई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हेमचंद तिवारी कोतवाली काशीपुर, उप निरीक्षक सुनील सुतेड़ी एसओजी प्रभारी काशीपुर, उप निरीक्षक मनोज सिंह धोनी कोतवाली काशीपुर, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार एसओजी काशीपुर, कांस्टेबल हरीश एसओजी काशीपुर, कैलाश तोमकयाल शामिल रहे।

# जंगल में ठिठुरता मिला लापता छात्र

## रुद्रपुर से दोस्तों के साथ घूमने आया था नैनीताल, भटक गया था रास्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** रुद्रपुर से नैनीताल अपने अन्य पांच दोस्तों के साथ घूमने आया 12वीं के छात्र के देर रात नैनीताल की सबसे ऊंची चोटी नैना पीक में गुम होने से हड़कंप मच गया।

साथियों की सूचना पर पुलिस समेत एसडीआरएफ व वन विभाग की संयुक्त टीम ने 12 घंटे के रेस्क्यू के बाद युवक को जंगल से खोज लिया, जिसके बाद युवक को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार रुद्रपुर निवासी 12वीं के छात्र जयश कार्की अपने अन्य पांच दोस्तों के साथ मंगलवार को नैनीताल घूमने पहुंचा था। शाम को वह घूमने के लिए नैनीताल की सबसे ऊंची कहीं जाने वाली नैना पीक व कैमल्स बैक की पहाड़ी में चले गए, जिसमें जयश अपने तीन साथियों के साथ नैनापीक व दो अन्य कैमल्स बैक गए। देर रात नैनापीक से वापसी के दौरान जयश एयरफोन लगाकार गाने सुनते हुए अपने दोस्तों से आगे आ गया लेकिन जब अन्य साथी गेट के समीप पहुंचे तो वह नहीं मिला देर तक युवक को कॉल किया लेकिन उसका नंबर भी नहीं लगा। जिसके बाद उसके दोस्तों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना के बाद पुलिस समेत एसडीआरएफ व वन विभाग की टीम ने मंगलवार देर रात से बुधवार सुबह तक नैना पीक के जंगल में जयश को खोजती रही लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। बुधवार की सुबह तीनों विभागों के 30 कर्मियों ने युवक की दोबारा तलाश की। जिसके चलते टीम ने लगभग 11 बजे युवक को नैनापीक के जंगल से बरामद कर लिया। कोतवाली के एसएसआई दीपक बिष्ट के मुताबिक छात्र का मेडिकल परीक्षण कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। छात्र ने पूछताछ में बताया कि वह रास्ता भटक गया था।

# पंचम बायोटैक कॉन्क्लेव का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद् के क्षेत्रीय केन्द्र पटवाडांगर में बुधवार को पंचम बायोटैक कॉन्क्लेव का शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. मनमोहन सिंह चौहान (कुलपति गोबिंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौ. विवि पंतनगर) तथा विशिष्ट अतिथि डा. नवीन चन्द्र लोहानी (कुलपति उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी) तथा मंचासीन अतिथियों सहित निदेशक यूसीबी डा. संजय कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। निदेशकए यूसीबी डा. संजय कुमार ने तीन दिवसीय कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बायो ई-3 नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गतिमान



शोध व अनुसंधानों को नये आयाम प्रदान करेगी जिससे उत्तराखण्ड राज्य राष्ट्रीय से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विकास की ओर अग्रसर होगा। इस अवसर पर उन्होंने देश की प्रगति में कार्यरत जवानों, किसानों व वैज्ञानिकों तथा संस्थानों का स्मरण करते हुए जय जवानए जय किसानए जय विज्ञान के साथ जय संस्थान का नारा दिया जबकि डा. नवीन चन्द्र लोहानी ने अर्थव्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण इत्यादि के बारे में अपने विभिन्न देशों के भ्रमण के अनुभव साझा किये। डा. नीरज द्विवेदी ने कहा कि भारत को एक कृषि प्रधान देश के रूप में पहचान दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि डा. निकिटिन जोर्जी ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में कृषि एवं पशुपालन सहित जैव प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं जिन पर पन्तनगर विश्वविद्यालय तथा उत्तराखण्ड जैवप्रौद्योगिकी परिषद् के साथ मिलकर उनके विश्वविद्यालय द्वारा नये शोध कार्यक्रम शुरू किये जायेंगे। मुख्य अतिथि डा. मनमोहन सिंह चौहान ने उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा बायोटैक कॉन्क्लेव के आयोजन द्वारा 300 से अधिक राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिकों, शोधार्थियों व विषय विशेषज्ञों इत्यादि को एक मंच पर एकत्रित करने की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन डा. मणिन्द्र मोहन ने किया। यहां परिषद् के वैज्ञानिक डा. कंचन कार्की, डा. सुमित पुरोहित सहित परिषद् के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस मौके पर पौधरोपण भी किया गया।

## वायलिन वादन में विशेष को प्रथम पुरस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वर संगम हल्द्वानी के प्रतिभाशाली वायलिन वादक विशेष तिवारी ने विगत दिनों रुड़की में संपन्न हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कला उत्सव-2025 में उत्कृष्ट वायलिन वादन प्रस्तुत कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। आचार्य हरीश चंद्र पंत के शिष्य विशेष तिवारी आगामी दिसंबर माह में पुणे महाराष्ट्र में राष्ट्रीय कला उत्सव में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। वायलिन वादक विशेष तिवारी इससे पूर्व भी प्रयाग संगीत समिति आगरा में निनाद-2025 व कोलकाता बांग्ला नववर्ष-2025 की अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं में भी प्रथम पुरस्कार अर्जित कर उत्तराखंड को गौरव प्रदान कर चुके हैं।

# शिक्षा निदेशक को हाईकोर्ट से एक सप्ताह की मोहलत

## आरक्षण का लाभ ले रहे कार्मिकों के प्रमण पत्रों की जांच का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अपात्र विकलांगता प्रमाण पत्रों के जरिए शिक्षा विभाग में आरक्षण का लाभ ले रहे दर्जनों कार्मिकों के प्रमाण पत्रों की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई पर बुधवार को संबन्धित विभाग के निदेशक पूर्व के आदेश पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उनके द्वारा कोर्ट के सामने कहा कि उनकी नियुक्ति विभाग में कुछ दिन पहले ही हुई है। मामले की जांच करने के लिए उन्हें समय दिया जाय। जिस पर कोर्ट ने उनको एक सप्ताह का समय देते हुए एक सप्ताह के भीतर पूरी रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 28 नवंबर शुक्रवार की तिथि नियत की है।

पूर्व में कोर्ट ने राज्य मेडिकल बोर्ड के महानिदेशक को नोटिस जारी किया था। शिक्षा विभाग में अध्यापकों व लिपिक वर्गीय श्रेणी में दिव्यांग आरक्षण के तहत राज्य बनने के बाद 52 पदों में हुई नियुक्तियों में से 13 नियुक्तियां मेडिकल बोर्ड ने सही पाई हैं जबकि शेष कार्मिक वर्ष 2022 में मेडिकल बोर्ड द्वारा पुन: कराए गए मूल्यांकन में या तो अनुपस्थित रहे या फिर उनके प्रमाण पत्रों में भिन्नता थी और कुछ को दिव्यांग श्रेणी में नहीं माना गया।

नेशनल फैडरेशन ऑफ द ब्लाइंड (उत्तराखंड शाखा) द्वारा जनहित याचिका की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि अपात्र लोग धोखाधड़ी से दृष्टिबाधित श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ ले रहे हैं जिससे वास्तविक दिव्यांग उम्मीदवार अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित हो रहे हैं लेकिन इस मामले में प्रशासनिक स्तर पर शिकायतें करने के बावजूद कोई ठोस और पारदर्शी कार्रवाई नहीं हो सकी। याचिका में कहा है कि राज्य मेडिकल बोर्ड में 2022 में हुए मूल्यांकन में शिक्षा विभाग दिव्यांग श्रेणी के कई कर्मचारी मेडिकल जांच के लिए जानबूझकर उपस्थित नहीं हुए जिससे उनके प्रमाण पत्रों के जाली होने का गहरा संदेह पैदा होता है। याचिकाकर्ता के वकील एडवोकेट गौरव पालीवाल ने कोर्ट को बताया कि इस मामले को देखने वाले राज्य आयुक्त दिव्यांगजन ने भी शिकायत को खारिज कर दिया था और एम्स ऋषिकेश से पुन: सत्यापन की मांग को नज र अंदाज कर दिया था।

### विवादित भूमि पर सभी प्रकार के निर्माण व विकास गतिविधियों को अगली तारीख तक रोकने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रुद्रपुर शहर में स्थित एक बहुमूल्य सरकारी नजूल भूमि के कथित अवैध हस्तांतरण और फी-होल्डिंग से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश जारी किया है। कोर्ट ने विवादित भूमि पर सभी निर्माण कार्यों को रोकने का निर्देश दिया है, जिससे यहां प्रस्तावित वाणिज्यिक मॉल परियोजना पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। याचिका में रुद्रपुर नगर निगम के पूर्व सदस्य रामबाबू ने आरोप लगाया कि सरकारी अधिकारियों और निजी हितधारकों के बीच सांठगांठ कर 1988 में तालाब की भूमि को अवैध रूप से फि-होल्ड किया गया और जमीन के रिकॉर्ड में भी गड़बड़ी की गई। इस भूमि पर निजी प्रतिवादियों ने बिना वैध पट्टे के कब्जा कर लिया और निर्माण के लिए एक मॉल परियोजना की योजना बनाई थी। मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन और नगर निगम को निर्माण कार्यों पर रोक लगाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने राज्य के आवास और नजूल विभाग से पूरे मामले पर विस्तृत जवाब मांगा है।

### हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव की आम सभा अगले सप्ताह

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव हेतु आम सभा अगले सप्ताह बुलाई गई है। बार एसोसिएशन द्वारा जारी सूचना में बताया गया है कि बार के सभी सदस्यों को अपना हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का माह अक्टूबर 2025 तक का पूर्ण मासिक शुल्क एवं चैंबर किराया 21 नवंबर शुक्रवार तक अनिवार्य रूप से बार एसोसिएशन के कार्यालय में जमा करने को कहा गया है।

### तहसील में अनियमितताओं पर 15 को नोटिस जारी

**हल्द्वानी।** डीएम के निर्देशों के अनुपालन में तहसील परिसर हल्द्वानी में मंगलवार को औचक निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। निरीक्षण टीम में सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, एसडीएम राहुल शाह और तहसीलदार हल्द्वानी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परिसर में कार्यरत डीड राइटर, पैटीशन राइटर, स्टाम्प वेंडर एवं नोटरी से बातचीत की। टीम ने सभी को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपना कार्य पूरी तरह विधि, नियमों और विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार ही करें। अधिकारियों ने तहसील परिसर में कार्यरत व्यक्तियों के अभिलेखों, कार्यप्रणाली और दस्तावेजों की गहन जांच की। इस दौरान कई अनियमितताएं सामने आई। इनमें अनिवार्य रजिस्टरों का संधारण न होना, स्टाम्प वेंडरों द्वारा डीड राइटिंग व पैटीशन ड्राफ्टिंग का कार्य किए जाना, आवेदकों के व्यक्तिगत दस्तावेज अनधिकृत लोगों के पास पाए जाना और डीड राइटर व पैटीशन राइटर द्वारा राइट टू सर्विस (आरटीएस) के आवेदन भरना शामिल है, जो नियमों के विरुद्ध माना जाता है। इन अनियमितताओं के आधार पर एसडीएम राहुल शाह ने 15 लोगों को नोटिस जारी किए है। सभी से कार्यों में पाई गई गड़बड़ियों पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका और गतिविधियों की अलग-अलग जांच भी की जा रही है। एसडीएम राहुल शाह ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति अनधिकृत या अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाया गया तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी तथा संबंधित डीड राइटर और पिटीशन राइटर के लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह जांच और प्रवर्तन अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा। इसके लिए एक विशेष टीम गठित कर दी गई है।

# कृषि विषय पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कृषि विज्ञान केंद्र ज्योलीकोट में पीएम किसान समभान निधि योजना की 21वीं किस्त का हस्तांतरण तथा दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती शिखर सम्मेलन 2025 का शुभारंभ केंद्र प्रभारी अधिकारी डा. संजय चौधरी ने किया। कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती समेत सब्जी उत्पादन के साथ ही डेयरी प्रबंधन व वैज्ञानिक खेती पद्धतियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में चौपड़ा, सरिताताल, भर्गोमेंट, ज्योलीकोट, भल्यूटी तथा बकरखोड़, बानना, दागड़, भुजियाघाट, बेलुवाखान, अलचौना और अमिया सहित विभिन्न गांवों के करीब 197 किसानों ने प्रतिभाग किया। प्रगतिशील कृषक व ग्राम



प्रधान शेखर भट्ट ने किसानों को कार्यक्रम से जोड़ने में विशेष योगदान दिया।

विशेषज्ञों ने विभिन्न कृषि विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिसमें डा. बलवान सिंह ने शीत ऋतु में दुधारू पशुओं की देखभाल एवं विशेष सावधानियों पर मार्गदर्शन दिया जबकि डा. दीपाली तिवारी पांडे ने पर्वतीय क्षेत्रों में संरक्षित खेती के माध्यम से बेमौसमी फल एवं सबजियों का उत्पादन कर आय बढ़ाने के उपाय बताए वहीं डा. कंचन नैनवाल ने प्राकृतिक खेती में जीवामृत, घनजीवामृत एवं बीज शोधन की वैज्ञानिक विधियों का विस्तृत प्रदर्शन किया। डा. वीके सिंह ने पर्वतीय क्षेत्रों में मत्स्य पालन की वैज्ञानिक तकनीकों पर विशेष जानकारी दी। डा. सुधा जुकारिया ने केंद्र में संचालित आर्या परियोजना को बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का प्रभावी माध्यम बताते हुए शोभाकारी मोमबत्ती निर्माण जैसे आयामों को पलायन रोकने में सहायक बताया जबकि डा. शशि तिवारी ने स्वयं सहायता समूहों की ओर से निर्मित उत्पादों के ऑनलाइन विपणन एवं एफपीओ के महत्व पर महिला कृषकों को जागरूक किया। इस दौरान डा. राकेश मेर, विमल शर्मा, दीप कुमार, कमला सत्यपाल, सुभाष चन्द्र, महिपाल चन्द्र लोहनी, गोविन्दी देवी तथा सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# सरकार विकास कार्यो के लिए प्रतिबद्ध: रेखा आर्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के मजखाली मंडल के नैनी, डिगोटी, जाना, मल्ली रियूनी और गिनाई गांवों में जन मिलन कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय समस्याओं को सुना और विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर पेयजल योजनाओं, सड़क निर्माण, सामुदायिक भवनों और स्कूलों के निर्माण व सुधार कार्यों के लिए विधायक निधि से धन राशि जारी करने की घोषणा की। मौके पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है और जल्द ही सभी लंबित परियोजनाओं को पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास की राजनीति करती है और बिहार विधानसभा चुनाव का परिणाम भी इसी का नतीजा है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि 2027 में उत्तराखंड में भी कुछ ऐसे ही नतीजे दोहराए जाने वाले हैं। जन मिलन कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने नैनी गांव में भंडार कक्ष निर्माण के लिए तीन लाख रुपये विधायक निधि से देने की घोषणा की। वहीं, डिगोटी गांव में प्राइमरी पाठशाला निर्माण के लिए 2 लाख, शिल्पकार बस्ती में सामुदायिक कक्ष के लिए 2.5 लाख, मजेटी में कालिका मंदिर सौंदर्यीकरण के लिए 2.5 लाख रुपये की घोषणा की गई। मजेटी में 10 सोलर लाइट लगाने की घोषणा भी की गई। सड़क निर्माण के लिए 1 लाख रुपये की घोषणा। जाना गांव में पेयजल योजना के सुधार हेतु विधायक निधि से 2.5 लाख रुपये जारी होंगे। गिनाई गांव में एएनएम सेवा सप्ताह में दो दिन मिलेगी। बरसात में स्थानांतरित प्राइमरी स्कूल की मरम्मत कर पुन: उसी भवन में शिफ्टिंग होगी। मंदिर सौंदर्यीकरण के लिए 3 लाख रुपये की घोषणा। 20 सोलर लाइट लगाने की घोषणा भी की गई। मल्ली रियूनी में प्राचीन शिव मंदिर सौंदर्यीकरण के लिए 2.50 लाख रुपए, गांव में दो अलग-अलग सड़कों के लिए दो-दो लाख रुपए, 10 सोलर लाइट देने और रोजगार के लिए दो सिलाई मशीन देने की घोषणा की। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कन्नू शाह, मंडल अध्यक्ष दीपक बोरा, मंडल महामंत्री राज अधिकारी, दीपक रावत, विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी, ग्राम प्रधान हेमा बिष्ट, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुशीला अधिकारी, ग्राम प्रधान हेमा देवी, हर्ष सिंह बिष्ट, पूरन सिंह बिष्ट, विनोद बिष्ट, महेंद्र बिष्ट, प्रदीप अधिकारी, दीवान राम, सौरभ अधिकारी, दिनेश वर्मा, राजू रावत, मंजू वर्मा, बूथ अध्यक्ष हरीश सिंह, और नरेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे।

# वनडे रैंकिंग: मिचेल नी ली रोहित की जगह

## शीर्ष स्थान वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक जड़ने के बाद हासिल किया



**दुबई।** आईसीसी वनडे रैंकिंग में डैरिल मिचेल ने शीर्ष स्थान पर रोहित शर्मा की जगह ली है। मिचेल शीर्ष स्थान हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज हैं, उनसे पहले 1979 में ग्लेन टर्नर ने शीर्ष स्थान हासिल किया था।

मार्टिन क्रो, रॉस टेलर और केन विलियमसन जैसे बल्लेबाज वनडे रैंकिंग में शीर्ष पांच में मौजूद रहे, लेकिन उन्होंने कभी भी पहला स्थान हासिल नहीं किया। मिचेल ने शीर्ष स्थान रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक जड़ने के बाद हासिल किया। हालांकि वह उस मुकाबले में चोटिल हो गए और शेष सीरीज से बाहर हो गए। कोलकाता टेस्ट में अर्धशतक जड़ने वाले साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बवूमा को भी टेस्ट रैंकिंग में फायदा हुआ है और वह पहली बार शीर्ष पांच में पहुंचे हैं। जो रूट इस समय पहले स्थान पर हैं जबकि हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर मौजूद हैं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल शीर्ष 10 से मामूली अंतर से बाहर हैं। टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में जसप्रीत बुम.राह शीर्ष स्थान पर मौजूद हैं, जबकि मैट हेनरी और नोमान अली क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर काबिज हैं। श्रीलंका के खिलाफ 3-0 से वनडे सीरीज नाम करने के बाद पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद को 11 स्थान का फायदा हुआ है और वह वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। राशिद खान शीर्ष स्थान पर काबिज हैं, जबकि उनके बाद रैंकिंग में जोफ्रा आर्चर और केशव महाराज मौजूद हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में बेहत.रीन प्रदर्शन करने वाले जैकब डफी टी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं वहीं वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान पर बरक.रार हैं।

वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में रोहित (2) सहित कुल चार भारतीय बल्लेबाज मौजूद हैं, इन खिलाड़ियों में गिल (4), विराट कोहली (5) और श्रेयस अय्यर (8) शामिल हैं।

### 100वें टेस्ट में शतक की दहलीज पर मुशफिकुर

**मीरपुर।** मुशफिकुर रहीम (नाबाद 99) अपने 100वें टेस्ट में शतक बनाने की दहलीज पर पहुंच गए हैं, जबकि उनकी शानदार बल्लेबाजी और लिटन कुमार दास (नाबाद 47) और मोमिनुल हक (63) की उपयोगी पारियों के दम पर बंगलादेश ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को चार विकेट पर 294 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली । आज यहां बंगलाद.श ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। महमुद.ल हसन जॉय और शादमान इस्लाम की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। एंडी मैक्ब्राइन ने शादमान इस्लाम 35 को आउटकर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई।

# रिंकू सिंह ने खेली करियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रनों की पारी

**कोयंबटूर।** भारतीय क्रिकेट टीम के रिंकू सिंह ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रनों की पारी खेली, जिससे उत्तर प्रदेश को पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने में मदद मिली और आज कोयंबटूर में तमिलनाडु के खिलाफ पांचवें दौर का एलीट ग्रुप ए रणजी ट्रॉफी मैच ड्रॉ रहा।

अपनी पारी की शुरुआत नाबाद 98 रनों से करते हुए, मेहमान टीम को बढ़त हासिल करने के लिए अभी भी चार विकेट शेष रहते 117 रनों की आवश्यकता थी। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने दूसरे छोर पर अपने जोड़ीदारों को खोने के बावजूद पारी को संभाले रखा। चौथे और अंतिम दिन छह विकेट पर 339 रनों से आगे खेलते हुए, उत्तर प्रदेश ने जल्द ही अपने ओवर के दूसरे ओवर में अपने बल्लेबाज शिवम शर्मा (22) का विकेट गंवा दिया। हालांकि, रिंकू ने कार्तिक यादव (20, 59 गेंद, 4ग4) के साथ आठवें विकेट के लिए महत्वपूर्ण 59 रन जोड़े और मेहमान टीम तमिलनाडु के 455 के कुल स्कोर के करीब पहुंच गई। आकिब खान (14) के साथ नौवें विकेट के लिए 36 रन और जोड़ने के बाद, रिंकू, जिन्होंने दिन में पहले अपना नौवां प्रथम श्रेणी शतक बनाया था और बाद में नाबाद 165 रन का अपना पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी पार किया था, 247 गेंद, 17ग4, 6ग6 की तेज रफ्तार से 176 रन बनाने के बाद आउट हो गए, जिससे विपक्षी खेमे पर आक्रमण का दबाव बढ़ गया, जिसने दिन में दो विकेट गंवा दिए थे। हालांकि, वह तब आउट हुए जब मेहमान टीम को महत्वपूर्ण बढ़त और आखिरी विकेट के लिए अभी भी 13 रनों की जरूरत थी। आकिब खान और कुणाल त्यागी की जोड़ी ने 145-1 ओवर में 460 रन पर पारी समाप्त होने से पहले यह उपलब्धि हासिल कर ली, और उत्तर प्रदेश ने लंच के समय पहली पारी में पांच रन की बढ़त हासिल कर ली। तमिलनाडु के लिए बाएं हाथ के स्पिनर पी. विद्युत ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 73 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि एक अन्य बाएं हाथ के स्पिनर और कप्तान आर साई किशोर ने तीन विकेट लिए। पी सरवण कुमार ने भी दो विकेट लिए। दूसरी पारी में, घरेलू टीम ने 21 ओवर में दो विकेट पर 103 रन बनाए, जिसमें सलामी बल्लेबाज बी- सचिन ने शानदार अर्धशतक (59) और दूसरे सलामी बल्लेबाज नारायण जगदीशन (44) ने योगदान दिया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अफगानिस्तान अंडर-19 ने इंडिया बी को 71 रनों से हराया

**बेंगलुरु।** फैसल शिनोजादा (58), अजीजुल्लाह मिआखिल (42) के बाद अब्दुल अजीज (छह विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान अंडर-19 ने बुधवार को एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के दूसरे मुक.ाबले में इंडिया बी अंडर -19 टीम को 71 रनों से हरा दिया। 168 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया बी अंडर-19 को शुरुआत से ही अब्दुल अजीज के कहर का सामना करना पड़ा। युवराज गोहिल के अलावा कोई भी भारतीय बल्लेबाज अफगानिस्तान के गें.दबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका और पूरी टीम 29-3 ओवर में 97 रन पर ढेर हो गई। इंडिया बी के 10 बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। युवराज गोहिल ने 80 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 60 रनों की पारी खेली।

### बेल्जियम डेविस कप के सेमीफाइनल में

**बोलोग्ना ।** बेल्जियम ने इटली के बोलोग्ना में फ्रांस पर 2-0 की शानदार जीत के साथ 2025 डेविस कप फाइनल 8 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम की इस जीत से इस प्रतियोगिता में फ्रांस के खिलाफ उसका रिकॉर्ड 4-6 हो गया है, जिसका इतिहास एक सदी से भी ज्यादा पुराना है। दिन की शुरुआत राफेल कॉलिग्नन की शानदार वापसी के साथ हुई, जिन्होंने धीमी शुरुआत को पलटते हुए कोरेंटिन मौटेट को 2-6, 7-5, 7-5 से हराया। मौटेट द्वारा पहला सेट जीतने के बाद मुकाबला काफी कड़ा हो गया, दूसरे और तीसरे सेट में पांच-पांच गेम तक चले, कॉलिग्नन ने फ्रांसीसी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर हर सेट और मैच अपने नाम कर लिया। इसके बाद जिजो बर्ग्स ने आर्थर रिडरकनेच के खिलाफ संयमित प्रदर्शन किया।

# लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत दूसरे दौर में

**ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे**

**सिडनी।** लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत, आयुष शेट्टी और थारुण मन्नेपल्ली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

आज यहां पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन ने चीनी ताइपे के विश्व नंबर 40 सु ली-यांग को 43 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-13 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। इस बीच, विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए इंडोनेशिया के योहानेस सॉट मार्सेलिनो को 6-21, 21-12, 21-17 से हराने में सफलता पाई। पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के 20वें स्थान पर काबिज ली चिया-हाओ को एक घंटे से अधिक देर तक चले मैराथन मुकाबले में 21-19, 19-21, 21-15 से हराकर राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई।

थारुण मन्नेपल्ली को भी डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन को तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-19 से हराने के लिए एक घंटे से ज्यादा समय तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी। इसके विपरीत, आयुष शेट्टी को कनाडा के सैम युआन को 21-11, 21-15 के प्रभावशाली स्कोर से हराने में मात्र 33 मिनट लगे। आयुष शेट्टी, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में यूएस ओपन जीता था।

आयुष शेट्टी अगले दौर में जापानी दिग्गज कोडाई नाराओ.का से भिड़ेंगे। कनाडाई जोड़ी नाइल याकुरा और क्रिस्टल लाई से 21-12, 21-16 से हारने के बाद मोहित और लक्षिता जगलान के मिश्रित स्पर्धा से बाहर होने के बाद, इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ही एकमात्र भारतीय युगल चुनौती बचे हैं। भारतीय जोड़ी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए चीनी ताइपे के सु चिग-हेंग और वू गुआन-जुन से भिड़ेंगी।

# देशवाल और प्रांजली ने जीता गोल्ड

**डेफलम्पिक्स में एयर पिस्टल मिश्रित टीम**



**टोक्यो।** टोक्यो में जारी 25वें समर डेफलम्पिक्स में भारतीय निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी रहा, जहां अभिनव देशवाल और प्रांजली प्रशांत धुमाल ने 10मी एयर पिस्टल मिश्रित टीम इवेंट में चीनी ताइपे के या-जू काओ और मिग-जुई हसु को 16-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

दिन की दूसरी स्पर्धा में कुशाग्र सिंह राजावत ने 50मी राइफल प्रोन में कांस्य पदक जीता। इन पदकों के साथ भारत की शूटिंग में कुल पदक संख्या 11 हो गई है, जो अभी तक टोक्यो में भारत के जीते गए कुल पदक हैं। अभिनव और प्रांजली ने स्वर्ण पदक मैच की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा और प्रतिद्वंद्वियों को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इससे पहले क्वालिफिकेशन में दोनों ने डेफ वर्ल्ड और ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी की थी, जिसे पिछले डेफलम्पिक्स में इसी जोड़ी ने स्थापित किया था। भारतीय जोड़ी ने 569-20ग का संयुक्त स्कोर किया, जिसमें अभिनव ने 287-12ग (97, 95, 95) और प्रांजली ने 282-8ग (95, 94, 93) स्कोर किया। दोनों निशानेबाज सोमवार को व्यक्तिगत वर्ग में भी रजत पदक जीत चुके हैं। भारत की दूसरी जोड़ी, महिलाओं की व्यक्तिगत चैंपियन अनुया प्रसाद और रुदार विनोद कुमार क्वालिफिकेशन में 553-10ग के संयुक्त स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रही। अनुया ने 280-5ग (93, 91, 96) जबकि रुदार ने 273-5ग (92, 90, 91) स्कोर किया। ईरान के महला सामीई और बिजान गफारी ने यूक्रेन के सोफिया ओलेनिच और ओलेक्जेंडर कोलोडी को हराकर कांस्य पदक जीता। 50मी राइफल प्रोन में कुशाग्र सिंह राजावत ने 224-3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।


## कार्यालय नगर पंचायत दिनेशपुर

वार्ड नं. 02, कालीनगर रोड, दिनेशपुर (ऊधम सिंह नगर) 263160

email: eodin-mb-uk@nic-in phone- 9410302603

पंत्राक: 583/ई-निविदा/2025-26 दिनांक: 19.11.2025

### ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत दिनेशपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु कीटनाशक दवाओं की आपूर्ति हेतु कार्यालय पत्र संख्या 539 दिनांक 30.10.2025 द्वारा ई-निविदा जारी की गई थी। निर्धारित तिथि तक किसी संस्था द्वारा निविदा में प्रतिभा न किये जाने के कारण पुन: दिनांक 25.11.2025 सायं 05.00 बजे तक दोहरी निविदा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 26.11.2025 को दोपहर 12.00 बजे निविदा समिति द्वारार खोली जायेगी। ई-निविदा के संबंध में ई-निविदा से संबंधित सभी सूचनाएं उत्तराखंड शासन की वेबसाईट https://uktenders.gov.in पर अवलोकित की जा सकती है तथा उक्त पोर्टल से ई-निविदि डाउनलोड तथा भरी हुई निविदा अपलोड की जा सकती है। निविदा की अधिक जानकारी किसी भी कार्यदिवस में प्रात: 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत दिनेश.पुर से प्राप्त की जा सकती है। ई-निविदा हेतु निर्धारित Key-dates निम्नानुसार है-

| Sr. no. | Schedule/ Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1- | Document Publication | 20 Nov. 2025 | 10 :00 AM |
| 2- | Ducument Download Start Date | 20 Nov. 2025 | 10 :00 AM |
| 3- | Bid Submission Start Date | 20 Nov. 2025 | 10 :00 AM |
| 4- | Bid Submission End Date | 25 Nov. 2025 | 05 :00 PM |
| 5- | Offline Submission of Hard/original copy of Documets: End Date | 25 Nov. 2025 | 05 :00 PM |
| 6- | Bid Opening Date | 26 Nov. 2025 | 12 :00 Noon |

( मुहम्मद यामीन )
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत दिनेशपुर

मनजीत कौर
अध्यक्ष
नगर पंचायत दिनेशपुर


# पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को हराया



**रावलपिंडी।** प्लेयर ऑफ द मैच मोहम्मद नवाज (दो विकेट और नाबाद 22 रन) और फखर जमान (44) के शानदार प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने टी-20 मैचों की त्रिकोणीय श्रृंखला के रोमांचक मुकाबले में जिम्बाब्वे को चार गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया।

जिम्बाब्वे के 147 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 27 के स्कोर पर ब्रैड एवंस ने साहिबजादा फरहान (16) और इसी ओवर की चौथी गेंद पर बाबर आजम (शून्य) को पगबाधा आउटकर जिम्बाब्वे को दोहरी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में टी मपोसा ने कप्तान आगा सलमान (एक) को आउटकर पाकिस्तान को तीसरा झटका दिया। 10वें ओवर में सैम अयूब (22) रन बनाकर आउट हुए। 54 के स्कोर पर चार विकेट गंवा चुकी पाकिस्तान को फखर जमान और उस्मान खान की जोड़ी ने संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 61 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। 16वें ओवर में रिचर्ड एन्गारावा ने फखर जमान 32 गेंदों में (44) को आउटकर जिम्बाब्वे की मैच जीतने की उम्मीदों को फिर से जिदा कर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मोहम्मद नवाज ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19-2 ओवर में पांच विकेट पर 151 रन बनाकर अपनी टीम को पांच विकेट से जीत दिला दी। जिम्बाब्वे के लिए ब्रैड एवंस ने दो विकेट लिए। रिचर्ड एन्गारावा, टी मपोसा और ग्रीम क्रेमर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने मंगलवार रात टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और तड़िवनाशे मारुमानी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े। आठवें ओवर में मोहम्मद नवाज ने तड़िवनाशे मारुमानी (30) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 11वें ओवर में ब्रेंडन टेलर (14) रन आउट हुए। 13वें ओवर की पहली गेंद पर सैम अयूब ने ब्रायन बेनेट 36 गेंदों में (49) को आउटकर जिम्बाब्वे की बड़ा स्कोर बनाने की उम्मीद को झटका दिया। इसके बाद पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे जिम्बाब्वे के बल्लेबाज अच्छा स्कोर नहीं कर पाए। जिम्बाब्वे ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 147 का स्कोर बनाया। कप्तान सिकंदर रजा 24 गेंदों में 34 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने 22 रन देकर दो विकेट लिए। शाहीन शाह अफरीदी, सलमान मिर्जा, सैम अयूब और अबरार अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।


## कार्यालय नगर पंचायत दिनेशपुर

वार्ड. नं. 02, कालीनगर रोड, दिनेशपुर ( ऊधम सिंह नगर ) 263160

e-mail: eodin-mb-uk@nic.in Phone- 9410302603

पत्रांक 589/ई-निविदा/2025-26 दिनांक 19/11/2025

### ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत दिनेशपुर में राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग की राशि से मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट तथा फुटकर विद्युत सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 05/12/2025 सायं 05.00 बजे तक दोहरी निविदा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) द्वारा ई निविदा आर्मत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 06/12/2025 को दोपहर 12.00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जाएगी। ई-निविदा के संबंध में ई-निविदा से सम्बंधित सभी सूचनाएं उत्तराखंड शासन की वेबसाइट https//uktenders.gov.in पर अवलोकित की जा सकती है तथा उक्त पोर्टल से ई-निविदा डाउनलोड तथा भरी हुई निविदा अपलोड की जा सकती है। निविदा की अधिक जानकारी किसी भी कार्यदिवस में प्रात: 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत दिनेशपुर से प्राप्त की जा सकती है। ई-निविदा हेतु निर्धारित Keydates निम्नानुसार है

| Sr No | Schedule/ Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Date of Online Publication | 20 Nov. 2025 | 10.00 AM |
| 2. | Document Download Stat Date | 20 Nov. 2025 | 01.00 PM |
| 3. | Bid Submission Start Date | 20 Nov. 2025 | 01.00PM |
| 4. | Bid Submission End Date | 05 Dec. 2025 | 05.00 PM |
| 5. | Offline Submission of Har/Original of Documents: End Date | 05 Dec. 2025 | 05.00 PM |
| 6. | Bid Opening Date | 06 Dec. 2025 | 12.00 Noon |

( मुहम्मद यामीन )
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत दिनेशपुर
ऊधमसिंह नगर

( मनजीत कौर )
अध्यक्ष
नगर पंचायत दिनेशपुर
ऊधमसिंह नगर


# गेंद को दो बार मारने के लिए आउट करार दिए लमाबम सिंह



**सूरत।** मेघालय के खिलाफ खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुक.ाबले में मणिपुर के लमाबम सिंह को गेंद को दो बार मारने के लिए दुर्लभ तरीक से आउट करार दिया गया। लमाबम ने आर्यन बोरा की गेंद को रक्षात्मक तरीके से खेला, लेकिन गेंद धीरे-धीरे स्टंप की तरफ लुढ़कने लगी, तभी उन्होंने बल्ले से गेंद को रोक दिया।

मैच के दौरान मौजूद लोगों ने बताया कि गेंद स्टंप की तरफ जा रही थी, जब बल्लेबाज ने दूसरी बार उसे मारा। यह नियमों के तहत सही भी है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से बल्लेबाज सहित किसी ने भी अंपायर के फैसले पर आपत्ति नहीं जताई। मैदान में मौजूद एक मैच अधिकारी ने बताया, ष्वह इसे पैड से भी रोक सकते थे, लेकिन उन्होंने इसे बल्ले से रोकना चुना और अंपायर धर्मेश भारद्वाज ने तुरंत उन्हें 'हिट द बॉल ट्वाइस' आउट दे दिया। मेघालय ने अपील की और बल्लेबाज तुरंत पवेलियन की ओर चल पड़े।ष एमसीसी कानूनों के क्लॉज 34-1-1 के मुताबिक, कोई भी बल्लेबाज 'हिट द बॉल ट्वाइस' तभी आउट होता है, जब शरीर या बल्ले से लगने के बाद बल्लेबा जानबूझकर दूसरी बार बल्ले या शरीर के किसी हिस्से द्धसिवाय उस हाथ के जिसमें बल्ला न होऋ से गेंद को मारता है। हालांकि वह विकेट बचाने के लिए गेंद को बल्ले या पैड से रोक सकता है। रणजी ट्रॉफी में 2005-06 इस तरह से आउट होने का मामला सामने आया था, जब जम्मू- कश्मीर के कप्तान ध्रुव महाजन झारखंड के खिलाफ इसी तरह आउट हुए थे।

## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया

**नेपियर।** आखिरी ओवरों में कप्तान मिचेल सैंटनर 15 गेंदो में 34 रन की आतिशी पारी, शाई होप (नाबाद 109) की शतकीय पारी पर भारी पड़ी। न्यूजीलैंड ने खराब मौसम से प्रभावित एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया। इसी साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। नेथन स्मिथ ने (चार विकेट) और काइल जेमीसन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद डेवोन कॉन्वे (90), रचिन रविंद्र (56) और टॉम लेथम (39) के शानदार प्रदर्शन का इस जीत में योगदान रहा। 248 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉन्वे और रचिन रविंद्र ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 106 रन जोड़े। 17वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने रचिन रविंद्र को आउटकर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई।


## पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

विद्युत भवन, नजदीक - आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून - 248002, कारपोरेट आई0डी0 U40101UR2004GOI028675, मो० नं० 9412057639 ई-मेल:- ee2_it@ptcul.org

PTCUL

### निविदा विस्तारण सूचना

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रकाशित निविदा संख्या tender specification T.No. 02/EE(IT-II)/Dehradun/2025-26 जोकि दिनांक 20.11.2025 को खोली जानी थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा को दिनांक 08.12.2025 तक विस्तारित की जाती है निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 06.12.2025 है। निविदायें पंजीकृत/स्पीडपोस्ट डाक के माध्यम से ही प्राप्त की जायेंगी। विज्ञापन से सम्बन्धित अन्य शर्ते पिटकुल की वेबसाइट www.ptcul.org पर एवं इस कार्यालय में भी उपलब्ध हैं।

ई-निविदा से सम्बन्धित जानकारी हेतु सम्पर्क करें +91-7088112452

पत्रांकः 2180/अधी.अभि.(सू.प्रौ.-द्वितीय)/पिटकुल दिनांकः 19.11.2025 अधिशासी अभियन्ता ( सू०प्रौ०-II)

राष्ट्र हित में बिजली बचायें

### दरगाह में घपलों की जांच में आरोपी की पुष्टि हुई, तो कर दिया दबाव

# दरगाह प्रबंधक रजिया बेग ने दिया इस्तीफा

## डीएम ने कार्यमुक्त करके ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की को सौंपा कार्यभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर की वक्फ दरगाहों को लेकर उठ रहा विवाद अब निर्णायक मोड़ पर पहुँच गया है। लगातार बढ़ रही शिकायतों, वित्तीय अनियमितताओं और जांच रिपोर्टों में खुलासों के बीच दरगाह प्रबंधक रजिया बेग ने खुद ही अपना इस्तीफा दे दिया, जिसे जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित ने औपचारिक रूप से स्वीकार करते हुए उन्हें प्रबंधक पद से तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रूडकी को दरगाह की प्रबंधन व्यवस्थाओं का कार्यभारी सौंप दिया है।

**लगातार विवादों के बीच इस्तीफा....**दरगाह प्रबंधन का प्रभार एक सरकारी विद्यालय की अध्यापिका रजिया बेग के पास था। लेकिन उनके कार्यकाल में गंभीर आरोप उभरेख्र जिनमे एक पीआरडी जवान को निजी वाहन का ड्राइवर बनाकर रखने, निजी वाहन में दरगाह कोष से पेट्रोल भरवाने, बिना अनुमोदन ठेके जारी करने, वक्फ के वित्तीय खातों में नियम विरुद्ध हस्तक्षेप करने जैसे आरोपों की पुष्टि आरटीआई दस्तावेजों और उत्तराखंड वक्फ बोर्ड की विशेष जांच रिपोर्ट में भी हो चुके है, जिसमें वित्तीय अनियमितताओं व कार्यशैली में



बड़े पैमाने पर गड़बड़ी दर्ज की गई थी। **कारण बताओ नोटिस के बाद बढ़ा दबाव....**बीते 7 नवंबर को जिलाधिकारी ने रजिया बेग को एक सप्ताह के भीतर जवाब देने के निर्देश के साथ

**❖वक्फ बोर्ड जांच में कई आरोप सिद्ध अब इस्तीफे के बाद एक्शन की बारी**

कारण बताओ नोटिस जारी किया था और उनके सभी वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार भी सीज कर दिए थे। लेकिन निर्धारित समयसीमा बीतने के बाद भी उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया था। प्रशासनिक दबाव, बढ़ते आरोप और जांच रिपोर्टों की कड़ी टिप्पणियों के बीच अंतत: रजिया बेग ने इस्तीफा सौंप दिया, जिसे डीएम ने आज स्वीकार कर लिया।

**आरोप सिद्ध अब कार्रवाई पर सवाल.....**रजिया बेग पर प्रबंधक रहते हुए गंभीर आरोप लगाए गए थे, जिनमें कई आरोपों की पुष्टि आरटीआई दस्तावेजों और वक्फ बोर्ड की विशेष जांच रिपोर्ट में हो चुकी है। रिपोर्ट में वित्तीय अनियमितताओं, बिना अनुमोदन ठेके जारी करने, और दरगाह कोष के दुरुपयोग जैसी गड़बड़ियां दर्ज हैं। लेकिन अब जबकि रजिया बेग ने प्रबंधक पद से इस्तीफा दे दिया है, ऐसे में उजागर हुई गड़बड़ियों पर आगे की कार्रवाई और अन्य मामलों की जांच को लेकर सवाल उठ रहे हैंख्र क्या इन अनियमितताओं पर प्रशासन ठोस कदम उठाएगा या इस्तीफा देकर मामला यहीं समाप्त मान लिया जाएगा? **अब आगे क्या?** रजिया बेग के पदमुक्त होने के बाद दरगाह प्रबंधन में जल्द नई नियुक्ति या अंतरिम व्यवस्था तय होने की संभावना है। प्रशासनिक हलकों में माना जा रहा है कि अब पिछले कई वर्षों से लंबित सुधारों को लागू करने का मार्ग साफ हो गया है।

# पुलिस ने 11 जुआरी दबोचे, नकदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध जुए पर बड़ी कार्रवाई करते हुए नदी किनारे चल रहे जुआ के अड्डे पर छापा मारकर 11 लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। मौके से 28,190 रुपये की नगदी, ताश की गड्डियाँ और जुआ खेलने का अन्य सामान बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी जारी रहेगी और ऐसी किसी भी हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अमृत लॉ कॉलेज के पास नदी किनारे कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुँची। पुलिस को देखते ही जुआरी भागने लगे, घेराबंदी कर सभी 11 जुआरियों को दबोच लिया गया।छापेमारी के दौरान पुलिस को जुआ खेलने में उपयोग की जा रही 28,190 रुपये की नकदी, ताश की गड्डियाँ, तथा अन्य सामग्री मिली, जिसे तत्काल कब्जे में ले लिया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों को थाने लाकर उनके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।गिरफ्तार जुआरियों मेंख्रमुस्तफा निवासी चाँदपुर बिजनौर और रफी, जहँगीर, मोहम्मद फिरोज, अहसान अरकान, फरमान, जाबिर, जमाल, सोयब, तथा अजय निवासीगण संभल शामिल हैं।इन सभी को न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने पर अदालत में पेश किया जाएगा।पुलिस टीम में धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान, सोनू चौधरी, रविन्द्र बालियान, जितेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, नीरज राणा शामिल रहे।

### लक्सर पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई

# इंटरनेशनल साइबर फ्रॉड गैंग का खुलासा, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस और एसटीएफ उत्तराखण्ड की संयुक्त टीम को एक बड़ी सफलता मिली है। ऑनलाइन लोन, शेयर मार्केट निवेश व अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ठगी करने वाले इंटरनेशनल साइबर फ्रॉड गैंग के एक अन्य सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। गैंग का नेटवर्क देश के कई राज्यों और संवेदनशील विदेशी नंबरों तक फैला हुआ पाया गया। एसटीएफ की जांच में सामने आया कि ठगी से हड़पी गई धनराशि हरिद्वार के लक्सर क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तियों के नाम पर खोले गए बैंक खातों में डाली जा रही थी। इन खातों से जुड़े कई संदिग्ध मोबाइल नंबर भी इसी क्षेत्र में सक्रिय मिले। इसी दौरान पूछताछ के आधार पर सौरभ राठौर निवासी तिलकपुरी, लक्सर को 17 नवंबर को गिरफ्तार कर कोतवाली लक्सर पर मुकदमा दर्ज किया गया। उससे पूछताछ में आकाश राठौर और पश्चिम बंगाल की एक महिला का नाम प्रकाश में आया। विशेष टीम गठित कर लगातार सुरागरसी व तकनीकी जानकारी संकलित करते हुए पुलिस ने 18 नवंबर को देहरादून से आकाश राठौर पुत्र सुशील निवासी तिलकपुरी को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी पश्चिम बंगाल की एक युवती के संपर्क में थे। युवती द्वारा उन्हें पाकिस्तान और सऊदी अरब के नंबर उपलब्ध कराए गए थे, जिनसे उनकी बातचीत होना सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील पाया गया। आरोपी लोन दिलाने, शेयर मार्केट में भारी मुनाफा दिलाने का झांसा देकर लोगों से रकम वसूलते थे। ठगी में उपयोग हेतु न्च्प्, बैंक खाते और मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने के लिए लोगों को मोटी रकम का लालच देकर उन्हें नेटवर्क का हिस्सा बनाते थे। दोनों आरोपी एक संगठित गिरोह की तरह मिलकर साइबर क्राइम को अंजाम दे रहे थे। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने कहा कि साइबर अपराध आज आम नागरिकों के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है। हमारी टीम ने एसटीएफ के साथ मिलकर इस मामले में गहराई से कार्रवाई कर गिरोह के कई महत्वपूर्ण सदस्यों तक पहुंच बनाई है। हम नागरिकों को चेतावनी देते हैं कि किसी भी ऑनलाइन लालच या धमकी में आकर पैसे ट्रांसफर न करें और ऐसे मामलों की तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# बंद घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाला गिरफ्तार

## शेयर मार्केट में घाटे को पूरा करने के लिए करता था चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस ने बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से लगभग 15 लाख रुपये मूल्य के चोरी के सोने के जेवरात बरामद किए हैं। आरोपी शेयर मार्केट में पैसा डूबने के घाटे को पूरा करने के कारण घटनाओं को अंजाम देता था। शक न हो इसलिए सोने के आभूषणों पर गोल्ड लोन लेता था। बीती 17 नवंबर को वादिनी द्वारा कोतवाली रूड़की पर तहरीर दी गई कि उनके घर से सोने के जेवरात चोरी हो गए हैं। इस पर मुकदमा दर्ज किया गया।घटना की गम्भीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा स्वयं संज्ञान लेते हुए घटना के सफल अनावरण हेतु निर्देश दिये गये। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में कई पुलिस टीमों का गठन किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए टीमों को रवाना किया गया।पुलिस टीमों द्वारा घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण व मुखबिरों को सक्रिय करते हुए मैन्युअल पुलिसिंग के आधार पर आरोपी तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की गई।18 नवंबर



को पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति आकाश शर्मा पुत्र सत्यप्रकाश शर्मा, निवासी 260 आदर्श शिवाजी कॉलोनी ढण्डेरा, रूड़की को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पिछले 3ख्र 4 वर्षों से शेयर मार्केट में निवेश किया था, परंतु भारी नुकसान होने के कारण कर्ज में डूब गया। आर्थिक तंगी के चलते उसने उक्त चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए सोने के जेवरात बरामद किए गए। आरोपी एक पढ़ा लिखा व अभी अविवाहित है जो लगातार इधर-उधर घूमकर रेकी करने के बाद घटना को अंजाम देता था।आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक रूड़की मनीष उपाध्याय,वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज गैरोला,उप निरीक्षक सूरत शर्मा, अपर उप निरीक्षक अशाड़ सिंह पंवार,हैड कांस्टेबल नूर हसन, कांस्टेबल राजेश देवरानी और रंगमोहन शामिल रहे।

### मुख्यमंत्री के आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी के निर्देश के बाद

# अधिकारियों ने धरातल पर उतरकर की सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की/भगवानपुर/लक्सर/मंगलौर।** विगत दिन जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद को साफ स्वच्छ रखने के लिए सभी अधिकारियों को स्वयं सफाई व्यवस्था पर निगरानी रखने के मुख्यमंत्री के निर्देशों के कर्म में धर्मनगरी हरिद्वार को स्वच्छ ,क्लीन एवं मॉडल जनपद बनाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने विगत दिन सफाई व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद के सभी क्षेत्रों एवं प्रवेश द्वारों में सभी अधिकारियों को स्वयं धरातल पर उतरते हुए, अपने अपने क्षेत्रों में बेहतर सफाई व्यवस्था किए जाने के लिए निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी के दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आज जनपद के सभी विकास खंडों एवं तहसीलों में संबंधित अधिकारी धरातल पर उतरते हुए की जा रही सफाई व्यवस्था की निगरानी की गई।

उपजिलाधिकारी भगवानपुर देवेंद्र नेगी ने अवगत कराया है कि उनके द्वारा आज छुटमलपुर बोर्डर का निरीक्षण किया गया,जिसमें उन्होंने विकास खंड के अधिकारियों एवं शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को जनपद के प्रवेश द्वार को साफ स्वच्छ रखने तथा क्षेत्र में किसी तरह से कोई अतिक्रमण न हो एवं सड़क किनारे एवं क्षेत्र में जिन स्थानों पर अतिक्रमण किया गया है उन स्थानों



से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। बीडीओ रुड़की द्वारा ढंडेरा नगर पंचायत में नाली व सड़क में सफाई का निरीक्षण किया गया। मुख्य नगर आयुक्त रुड़की राकेश चंद तिवारी ने अवगत कराया है कि नगर निगम क्षेत्र रुड़की में शेरपुर, मलकपुर चुंगी, महाराणा राम प्रताप चौक, रोडवेज बस अड्डा आदि क्षेत्रों में कराई गई सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा सभी सफाई कर्मचारियों को निरंतर साफ व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। ईओ नगर पालिका परिषद मंगलौर ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया, सड़क पर कूड़ा फेंकने वालों को चिन्हित करते हुए चेतावनी दी गई तथा रेहड़ी ठेली वालों को डस्टबिन/कूड़ेदान भी वितरित किए गए। आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत ने अवगत कराया है कि बैरागी कैंप कुंभ मेला क्षेत्र में शांतिकुंज के द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें बैरागी कैंप में झाड़ियों का कटान किया गया साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर आपदा प्रबंधन के स्टाफ द्वारा झाड़ी कटान का कार्य भी किया गया। खानपुर यूपी बॉर्डर पर भी एनएच पर विशेष अभियान चलाया गया।

# अवैध खनन में एक ट्रैक्टर ट्राली सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की** रुड़की पुलिस द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध चलाया चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें एक ट्रैक्टर ट्राली मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत सीज किया। कोतवाली रुड़की द्वारा अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया चेकिंग के दौरान एक ट्रैक्टर ट्राली बिना नंबर महिंद्रा 575 जिसको सुलेमान पुत्र मुस्तकीम निवासी टोडा कल्याणपुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार चला जा रहा था जिसके द्वारा ट्रैक्टर ट्राली में अवैध खनन ले जा रहा था उक्त ट्रैक्टर को मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत सीज किया गया अवैध खनन के संबंध में श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय को रिपोर्ट प्रेषित की गई। पुलिस टीमअपर उप निरीक्षक नरेंद्र राठी हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार पर महिला कांस्टेबल दीपा शामिल रहे।

# लक्सर सीएचसी में नवजात की मौत पर परिजनों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर थाना क्षेत्र के मोहनावाला मिर्जापुर गांव निवासी सुभाष चंद और उनके परिजनों ने बुधवार सुबह लक्सर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर जमकर हंगामा किया। यह हंगामा प्रसव के बाद नवजात शिशु की कथित तौर पर लापरवाही के कारण हुई मौत को लेकर किया गया। परिजनों ने डिलीवरी स्टाफ पर गर्भवती महिला का ठीक प्रकार से ध्यान न रखने का गंभीर आरोप लगाया है और तत्काल स्टाफ को सस्पेंड करने की मांग की है।प्रसव के दौरान लापरवाही का आरोपसुभाष चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी पत्नी हिना देवी गर्भवती थीं और डिलीवरी का समय पूरा हो चुका था। प्रसव पीड़ा होने पर वह सोमवार को गांव की आशा लक्ष्मी के साथ उन्हें लेकर लक्सर सीएचसी पहुंचे और भर्ती कराया।परिजनों के मुताबिक, ड्यूटी पर तैनात डिलीवरी स्टाफ ने बताया था कि हिना देवी को लगभग रात्रि 3 बजे के बाद बच्चा पैदा होगा। हालांकि, परिजनों का आरोप है कि उससे पहले ही लगभग ढाई बजे उनकी पत्नी को अत्यधिक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। जब परिजन स्टाफ को बुलाने के लिए गए, तो उन्होंने कथित तौर पर कहा कि ष्तीन बजे के बाद देखते हैंष् और लापरवाही करनी शुरू कर दी। नवजात की मौतसुभाष चंद के अनुसार, इसके बाद उनकी पत्नी ने एक बेटे को जन्म दिया। शुरुआत में बच्चे की तबीयत ठीक थी, लेकिन डॉक्टर ने बताया कि शिशु को मां के गर्भ से ही कम पानी मिला है,जिसके चलते उसकी तबीयत थोड़ी ठीक नहीं है।तबीयत बिगड़ने पर परिजन नवजात शिशु को लेकर रुड़की के एक अस्पताल गए। परिजनों का दावा है कि रुड़की के अस्पताल संचालक ने उन्हें बताया कि उनके बच्चे को डिलीवरी के समय खींचकर निकाला गया है, जिससे उसके सिर में चोट लग गई है और इसी चोट के कारण कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। ननवजात की मौत से गुस्साए परिवार वालों ने लक्सर सीएचसी पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। उन्होंने डिलीवरी स्टाफ को तुरंत सस्पेंड किए जाने की मांग की।

# राशन डीलरों ने जिला पूर्ति अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिले के राशन डीलरो पर हो रहे अत्याचार से परेशान होकर डीलरो ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है एक प्रेस वार्ता कर शेयर प्राइस शॉप के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा ने हरिद्वार जिले में राशन डीलरो पर तरह-तरह की यातनाओं की मीडिया के सामने रखा उन्होंने बताया कि तत्कालीन जिला पूर्ति अधिकारी हरिद्वार तेजबल सिंह ने जिले के राशन डीलर से प्रत्येक माह में अपघटन खदान पर 55 कुंतल की दर से एवं सरकार द्वारा दिए जाने वाले लाभांश पर की अवैध वसूली की है । इसकी शिकायत ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन के हरिद्वार के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में याचिका आयोजित की थी जिसमें याचिका के आरोपों को गंभीर मानते हुए आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग उत्तराखंड को कार्रवाई करने हेतु आदेशित किया गया था जिसका पता तेजबल सिंह को चल गया था उसने विरोध करने वाले डीलरो पर तरह-तरह से दबाव बनाना शुरू कर दिया जिससे दुखी होकर जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा द्वारा एक विशेष याचिका पुणे उच्च न्यायालय में आयोजित की जिसमें जिला पूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह व रवि संघवाल को मुख्यालय अटैच करने के आदेश पारित किए थे परंतु आयुक्त खाद्य विभाग और सचिव खाद्य विभाग द्वारा कोर्ट के आदेश की आवेला करते हुए जिला आपूर्ति उधम सिंह नगर में पदस्थ कर दिया था जिसको कोर्ट ने अपने आदेश की अवहेलना मानते हुए सचिव आयुक्त से जवाब मांगा था इसी बीच तेजबल सिंह के विरुद्ध 99 कुंतल से अधिक राशन उनकी लापरवाही से खराब होने के कारण जिला अधिकारी उद्यमसिंग नगर को रिकवरी करने के आदेश पारित किए थे

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र साहिल व पुत्रवधु मुस्कान का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने साहिल व पुत्रवधु मुस्कान को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद साहिल व पुत्रवधु मुस्कान के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**वरिसा पत्नी स्व. मुर्सलीन नि. ग्राम पदार्था उर्फ घिस्सुपुरा थाना पथरी, जिला हरिद्वार।**

### ब्लॉक स्तरीय विज्ञान महोत्सव संपन्न

# हिमांशु, प्रिंस व हिमांशु द्वितीय ने बाजी मारी

**नारसन।** ब्लॉक स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव विकासखंड नारसन प्रतियोगिता बी,आर, सीई, नारसन, मंगलौर मे बीआरपी (ब्लॉक नारसन) जगमोहन राणा एवं खंड परियोजना अधिकारी (नारसन) मेराज अहमद के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में खंड परियोजना अधिकारी मेराज अहमद एवं ब्लॉक प्राथमिक प्राथमिक शिक्षक अध्यक्ष अरविंद सिंह एवं साने करीम सिद्दीकी ने उपस्थित होकर प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी इस अवसर पर बीआरपी जगमोहन राणा ने उनका स्वागत किया एवं उन्होंने बताया इस प्रतियोगिता मे गाधारोना, मंगलौर, नारसन कला, लिबबररहेडी, लाठर देवा हूण, ढंडेरा एवं मोहम्मदपुर संकुल के प्रतिभागियों ने भाग लिया इस प्रतियोगिता से चयनित छात्र जिला स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव प्रतियोगिता में नारसन ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे। सामाजिक विज्ञान महोत्सव प्रतियोगिता में भाषण, सामान्य ज्ञान, नृत्य एवं मॉडल में प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी उत्कृष्ट क्षमता का प्रदर्शन किया।

# नायब तहसीलदार व नपं की टीम ने कस्बे से हटवाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे के बस अड्डा अमर जवान चौक व मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को नायब तहसीलदार तथा नगर पंचायत की टीम द्वारा हटवाया गया। नायब तहसीलदार द्वारा दुकानदारों को आगे अतिक्रमण करने पडर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। जलेबी बना रहे दो दुकानदारों के घरेलू गैस सिलेंडर नायब तहसीलदार द्वारा जप्त कर लिए गए।

नायब तहसीलदार युसूफ अहमद कस्बे में स्थित किसान सेवा सहकारी समिति में हो रहे डायरेक्टर के चुनाव को लेकर आए थे। दोपहर के समय जैसे ही वह कस्बे के मुख्य मार्ग अमर जवान चौक तथा मुख्य बाजार में आए तो सड़क मार्ग पर सब्जी व फल वालों द्वारा दुकान लगा कर अतिक्रमण करने से उनका पारा चढ़ गया। उसी समय वहां पर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन रावत भी नगर पंचायत कर्मचारीयो की टीम लेकर आ गए ।नायब तहसीलदार द्वारा पूछने पर कस्बे के मुख्य बाजार व अमर जवान चौक के पास मुख्य सड़क मार्ग के दोनों ओर फल व सब्जी कि दुकान लगाने वालों द्वारा बताया गया कि वह जिस दुकान के सामने फल व सब्जी की ठेली या दुकान लगाते हैं उसके बदले दुकानदार को 6000 से लेकर 12000 रुपए प्रति माह किराए के रूप में देते हैं। नायब तहसीलदार का कहना है कि सब्जी व फल की दुकान सड़क



मार्ग पर लगाई जा रही है दुकानदारों को किराया देना गलत है। उन्होंने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को सड़क मार्ग पर अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी है। आगे अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई करने को भी कहा गया है। जलेबी बनाने वाले दो दुकानदारों के दो गैस सिलेंडर भी जप्त किए गए। नायब तहसीलदार का कहना है की जलेबी बनाने वाले दोनों दुकानदार घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे थे। कस्बे मैं स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने कुछ सड़क टूटी होने तथा वहां पर गंदगी होने से नगर पंचायत की टीम को टूटी सड़क को ठीक करने तथा कस्बे मे साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

# एनसीसी कैडेट्स को कड़ी मेहनत को किया प्रोत्साहित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी, रुड़की के तत्वाधान में विश्वविद्यालय, मंडावर, रुड़की में दिनांक 18 नवंबर 2025 से आयोजित दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण) के दूसरे दिन कर्नल अमन कुमार सिंह, कैम्प कमांडेंट द्वारा आये हुए कैडेट्स का मार्ग दर्शन किया गया वह उन्हें आने वाले दिनों में कठिन परिश्रम करने के लिए प्रोतसाहित किया गया । उनके द्वारा बताया गया कि कठिन परिश्रम के माध्यम से ही जीवन में सफलता प्राप्त हो सकती है व एनसीसी सफलता प्राप्त करने का एक सशक्त माध्यम है । आज डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर डॉक्टर गौतम वीर द्वारा एनसीसी कैडेट्स को निर्धारित समय में कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की कला पर विशेष ध्यान देने हेतु बताया गया वह अनुशासन को सफलता की कुंजी होना बताया गया । दिन रात चलने वाले इस शिविर में सभी एनसीसी कैडेट्स को विशेष रूप से शस्त्र चलाना, मैप रीडिंग, दूरी का अनुमान लगाना, फील्ड सिग्नल, आपदा प्रबंधन इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर कैंप एडजुटेंट कैप्टन सुशील कुमार ने धन्यवाद करते किया कैडेट्स को प्रशिक्षण कार्य उपलब्ध कराने में एकाउंट ऑफिसर संतोष भट्ट, प्रधान सहायक प्रमोद कुमार जोशी, ले0 रत्नेश कुमार, ले0 (डॉ) अंजना गुसाईं, सेकंड ऑफिसर सुशील कुमार, सेकंड ऑफिसर रेणु देवी, मीडिया प्रभारी सेकंड ऑफिसर कमल मिश्रा, केयरटेकर पंकज कुमार, केयरटेकर



प्रियंका प्रजापति, सूबेदार मेजर अमर सिंह, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार पंकज कुमार पाल, सूबेदार सुरेश चंद्र, सूबेदार सुनील सिंह, सूबेदार राजेश, बीएचएम केशवानन्द, हवलदार पूर्ण सिंह, हवलदार दीपक, हवलदार राजेन्द्र सिंह, हवलदार जगत सिंह, हवलदार नरेश चंद्रा, ईएसम सतेंद्र सिंह, ईएसम सुबोध कुमार , ईएसम मंगल सिंह, कार्यालय अधीक्षक प्रशिक्षण रवि कपूर, वरिष्ठ सहायक सुरेश अवस्थी, डीईओ मीनाक्षी, धर्म सिंह, आदि द्वारा विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# राहुल के खिलाफ नौकरशाह

देश के चुनाव कराने में चुनाव आयोग का महत्वपूर्ण रोल होता है, लेकिन जब उस पर ही उंगली उठने लगे, तो समझ लेना चाहिए कि या तो उसके काम में राजनेता अड़ंगा लगा रहे हैं। ऐसा ही आरोप कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव बार-बार चुनाव आयोग पर उंगली उठा रहे हैं। कहावत है कि जब हद हो जाती है, तो कुछ न कुछ घटित होता है। ऐसा ही अब राहुल गांधी के खिलाफ होने लगा है। 272 पूर्व जजों, नौकरशाहों और सैन्य अधिकारियों ने राहुल गांधी को खुले पत्र में फटकार लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है। नौकरशाहों का आरोप था कि वे चुनाव आयोग, सेना, न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थाओं पर बिना सबूत गंभीर आरोप लगाकर लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। इनमें 16 पूर्व जज, 123 रिटायर्ड नौकरशाह (जिनमें 14 पूर्व राजदूत भी शामिल हैं) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी शामिल हैं। पत्र में लिखा गया है कि हम सिविल सोसाइटी के वरिष्ठ नागरिक भारत की लोकतंत्र पर गहरी चिंता जताते हैं। लोकतंत्र पर हमला अब बंदूक के बल पर नहीं, बल्कि जहर भरी भाषा से हो रहा है। कुछ राजनीतिक नेता नीतियों की असली बहस करने की बजाय बेबुनियाद और भड़काऊ आरोप लगाकर नाटकीय राजनीति कर रहे हैं। ये पहला मौका नहीं था कि राहुल गांधी ने ये आरोप अभी लगाए हैं, इससे पहले पहले राहुल गांधी ने भारतीय सेना की वीरता और उपलब्धियों पर सवाल उठाए। फिर न्यायपालिका की निष्पक्षता पर उंगली उठाई। संसद और उसके संवैधानिक अधिकारियों को निशाना बनाया। अब बारी है चुनाव आयोग की। चुनाव आयोग की साख और ईमानदारी पर सुनियोजित और साजिशपूर्ण हमले हो रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बार-बार चुनाव आयोग पर हमला कर रहे हैं। वे कहते हैं कि उनके पास 'पक्के' सबूत हैं कि चुनाव आयोग वोट चोरी में शामिल है। उनका दावा है कि उनके पास 100 फीसदी पक्का सबूत है। उन्होंने बेहद घटिया भाषा का इस्तेमाल करते हुए कहा कि जो सबूत उन्होंने खोजा है, वह 'परमाणु बम' है और जब यह फटेगा तो ईसी के पास छिपने की कोई जगह नहीं बचेगी। उनके इस हमले का जवाब बिहार विधानसभा चुनाव में मिल चुका है। ये कोई सोची-समझी सियासत नहीं, बल्कि एक संकीर्ण मानसिकता है। अब तक का इतिहास है कि अगर किसी राज्य में विपक्ष की सरकार बन जाती है, तो ईवीएम ठीक है और यदि नहीं बनती, तो ईवीएम खराब है, चुनाव आयोग खराब है आदि के आरोप लगाए जाते हैं। राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं। संसद में उनका ओहदा पीएम जैसा ही है। बेहतर हो कि वे अपनी साख बचाने के लिए जनता की अदालत में जाएं, लेकिन ऐसा नहीं होता। हां यात्रा निकालने में राहुल गांधी जरूरी पारंगत हैं, लेकिन उन यात्राओं से भी क्या हुआ। न कभी जनता की समस्याएं जानने का प्रयास किया, न उनकी समस्याओं को सरकार के पास ले जाने का प्रयास किया। अब नौकरशाहों ने साफ कह दिया है कि राहुल गांधी ने धमकी भी दी है कि ईसी में ऊपर से नीचे तक जो भी इसमें शामिल हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनके मुताबिक ईसी देशद्रोह कर रहा है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त रिटायर हो जाएं, तो भी वे उनका पीछा नहीं छोड़ेंगे।

## परिवार समाज की नींव



कुछ दानाजीवी मीडिया हाउस हमारे महाकाव्यों की सांकेतिक कथाओं को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर रहे हैं, साथ ही उनके मानने वालों की धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहे हैं, परिवारवाद पर लगातार चलाया जा रहा यह एजेंडा दरअसल भारतीय महागाथाओं के मूल तत्व परिवार, एकजुटता और त्याग का अपमान है, भाजपा और उसके समर्थक परिवार को नकारात्मक रूप में पेश करके समाज की एकता को कमजोर करना चाहते हैं, जो लोग सत्ता-भक्ति में लीन हैं, वे परिवार शब्द का मजाक उड़ाकर प्रत्यक्ष रूप से हमारे महाकाव्यों के प्रतीकात्मक अर्थों को बदनाम कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि परिवार समाज की नींव है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# राजनीतिक रूप से विखंडित व नाजुक इराक में पीएम पद के लिए पैरवी शुरू



**एम हसन**

तीन प्रमुख संप्रदायों-शिया, सुन्नी और कुर्द -के 18 प्रांतों में अपना प्रभुत्व होने के कारण, कोई भी एक पार्टी अकेले सरकार नहीं बना सकती। मतदान का पैटर्न भी पूरी तरह से सांप्रदायिक है क्योंकि प्रत्येक संप्रदाय अपने ही गुट के उम्मीदवारों का समर्थन करता है। इस साल की शुरुआत में अपनी इराक यात्रा के दौरान, मैंने देखा कि इराकी समाज सांप्रदायिक आधार पर बुरी तरह विभाजित है, जो सद्दाम हुसैन के सत्ता से हटने का नतीजा लग रहा था।

इराक में मुख्य शिया गठबंधन के बहुमत वाले गुट के रूप में उभरने के बावजूद, वर्तमान प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी और उनके कट्टर प्रतिद्वंद्वी पूर्व प्रधानमंत्री नूरी अल-मलिकी के बीच नेतृत्व के लिए आंतरिक लड़ाई शुरू हो गई है। शिया नेतृत्व वाले समन्वय ढांचे (सीएफ) गठबंधन ने घोषणा की है कि उसने बहुमत वाला गुट बना लिया है, जो अंततः अगले प्रधानमंत्री का नामांकन करेगा। अल-सुदानी के अपने समूह-पुनर्निर्माण और विकास गठबंधन-ने 329 सदस्ईय संसद में 46 सीटें हासिल की हैं, जबकि मलकी की पार्टी-द स्टेट ऑफ लॉ-29 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही है। हालांकि उन्होंने 2021 में खोई हुई सत्ता वापस पाने के लिए सुन्नी-प्रभुत्व वाले गुट से समर्थन मांगा है। प्रधानमंत्री के रूप में दूसरा कार्यकाल चाह रहे सुदानी के इस कदम ने शिया गुटों के समन्वय ढांचे के गठबंधन को संसद में 175 सीटों का स्पष्ट बहुमत दिया है, लेकिन बेहद जटिल और अत्यधिक खंडित इराकी राजनीतिक व्यवस्था में, जिसमें शिया-सुन्नी और कुर्द ताकतें परस्पर विरोधी उद्देश्यों से काम कर रही हैं, केवल पर्याप्त सीटें प्राप्त करना देश में शीर्ष पद पाने की गारंटी नहीं है। चूंकि अमेरिका और ईरान इराकी राजनीतिक व्यवस्था में गहराई से शामिल हैं, वे नेतृत्व के चुनाव को सीधे प्रभावित करते हैं। 2022 से अपने पहले कार्यकाल के दौरान अल सुदानी ने इन ताकतों को खुश रखने के लिए एक उच्च संतुलनकारी खेल खेला है, हालांकि ईरान के प्रति उनका झुकाव अमेरिका को पसंद नहीं आया है। इराक में सक्रिय ईरान समर्थित मिलिशिया बलों की भी सरकार गठन में भूमिका है। 2003 में सद्दाम हुसैन के शासन के पतन के बाद, विरोधी राजनीतिक ताकतों ने देश में सत्ता के बंटवारे की एक अनौपचारिक व्यवस्था की थी। इस प्रकार, इराक में परंपरा के अनुसार (कोई संवैधानिक अनिवार्यता नहीं) एक शिया मुसलमान प्रधानमंत्री का पद धारण करता है, एक सुन्नी संसद का अध्यक्ष होता है और मोटे तौर पर औपचारिक राष्ट्रपति पद एक कुर्द को मिलता है। गौरतलब है कि शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र इस दौड़ से बाहर हैं क्योंकि उनकी पार्टी ने 11 नवंबर को हुए संसदीय चुनावों का बहिष्कार किया था। उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा, लेकिन बताया जाता है कि उनके समर्थकों ने बगदाद, कर्बला और नजफ में उनके प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में शिया समूहों को वोट दिया था। अल-सद्र अस्वीकृतिवादी खेमे के सबसे प्रमुख प्रवक्ता हैं। उन्होंने चुनावों का बहिष्कार करने के अपने फैसले की जोरदार घोषणा की थी और राजनीतिक प्रतिष्ठान को भ्रष्ट और असुधार्य बताया था। वह शिया-सुन्नी और कुर्द के बीच सत्ता के बंटवारे के फार्मूले का समर्थन नहीं करते हैं। वह संसद में सबसे बड़ी पार्टी को सारी शक्तियां दिए जाने के पक्ष में हैं। उत्तरी शहर दुहोक में पार्टी सम्मेलन को संबोधित करते हुए, सुदानी ने कहा कि उनका गठबंधन पुनर्निर्माण और विकास गठबंधन, समन्वय ढांचे का हिस्सा है, जिसने सबसे बड़ा गुट बनाने का फैसला किया है। उन्होंने आगे कहा कि दूसरा कार्यकाल चाहना व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं, बल्कि इस मिशन को अंजाम तक पहुंचाने की अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने के बारे में है। अपने पहले कार्यकाल के दौरान, सुदानी ने इराक में पुनर्निर्माण और स्थिरता का संकल्प लेते हुए नीतियों का पालन किया था। उन्होंने आगे कहा कि नए प्रधानमंत्री, स्पीकर और राष्ट्रपति के नाम पर प्रमुख दलों के बीच बातचीत शुरू होगी। इराक में शिया, सुन्नी और कुर्द दलों के बीच चुनाव के बाद की बातचीत आमतौर पर महीनों तक चलती है और संवैधानिक समय-सीमाएं अक्सर चूक जाती हैं, लेकिन चूंकि इराक ने दशकों के युद्ध के बाद हाल ही में कुछ स्थिरता हासिल की है, इसलिए प्रमुख दलों को उम्मीद है कि जनवरी में नई संसद के गठन से पहले वे एक पूर्ण पैकेज समझौते - प्रधानमंत्री, स्पीकर और राष्ट्रपति - पर पहुंच जाएंगे। पिछली बार तीन समूहों- शिया-सुन्नी और कुर्द-के बीच बातचीत एक साल तक चली थी और आखिरकार अल सुदानी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किया गया था।

अल सुदानी की पार्टी अब 46 सीटों के साथ पहले स्थान पर आ गई है, उसके बाद पूर्व संसद अध्यक्ष मोहम्मद अल-हलबौसी के नेतृत्व वाली सुन्नी प्रोग्रेस पार्टी है, जिसने 36 सीटें जीती हैं। नूरी अल-मलिकी के नेतृत्व वाले स्टेट ऑफ लॉ गठबंधन ने 29 सीटें हासिल की हैं। इराक के मुख्य रूप से सुन्नी पश्चिम और उत्तर से समर्थन प्राप्त करने वाली तकदुम पार्टी ने 27 सीटें जीती हैं और कुर्दिस्तान डेमोक्रेटिक पार्टी (केडीपी) ने 26 सीटें हासिल की हैं। सभी राज्यों में कई छोटे समूह भी हैं। 329 सीटों में से 83 सीटें महिलाओं के लिए, पांच ईसाइयों के लिए और तीन अन्य अल्पसंख्यक जातीय समूहों के लिए आरक्षित हैं। शिया नेतृत्व वाले समन्वय ढांचे ने कहा कि उसने औपचारिक रूप से खुद को सबसे बड़े संसदीय ब्लॉक के रूप में नामित किया है, जिसमें उसके सभी शिया घटक दल एक साथ हैं तीन प्रमुख संप्रदायों - शिया, सुन्नी और कुर्द - का 18 प्रांतों में अपना प्रभुत्व होने के कारण, कोई भी एक पार्टी अकेले सरकार नहीं बना सकती। मतदान का स्वरूप भी पूरी तरह से सांप्रदायिक है क्योंकि प्रत्एक संप्रदाय अपने ही गुट के उम्मीदवारों का समर्थन करता है। इस वर्ष की शुरुआत में अपनी इराक यात्रा के दौरान, मैंने देखा कि इराकी समाज सांप्रदायिक आधार पर बुरी तरह विभाजित है, जो सद्दाम हुसैन के सत्ता से हटने का परिणाम प्रतीत होता है। सुदानी दूसरे कार्यकाल की मांग कर रहे थे, लेकिन कई निराश युवा मतदाताओं ने चुनाव को केवल स्थापित दलों द्वारा इराक की तेल संपदा को विभाजित करने के साधन के रूप में देखा। मौजूदा असंतोषजनक स्थिति को लेकर मतदाताओं की उदासीनता, विशेष रूप से शिया वर्ग में, मौलवियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए फतवा जारी करने के लिए तैनात किया गया था। बहुसंख्यक शिया समुदाय पड़ोसी सीरिया, लेबनान, ईरान में राजनीतिक घटनाक्रम और गाजा में नरसंहार से भी भयभीत था। ऐसी आशंका थी कि शिया समुदाय इराक में सत्ता खो देगा। सीएफ के भीतर, इस चुनाव में कई असहमतियां हैं। सीरिया के प्रति सरकार की नीति, ईरान के प्रति निष्ठा, ईरान-गठबंधन वाले लोकप्रिय मोबिलाइजेशन फोर्सेज (पीएमएफ) के बारे में एक निरस्त कानून सीएफ के अंतर्गत तीन समूह पीएमएफ के भी सदस्य हैं अमेरिका द्वारा नामित असैब अहल अल-हक (ए.ए.एच) और कताइब हिजबुल्लाह (के.एच.), साथ ही बद्र कोर, लेकिन सबसे बड़ी दरार नूरी अल-मलिकी और अल-सुदानी के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता है। दोनों में से किसी ने भी चुनाव के बाद सरकार बनाने की अपनी महत्वाकांक्षा को छुपाया नहीं है। हालांकि चुनाव अभियान विभिन्न शिया गुटों के बीच प्रतिस्पर्धा पर केंद्रित थे, अल-सुदानी और अल-मलिकी दो प्रतिद्वंद्वी ध्रुवों का प्रतिनिधित्व करते थे। लेकिन अब जीत ने अल-सुदानी की स्थिति को और मजबूत कर दिया है, लेकिन अल-मलिकी और उनके कानून के राज्य गठबंधन ने अल-सुदानी के प्रधानमंत्री कार्यकाल को कमजोर करने के लिए कई मुद्दों पर जोर दिया है। उन्होंने चुनावों के जरिए बाथिस्टों की सत्ता में गुप्त वापसी पर चिंता जताई है और सैकड़ों उम्मीदवारों को, सही या गलत, डी बाथिफिकेशन कानूनों के तहत अयोग्य घोषित किया गया है। अल-सुदानी के विरोधियों ने चुनाव प्रचार में सरकारी संसाधनों के इस्तेमाल की निंदा की है और अप्रत्यक्ष रूप से उन पर चुनाव प्रचार के लिए अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। उनके आलोचकों ने मौजूदा सरकार के तीन साल बाद सेवाओं की खराब स्थिति, सीरिया में नई सुन्नी सरकार के साथ अल-सुदानी के संबंधों और प्रधानमंत्री और अन्य अरब देशों के बीच मधुर संबंधों की भी आलोचना की है, जिन्हें सीएफ के प्रभावशाली सदस्य इराक में शिया वर्चस्व के लिए शत्रुतापूर्ण मानते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या अब पूरे देश में शुरू होगी चुनाव पूर्व रेवड़ी वितरण नीति

**विपक्षी दलों के लिए ही प्रधानमंत्री की ए नसीहत थी और इन सबसे बड़ा सवाल अब भविष्य के चुनावों के लिए खड़ा हो गया है कि क्या अब भविष्य के चुनाव का आधार भी चुनाव पूर्व नकद वितरण ही हुआ करेगा ? क्या बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ, कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार जैसे अनेक जनहितकारी मुद्दे अब चुनावी मुद्दे नहीं हुआ करेंगे ? नैतिक रूप से तो कर्ज मुआफी मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त बस यात्रा जैसी सुविधाएं देना भी मुनासिब नहीं परन्तु आश्चर्य तो यह है कि पीएम को योजनाएं रेवड़ी नजर आ रही थीं तो बिहार में चुनाव के दौरान ही बिना किसी योजना के नकद पैसे बांटकर सीधे तौर पर वोट खरीदना कहां की नैतिकता है ?**



**निर्मल रानी**

बिहार चुनाव परिणाम आ चुके हैं। परिणामों को लेकर तरह तरह से समीक्षाएं की जा रही हैं। विपक्ष तो इस चुनाव को जनादेश के बजाए ज्ञानादेश कहकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता व विश्वसनीयता पर ही सीधा सवाल खड़ा कर रहा है। कुछ समीक्षकों की नजरों में धर्म निरपेक्ष मतों के विभाजन के कारण ऐसे परिणाम आए तो कुछ का आंकलन है कि महिला मतों ने चुनाव में निर्णायक भूमिका अदा की। मगर सच तो यह है कि जिसतरह के चुनाव परिणाम आए हैं उसका अंदाजा स्वयं भारतीय जनता पार्टी को भी नहीं था क्योंकि गृह मंत्री अमितशाह ने भी अब की बार 160 की विजय सीमा निर्धारित की थी, जबकि 202 सीटों पर राजग ने फतेह हासिल की। महिलाओं द्वारा राजग के पक्ष में किए गए बंपर मतदान को लेकर यही कहा जा रहा है कि जिस समय चुनाव की घोषणा के दिन आचार संहिता का सरेआम उल्लंघन करते हुए बिहार में लगभग 1 करोड़ 51 लाख महिलाओं के खाते में 10000 रुपये डाले गए थे उसी समय से यह अंदाजा लगाया जाने लगा था कि चुनाव का रुख नितीश सरकार के पक्ष में जा सकता है। कहा यह भी जा रहा है कि विश्व बैंक से किसी अन्य परियोजना के लिए प्राप्त धनराशि को केंद्र सरकार ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए डायवर्ट किया और उन्हीं पैसों को राज्य की महिला मतदाताओं में बांट दिया गया। यही पैसे लगभग डेढ़ करोड़ महिला मतदाताओं के खाते में 10,000 रुपए प्रति खाते की दर से हस्तानांतरित कर दिए गए। गोया लगभग 40 हजार करोड़ रुपयों की भारी अनुमानित रकम रेवड़ियों की तरह बांट दी गई। चुनाव पूर्व श्रेवड़ी आवंटनश का यही फार्मूला जिसे सीधे शब्दों में पैसे देकर वोट खरीदना भी कहा जा सकता है, पूर्व में मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली में विभिन्न योजनाओं के नाम पर और अब बिहार में नकद वितरण के रूप में सफलता पूर्वक आजमाया जा चुका है। चुनाव घोषित होने के बावजूद आचार संहिता का सरेआम उल्लंघन करते हुए सरकारी खजाने से लोगों के खातों में बड़ी राशि डालने का सीधा अर्थ है वोट खरीदना और चिंताजनक यह है कि यह अनैतिक व गैर कानूनी काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा व उनके सहयोगी दलों द्वारा खुले तौर पर किया गया। सवाल यह है की पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रेवड़ी बांटने के इस चलन को लेकर दिए गए प्रवचन क्या केवल विपक्ष के लिए ही थे स्वयं उनकी भाजपा या राजग दलों के लिए नहीं? याद कीजिए जब जुलाई 2022 को लखनऊ में एक कार्यक्रम में मोदी जी फरमाते हैं कि ये रेवड़ी बांटने की संस्कृति देश के लिए बहुत खतरनाक है। जो रेवड़ी बांट रहे हैं, वो आपके बच्चों का हक मार रहे हैं। यह रेवड़ी संस्कृति देश के विकास को खा जाएगी। फ्री की रेवड़ी बांटकर वोट लेने की होड़ देश को दीवालिया बना देगी। यह आने वाली पीढ़ियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। प्रधानमंत्री तो मुफ्त के रेवड़ी कल्चर से इतना आहत थे कि 15 अगस्त 2022 को लाल किले से अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में भी उन्हें इसका जिक्र करते हुए कहना पड़ा था कि हमें रेवड़ी कल्चर से बचना होगा जो देश को तबाह कर देगा। उस समय उन्होंने राज्य सरकारों विशेषकर विपक्ष शासित राज्यों पर निशाना साधते हुए कहा था कि मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी,मुफ्त बस यात्रा आदि जैसी योजनाएं चुनावी लाभ के लिए लाई जा रही हैं, जो राज्यों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर रही हैं। उनकी यह टिप्पणी खासतौर पर उस समय की दिल्ली, पंजाब, पश्चिम बंगाल आदि की गैर बीजेपी सरकारों की मुफ्त योजनाओं के संदर्भ में की गई थी, परन्तु उपरोक्त योजनाएं जिसे प्रधानमंत्री रेवड़ी बता रहे थे इसमें बिजली पानी बस यात्रा जैसी सुविधाएं तो थीं परन्तु बिहार की तरह 10 हजार रुपये बिना किसी योजना के बैंक खतों में डालना, जिसे सीधे तौर पर पैसे देकर वोट खरीदने के सिवा और क्या कहा जा सकता है ऐसी कोई योजना नहीं थी? फिर मोदी जी का रेवड़ी संस्कृति को लेकर लाल किले तक से रुन्दन करना आखिर बिहार में कहां चला गया?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सोरम में हुई सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत का सामाजिक महत्व






**यशपाल बालियान**

जिले में सर्वखाप महापंचायत मुख्यालय के गांव सोरम में बीते 16 नवम्बर से शुरु हुई 3 दिवसीय सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत का आयोजन हुआ। सोरम में हुई इस महापंचायत में दर्जनों खाप चौधरियों और थाम्बेदारों के साथ कई राज्यों के लोगों ने शिरकत की। कई खापों के चौधरी की इसमें शिरकत को लेकर शिकायत भी रही कि इस सर्वखाप महापंचायत का आयोजन विधिसम्मत तरीके से खाप चौधरियों के साथ चर्चा करके नहीं किया गया और कहा गया कि भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत के आह्वान पर महापंचायत में सर्वखाप पंचायत के प्लेटफॉर्म का उपयोग कर निहित स्वार्थों की पूर्ति हेतु जन समुदाय की उपस्थिति दिखाना ही इस महापंचायत का निहित एजेंडा है। फलस्वरूप कई खाप चौधरियों ने इसमें शिरकत नही की। फिर भी सोरम गांव के ऐतिहासिक महत्व के दृष्टिगत वेस्टर्न यूपी के जिलों के लोगों का यहां की धरती के प्रति आस्था के चलते बड़ी संख्या में आना हुआ। अन्य राज्यों के बाशिंदों की हाजिरी भी सोरम की धरती पर इस पंचायत में बड़ी संख्या में दिखी। सोरम गांव की धरती प्राचीन काल से ही संत महात्माओं की भूमि मानी गई है और इस गांव में सर्वसमाज की चिंता करने वाले कई बुद्धिमान व बलवान महापुरुष पैदा हुए हैं। यहां की पंचायत ने मुगल काल के समय से ही बड़े-बड़े निर्णय लेकर हर कालखंड में समाज की चिंता की व मुश्किलों को दूर किया। इसलिए यहां की भूमि को सिद्ध देवभूमि माना जाता है। इस महापंचायत में पधारे स्थानीय और अन्य राज्यों से आए लोगों का समस्त बालियान खाप व सोरम गांव ने दिल खोलकर स्वागत किया और आगंतुकों एवं अतिथियों को इस 3 दिवसीय आयोजन में रहने, खाने इत्यादि संबंधी कोई भी समस्या नहीं होने दी। यही इस सोरम गांव व बालियान खाप का ऐतिहासिक पंचायती स्वरूप है जिसकी तह में मेहमानों की आव भगत अतिथि देवो भव की सोच के साथ सर्वोपरि रहती है। उम्मीद है कि सोरम की पवित्र धरती पर पधारे सब आमजन व अतिथि एक सुखद अनुभव यहां से लेकर गए होंगे। इस सर्वखाप की महापंचायत से ए तो साबित हो गया कि सर्व खाप पंचायत व सोरम के नाम पर यदि लोगों को एकत्र करने का आह्वान किया जाता है तो उसमें लोग सर्व समाज का भला होने का सपना लेकर अवश्य पहुंचते हैं हालांकि इस बार की पंचायत में लोगों में यह जरुर चर्चा रही कि जो रोल व वर्चस्व महापंचायत के आयोजन में बालियान खाप के चौधरी नरेश टिकैत व सर्व खाप मंत्री सुभाष बालियान का दिखाना चाहिए था वह वैसा दिखाई नहीं दिया अपितु भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने ही सब मोर्चा संभाला हुआ था लेकिन यह सब बातें बातें रह जाती हैं क्योंकि राकेश टिकैत भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं जो बालियान खाप के चौधरी नरेश टिकैत के छोटे भाई हैं और नरेश टिकैत भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष भी हैं तो ऐसे में बालियान खाप के लोगों के साथ संपूर्ण परिवार का सक्रिय रहना अच्छी बात है। इस महापंचायत के आयोजन और समापन के बीच में कुछ ऐसे विषय रहे जो समाज की .ष्टि से महत्वपूर्ण हैं और उनमें चर्चा व परिचर्चा अवश्य होती रहेगी लेकिन महत्वपूर्ण यहां यह है कि सर्व समाज और गांवों को एकजुट रख उत्थान कार्य रुकने नहीं चाहिए। उत्थान व विकास कार्यों की प्रक्रिया अनुकरणीय बनी रहनी चाहिए। सोरम गांव की इस पवित्र धरती से भाईचारे, एकजुटता व सर्व समाज को सुदृढ़ और सुंदर बनाने हेतु स्वस्थ परंपराओं के साथ सामाजिक निर्णय समय समय पर लिए जाते रहने चाहिएं जिससे सामाजिक बुराइयां पनपने न पाएं और समय के साथ स्वस्थ परिवर्तनों को समाज अंगीकार कर प्रगति के साथ आगे बढ़कर देश के सामाजिक व आर्थिक विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करता रहे। अब सर्वखाप महापंचायत का समापन हो गया है और सभी खाप चौधरी, थांबेदार, जिम्मेदार व्यक्ति व अतिथि अपनी अपनी खापों में अपने अपने निवास स्थान पर लौट गए हैं अब सभी का नैतिक दायित्व महापंचायत में सर्व सम्मति से लिए गए निर्णयों को धरातल पर लागू करने के लिए पहल करने का रहेगा। कुछ निर्णय ऐसे भी हैं जिसमें सरकार व न्यायालय के सहयोग और स्वीकृति की भी आवश्यकता होगी उन पर विधिवत तरीकों से आगे बढ़ा जा सकता है लेकिन जो निर्णय सीधे समाज के हाथ में हैं उसमें जागरूकता पैदा कर उनका क्रियान्वयन किया जाना सर्व जाति एवं सर्व समाज को एकजुट, स्वस्थ व प्रगतिशील बनाए रखने के लिए जरुरी है। जहां तक गांव सोरम की बात है यहां बहुत सी बातों को गांव का सर्व समाज पहले से ही अंगीकार किए हुए हैं। जिसकी बानगी यहां के क्रिया कलापों में स्पष्ट झलकती है। सर्वखाप मंत्री सुभाष बालियान इसी गांव सोरम के निवासी हैं तो यह उन पर अतिरिक्त जिम्मेदारी होगी कि उनका यह गांव खाप व्यवस्था के हिसाब से सामाजिक मूल्यों का हमेशा केंद्र बना रहे और गांव सोरम में निरंतर आयोजित होने वाली गांव की आम व खास पंचायत में लिए गए निर्णय न केवल जिले बल्कि पास के जिलों में भी सामाजिक मूल्यों को बढ़ाने का कार्य करते रहें। सर्वखाप मंत्री व बालियान खाप चौधरी की जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है उन्हें अपनी खाप में इन निर्णयों को लागू कराकर अन्य खापों को प्रोत्साहित करने वाला संदेश देना होगा। सोरम गांव हमेशा से सामाजिक मूल्यों में विश्वास रखकर उनको बढ़ावा देता रहा है और हमेशा यहां कुछ अच्छे कार्यों की शुरुआत कर सर्व समाज को बड़ा मैसेज देने का प्रयास रहता है। जिससे अच्छी बातों का अनुसरण होकर समाज सहिष्णु और प्रगतिशील बना रहे। हम सब ग्रामीण महापंचायत के समापन के बाद इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि हमें पंचायत में लिए गए निर्णयों को गांव के सर्व समाज के लोगों को जागरुक कर धरातल पर उतारकर गांव के प्रति क्षेत्र के लोगों की आस्था व विश्वास के चलते अच्छा कार्य होने के बारे में सुनने की अपेक्षा को पूरा करना है। मुझे उम्मीद है कि हमारा गांव महापंचायत के बाद एक अच्छी सामाजिक व्यवस्था, समझ व जिम्मेदारी को निरुपित करता दिखाई देगा और उसका असर न केवल जिले तक सीमित रहेगा बल्कि वेस्टर्न यूपी के साथ उत्तर भारत के अन्य क्षेत्रों तक भी अनुकरण होता दिखाई देगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीन ने राफेल की बिक्री रोकने को कैंपेन चलाया

## अमेरिकी रिपोर्ट में दावाः भारत-पाक संघर्ष के दौरान एआई से बनी फर्जी तस्वीरें कराईं वायरल

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन ने राफेल की बिक्री रोकने के लिए फर्जी कैंपेन चलाया था। मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के तुरंत बाद चीन ने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए राफेल गिराने का दावा किया।

यूएस-चाइना इकोनामिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन (यूएससीसी) ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा है कि चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष का फायदा उठाया और अपने हथियारों की खूबियां दिखाने की कोशिश की। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने फ्रांस के राफेल फाइटर जेट की बिक्री रोकने और अपने जे-35 लड़ाकू विमानों के प्रचार के लिए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स चलाए। इन अकाउंट्स से एआई से बनाई गई नकली तस्वीरें फैलाई गईं, जिनमें दावा किया गया कि भारतीय राफेल को चीन के हथियारों ने गिराया है और यह उसके मलबे की तस्वीरें हैं। रिपोर्ट में कई रिस्क बताए गए हैं, जो अमेरिका के लिए आर्थिक, तकनीकी और



चीन इनका दुरुपयोग कर साइबर खतरे पैदा कर सकता है

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से अहम हैं। रिपोर्ट बताती है कि चीन एडवांस टैक्नोलाजीज (जैसे एआई, क्वांटम कम्प्यूटिंग, रोबोटिक्स) में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसमें बताया गया है कि चीन जरूरी कच्चे माल, टेक्नोलाजी पर कंट्रोल रखता है। ऐसे में वह सप्लाई चेन को हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर सकता है। रिपोर्ट में चीन के रूस, ईरान और उत्तर कोरिया जैसे देशों के साथ पार्टनरशिप को लेकर भी चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन कई देशों के साथ आर्थिक-सैन्य रणनीतिक रिश्ते मजबूत कर रहा है, जिससे उसकी वैश्विक पहुंच और शक्ति बढ़ रही है। रिपोर्ट में चीन-निर्मित ऊर्जा स्टोरेज सिस्टम (जैसे बैटरियां) पर चिंता जताई गई है, खासकर वे सिस्टम जिसमें रिमोट मानिटरिंग की सुविधा है। चीन इनका दुरुपयोग कर साइबर खतरे पैदा कर सकता है। यूएससीसी एक बायपार्टिजन आयोग है, यानी इसे रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स दोनों पार्टियों ने मिलकर बनाया है, ताकि संतुलित तरीके से चीन-अमेरिका के आर्थिक और सुरक्षा संबंधों की निगरानी की जा सके। इस बार की रिपोर्ट में चीन की नीतियों, उसकी आर्थिक क्षमता, सैन्य चुनौती, टेक्नोलाजी प्रतिस्पर्धा और सप्लाई चेन समेत कई महत्वपूर्ण जोखिमों पर चर्चा की गई है। रिपोर्ट का मकसद कांग्रेस और अमेरिकी नीति निर्माताओं को सिफारिशें देना है कि वे चीन के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे करें।

# अमेरिका-रूस यूक्रेन समझौते पर बना रहे हैं 'नई योजना'

**मास्को।** अमेरिका और रूस यूक्रेन संघर्ष का समाधान करने के उद्देश्य से गुपचुप तरीके से एक 'नई योजना' पर काम कर रहे हैं। यह जानकारी एक्सियोस ने रूसी और अमेरिकी सूत्रों के हवाले से बुधवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित 28 सूत्री अमेरिकी योजना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सफल गाजा समझौते के प्रयासों से प्रेरित है और इसे चार मुख्य विषयों के इर्द-गिर्द रखा गया है जिसमें यूक्रेन में शांति, सुरक्षा गारंटी, यूरोपीय सुरक्षा और रूस-यूक्रेन के साथ भविष्य के अमेरिकी संबंध शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि एक वरिष्ठ रूसी अधिकारी ने इस योजना को लेकर आशा व्यक्त की है जबकि यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों की प्रतिक्रिया अभी प्राप्त नहीं है।



बीकानेर। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बारे में लोगों से बातचीत करते बूथ लेवल अधिकारी।

# एरिक ट्रम्प ने ममदानी को भारत और यहूदी-विरोधी पूर्वाग्रह वाला बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेटे और ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष एरिक ट्रम्प ने न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी की आलोचना करते हुए दावा किया है कि ममदानी कम्युनिस्ट हैं और वह भारत-विरोधी और यहूदी-विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देते हैं। एरिक ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज पर एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि दुनिया में कोई भी जगह न्यूयॉर्क शहर का मुकाबला नहीं कर सकती, और फिर भी आपके पास एक समाजवादी, कम्युनिस्ट, चाहे आप इसे जो भी नाम देना चाहें, मौजूद है जो नेतन्याहू को गिरफ्तार करना चाहता है, यहूदियों से नफरत करता है, भारतीय आबादी से नफरत करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### चीनी सरकार के लिए जासूसी करने का आरोप

**ताइपे।** ताइवान के अभियोजकों ने देश के पूर्व एवं वर्तमान सैन्यकर्मियों सहित सात लोगों पर चीनी सरकार के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया है। यह जानकारी ताइपे टाइम्स अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दी। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि हांगकांग का एक व्यक्ति बार-बार व्यापार और पर्यटक वीजा पर ताइवान का दौरा करता था और उसने दो सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों की भर्ती की, जिन्होंने बाद में अपने पूर्व साथियों को द्वीप के सशस्त्र बलों के बारे में गोपनीय जानकारी इकट्ठा करने के लिए भर्ती किया।

### जापान में भीषण आग, 175 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

**टोक्यो।** जापान के क्यूशू द्वीप पर स्थित ओइता शहर में भीषण आग लगने से आवासीय भवनों सहित 170 संरचनाएं नष्ट हो गई जिसके बाद 175 लोगों को वहां से सुरक्षित निकाल लिया गया। एनएचके प्रसारक ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग मंगलवार शाम को लगी और तेज हवाओं के कारण शहर में फैल गई। एनएचके के अनुसार आज सुबह तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका और यह आग पास के पहाड़ी जंगल में भी फैल गई है।

### रूसी वायु रक्षा बल ने 65 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा बल ने मंगलवार रात चार रूसी क्षेत्रों और काला और आजोव सागर में 65 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पिछली रात, वायु रक्षा प्रणालियों ने 65 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (ड्रोन) को रोक कर उन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया कि काला सागर के ऊपर 16 ड्रोन, वोरोनिश क्षेत्र और क्रास्नोडार क्षेत्र के ऊपर 14-14 ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र के ऊपर 11 ड्रोन, आजोव सागर के ऊपर नौ ड्रोन और ब्रांस्क क्षेत्र के ऊपर एक ड्रोन नष्ट किया गया।

### जर्मनी, स्वीडन रक्षा सहयोग मजबूत करेंगे

**मास्को।** जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने कहा है कि जर्मनी और स्वीडन ने सुरक्षा एवं रक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह हस्ताक्षर चौबीसवें बर्लिन सुरक्षा सम्मेलन के बाद किया गया है। पिस्टोरियस ने मंगलवार को हस्ताक्षर समारोह में कहा कि यह समझौता नाटो में संयुक्त प्रशिक्षण, आधुनिक प्रौद्योगिकियों की खरीद और परस्पर कार्यक्षमता के लिए आधार तैयार करता है। पिस्टोरियस ने याद किया कि स्वीडन पहले ही नाटो में शामिल हो चुका है।

# भारत को एसयू-फाइटर जेट्स देने को रूस तैयार

## तकनीक के भी बिना शर्त ट्रांसफर करने का दावा, एसयू- फाइटर विमान अमेरिकी एफ-35 जेट्स का तोड़

**मास्को।** रूस, भारत को एसयू-स्टेल्थ फाइटर जेट्स देने के लिए तैयार हो गया है। दुबई एयर शो में रूसी कंपनी रास्टेक के सीईओ सेर्गेई केमेजोव ने कहा कि वे इन फाइटर जेट्स की तकनीक भी बिना शर्त ट्रांसफर करेंगे। रूसी एसयू-जेट्स को अमेरिका के एफ-35 का तोड़ माना जाता है। एसयू- की तरह एफ-35 भी 5वीं जेनरेशन का लड़ाकू विमान है। अमेरिका लंबे समय से भारत को एफ-35 बेचना चाह रहा है। रूस से यह आश्वासन ऐसे समय आया है जब भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में मास्को में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की है। पुतिन अगले महीने भारत आने वाले हैं।

सीईओ सेर्गेई केमेजोव ने कहा कि भारत और रूस कई दशकों से भरोसेमंद डिफेंस साझेदार रहे हैं। जब भारत पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध लगे थे, तब भी रूस ने भारत की सुरक्षा के लिए हथियार सप्लाई करना जारी रखा था। उन्होंने कहा कि आज भी हम वही पालिसी अपना रहे हैं। भारत को उसकी जरूरत के मुताबिक हर तरह का मिलिट्री इक्विपमेंट सप्लाई कर रहे हैं और भविष्य के सहयोग को और मजबूत कर रहे हैं। रूस का कहना है कि एसयू-की तकनीक पर कोई रोक नहीं होगी। इसमें इंजन, रडार, स्टेल्थ तकनीक और आधुनिक हथियारों की जानकारी भी दी जा सकती है। रूस ने यह भी कहा कि अगर भारत चाहे तो एसयू- को भारत में ही बनाया जा सकता है। रूस ने भारत को टू-सीटर एसयू- बनाने की जाइंट प्लानिंग का भी प्रस्ताव दिया है। उनका कहना है कि यह सब भारत में बिना किसी विदेशी प्रतिबंध की चिंता के किया जा सकेगा। कई दशक से रूस भारत का प्रमुख मिलिट्री सप्लायर रहा है। फाइटर जेट्स और सबमरीन से लेकर मिसाइल सिस्टम और हेलिकाप्टर्स तक रूस भारत को मुहैया कराता रहा है। भारत कोएसयू-तकनीक मिलने का मतलब है कि भारत भविष्य में अपनाएसयू- वर्जन बना सकता है। तकनीक ट्रांसफर करना सामान्य बात नहीं है। खासकर लड़ाकू विमान जैसे हाई-एंड डिफेंस सिस्टम में। दरअसल फाइटर जेट टेक्नोलाजी दुनिया की सबसे सीक्रेट और संवेदनशील तकनीक होती है। फाइटर जेट सिर्फ एक मशीन नहीं है बल्कि यह किसी भी देश की सैन्य ताकत, इंजिनियरिंग क्षमता और स्ट्रेटेजिक बढ़त का प्रतीक है। एसयू-57 जैसी 5वीं पीढी की मिसाइल में स्टील्थ डिजाइन, एवियोनिक्स, सेंसर फ्यूजन, इंजन टेक्नोलाजी, इलेक्ट्रानिक वारफेयर सिस्टम जैसी चीजें शामिल होती हैं। यह ऐसी तकनीक होती है जिसे देश आसानी से शेयर नहीं करते, क्योंकि एक बार तकनीक शेयर हो जाने पर उसकी कापी बनना आसान हो जाता है। चीन जो कि रूस का सबसे बड़ा डिफेंस पार्टनर है उसे भीएसयू-की तकनीक नहीं दी गई है। रूस ने चीन को सिर्फ एसयू-35 फाइटर दिया है, वह भी बिना इंजन टेक्नोलाजी ट्रांसफर के। तकनीक ट्रांसफर ना होने से खरीदार देश को कई तरह के नुकसान होते हैं। अगर तकनीक नहीं मिलती है तो खरीदार देश को मेंटेनेंस, रिपेयर, स्पेयर पार्ट्स और अपग्रेड के लिए हमेशा विदेशी देश पर निर्भर रहना पड़ता है।



भारत और रूस कई दशकों से भरोसेमंद डिफेंस साझेदार रहे हैं: सेर्गेई

रूस का कहना है कि एसयू- की तकनीक पर कोई रोक नहीं होगी

### 2030 तक रूस-भारत का द्विपक्षीय व्यापार पहुंचेगा 100 बिलियन डॉलरः जयशंकर

**मास्को।** भारत ने रूस के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। भारत ने रूस के येकातेरिनबर्ग और कजान में दो नए महावाणिज्य दूतावासों का उद्घाटन किया। इस मौके पर विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने कहा कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है जब हम इस देश में दो और महावाणिज्य दूतावास जोड़ रहे हैं। एस जयशंकर ने कहा कि ये महावाणिज्य दूतावास दोनों देशों के बीच सिर्फ संबंध मजबूत नहीं करेंगे, बल्कि इससे आशा है कि भारत के साथ रूस का द्विपक्षीय व्यापार 2030 तक 100 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। गौरतलब है कि फिलहाल भारत और रूस के बीच 68.7 बिलियन डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार होता है। एस जयशंकर ने कार्यक्रम में शामिल लोगों से कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि पिछले कुछ महीनों से इन वाणिज्य दूतावासों की स्थापना के लिए लगातार काम चल रहा था। येकातेरिनबर्ग को अक्सर अपने औद्योगिक महत्व की वजह से रूस की तीसरी राजधानी कहा जाता है और यह साइबेरिया का प्रवेश द्वार है।

# सऊदी अरब के पैसे से बसाया जाएगा गाजा

**वाशिंगटन।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने व्हाइट हाउस में कहा कि उनका देश गाजा को फिर से बसाने के लिए पैसा खर्च करेगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि खर्च करने की रकम कितनी होगी, यह अभी तय नहीं हुआ है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को पत्रकार जमाल खशोगी हत्या मामले में प्रभावी तौर पर क्लीन चिट दे दी है। उन्होंने मंगलवार देर रात व्हाइट हाउस में एमबीएस के साथ मीडिया से बात करते हुए कहा कि क्राउन प्रिंस को इस मामले की कोई जानकारी नहीं थी।

ट्रम्प ने कहा खशोगी बहुत विवादित व्यक्ति थे। इस मुद्दे को उठाकर मेहमान को शर्मिंदा क्यों किया जा रहा है। ऐसी चीजें होती रहती हैं। खशोगी की 2018 में इस्तांबुल में सऊदी एंबेसी के अंदर हत्या कर दी गई थी। अमेरिकी सीक्रेट एजेंसियों की रिपोर्ट में कहा गया था कि प्रिंस सलमान ने ही खशोगी की हत्या को मंजूरी दी थी। व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात के दौरान दोनों देशों के बीच नागरिक परमाणु सहयोग और एफ-35 लड़ाकू विमानों की आपूर्ति को लेकर भी महत्वपूर्ण समझौते हुए। पत्रकार ने ट्रम्प से पूछा कि अमेरिकी खुफिया विभाग दावा करता है कि प्रिंस सलमान ने खशोगी की क्रूर हत्या की साजिश रची थी। ऐसे में आपके परिवार का सऊदी में व्यापार करना क्या सही है? ट्रम्प ने पत्रकार को बीच में टोकते हुए पूछा-आप कहां से आई हैं? पत्रकार ने जवाब दिया-एबीसी न्यूज से हूं। ट्रम्प ने कहा- फेक न्यूज, एबीसी फेक न्यूज। इस बिजनेस में सबसे बुरे संस्थानों में से एक। ट्रम्प ने आगे कहा: मेरा पारिवारिक बिजनेस से कोई लेना-देना नहीं है। मेरा परिवार पूरी दुनिया में बिजनेस करता है। इस बीच, जमाल खशोगी की विधवा ने टीवी पर आकर कहा कि उनके पति के मामले में अभी न्याय अधूरा है और वह उनके शरीर को वापस लाने की मांग करती हैं।



बदले में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने जर्नलिस्ट मर्डर केस में क्राउन प्रिंस को क्लीन चिट दी

# ट्रम्प ने सऊदी अरब के साथ साझेदारी को मजबूत किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच मंगलवार को हुई वार्ता में दोनों देशों ने रक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, व्यापार और निवेश के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

सऊदी अरब ने अमेरिका में अपनी निवेश प्रतिबद्धता को बढ़ाकर लगभग 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर करने की घोषणा की। यह राशि मई 2017 में राष्ट्रपति ट्रम्प की रियाद यात्रा के दौरान घोषित 600 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता से लगभग दोगुनी है। व्हाइट हाउस ने इस समझौते को एक बड़ा कदम बताया है जो अमेरिका-सऊदी रणनीतिक साझेदारी को और बेहतर करेगा और उच्च वेतन वाली अमेरिकी नौकरियों के अवसरों का विस्तार करेगा। इसके अलावा यह महत्वपूर्ण आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करेगा, क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करेगा और अमेरिकी श्रमिकों, उद्योग और सुरक्षा को प्राथमिकता देगा। प्रमुख उपलब्धियों में असैन्य परमाणु सहयोग समझौता, महत्वपूर्ण खनिजों के सहयोग में प्रगति और एक एआई समझौता ज्ञापन शामिल हैं। ये समझौते अमेरिकी लोगों को सीधे लाभ पहुंचाने वाले सौदे हासिल करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। ए समझौते ट्रम्प प्रशासन के 'अमेरिका फर्स्ट' दृष्टिकोण को प्रदर्शित करते हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका को विश्व मंच पर एक अग्रणी के रूप में मजबूत करते हुए हमारे आर्थिक भविष्य को सुरक्षित करते हैं।

# क्राउन प्रिंस ने अमेरिका में 1 ट्रिलियन डॉलर के निवेश का वादा किया

**वाशिंगटन।** सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ द्विपक्षीय वार्ता की और व्यापक आर्थिक एवं सैन्य समझौतों की घोषणा की। साथ ही उन्होंने अमेरिका में सऊदी निवेश को 600 अरब डॉलर से बढ़ाकर लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर करने का संकल्प लिया। व्हाइट हाउस में क्राउन प्रिंस का भव्य स्वागत किया गया। इस यात्रा के दौरान, ट्रम्प ने 2018 में पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या को लेकर क्राउन प्रिंस का बचाव किया और जोर देकर कहा कि सऊदी अरब के वास्तविक शासक को इस हत्या के बारे में 'कुछ भी पता नहीं था'। अमेरिका और सऊदी अरब ने एक असैन्य परमाणु समझौते और एफ-35 विमानों की बिक्री को भी मंजूरी दी।

# लाल किले से कश्मीर तक हमने कराए हमले

## पीओके के राष्ट्रपति और वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक का आतंकी हमलों पर बड़ा कबूलनामा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के राष्ट्रपति और वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक ने भारत के भीतर आतंकी हमलों में पाक-समर्थित संगठनों की भूमिका का खुलकर इकबाल कर बड़ा राजनीतिक भूचाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके से लेकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले तक, भारत को निशाना बनाना पाकिस्तान की ओर से बदले की कार्रवाई थी।

एक वायरल वीडियो में हक ने दावा किया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी मॉडयूल ने 10 नवम्बर को लाल किले के पास हुए कार धमाके को अंजाम दिया, जिसमें 14 लोगों की मौत हुई। इस हमले का मास्टरमाइंड उमर उन नबी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े व्हाइट कॉलर नेटवर्क का हिस्सा बताया गया, जिसे फरीदाबाद में गिरफ्तार किया गया था। हक ने पहलगाम के बैसारन वैली में अप्रैल में हुए हमले का भी जिक्र किया, जिसमें 26 लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बलूचिस्तान में भारत की कथित दखल के बदले में भारतीय शहरों में हमले कर रहा है। लाल किले के पास ब्लास्ट को जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मॉडयूल से जोड़ा गया है, जिसे फरीदाबाद में ऑपरेट किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि उमर उन नबी कई डॉक्टरों के नेटवर्क का हिस्सा था। ये अपने मेडिकल क्रेडेंशियल्स का इस्तेमाल रसायन और विस्फोटक सामग्री जुटाने में कर रहे थे। यह मॉडयूल लंबे समय से भारत में आतंकी गतिविधियों की योजना बना रहा था। हक ने अपने बयान में इस हमले पर तंज कसते हुए कहा कि भारत शायद अभी तक सभी शवों की गिनती भी नहीं कर पाया होगा, जो पाकिस्तान की ओर से हमलों को लेकर खुले तौर पर स्वीकार किया गया सबसे गंभीर बयान माना जा रहा है। अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी। चौधरी अनवरुल हक ने इस हमले को भी पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि अगर बलूचिस्तान को खून बहाओगे, तो हम भारत को लाल किले से लेकर कश्मीर के जंगलों तक चोट पहुंचाएंगे यह बयान पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व की ओर से आतंकी ढांचे को खुले समर्थन और बढ़ावा देने का एक और बड़ा प्रमाण माना जा रहा है।



हक ने पहलगाम में अप्रैल में हुए हमले का भी जिक्र किया

# इमरान खान की बहनों को सड़क पर घसीटा

## जेल में बंद भाई से मिलने नहीं दिया, पुलिस ने बदसलूकी की, जबरदस्ती हिरासत में लिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और जेल में बंद इमरान खान की बहनों के साथ रावलपिंडी पुलिस ने बदसलूकी की। उन्हें सड़क पर घसीटा गया और जबरदस्ती हिरासत में लिया गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब उनकी बहनें इमरान खान से होने वाली साप्ताहिक मुलाकात के लिए अडियाला जेल पहुंची थीं, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने एक्स पोस्ट में कहा कि इमरान खान की बहनें अलीमा खान, नोरीन नियाजी और डा. उज्मा खान जेल के बाहर शांतिपूर्वक बैठी थीं, तभी पुलिस ने उन्हें जबरन उठाकर ले जाने की कोशिश की। पार्टी ने आरोप लगाया कि सिर्फ खान की बहनें ही नहीं, बल्कि खैबर प्रांत की मंत्री मीना खान अफरीदी, सांसद शाहिद खटक और कई महिला कार्यकर्ताओं के साथ भी पुलिस ने मारपीट की। पीटीआई ने कहा कि इमरान खान को उनके परिवार से मिलने का अधिकार अदालत ने दिया है, लेकिन सरकार इन मुलाकातों को जुल्म और दबाव का तरीका बना रही है। पार्टी की तरफ से पोस्ट किए गए एक वीडियो में अलीमा और उज्मा, नोरीन को संभालते दिखती हैं, जो बेहद घबराई हुई नजर आती हैं। अलीमा कहती हैं कि उन्हें सड़क पर घसीटा गया। एक और वीडियो में नोरीन बताती हैं कि महिला पुलिसकर्मियों ने उनके बाल पकड़कर उन्हें जमीन पर गिरा दिया। उन्होंने कहा कि सभी लोग शांतिपूर्वक बैठे थे और उन्हें समझ नहीं आ रहा कि अचानक ऐसा क्यों किया गया। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में इमरान खान की बहनों के साथ इस तरह घटना हुई हो। इससे पहले सितम्बर 2025 में, अडियाला जेल के बाहर मीडिया से बात करते वक्त अलीमा पर अंडे फेंके जाने की घटना हुई थी। इसके अलावा अलीमा, नोरीन और उज्मा को अप्रैल 2025 में जेल पहुंचने की कोशिश के दौरान भी गिरफ्तार किया गया था। अलीमा खान भाई इमरान खान की चैरिटेबल वेलफेयर संस्थाओं से जुड़ी हैं। डा. उज्मा खान क्वालिफाइड सर्जन हैं।



पीटीआई ने कहा: इमरान खान को उनके परिवार से मिलने का अधिकार अदालत ने दिया है

# जी-20 शिखर सम्मेलन में अल्जीरिया के राष्ट्रपति से मिलेंगे मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस सप्ताह के अंत में दक्षिण अफ्रीका में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान अल्जीरियाई राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने से मुलाकात करेंगे। फ्रांसीसी अखबार जर्नल डू डिमांचे ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। अखबार ने मंगलवार को कहा कि हालांकि फ्रांस और अल्जीरिया के बीच तनाव अभी भी बना हुआ है लेकिन मैक्रों इस आगामी सप्ताहांत जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान तेब्बौने से मुलाकात करेंगे। जी-20 शिखर सम्मेलन 22-23 नवम्बर को जोहान्सबर्ग में होगा। फ्रांस और अल्जीरिया के बीच संबंध तब खराब हो गए जब 2024 के अंत में पुरस्कार विजेता अल्जीरियाई लेखक बौआलेम संसल, जिन्होंने 2024 में फ्रांसीसी नागरिकता प्राप्त की थी, को अल्जीरिया में हिरासत में लिया गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108